जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्या: JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर बुधवार, 03 सितम्बर, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 :: वर्ष 22 :: अंक 330
www.hukmnamasamachar.com

## संक्षिप्त खबरें

### अफगानिस्तान में भूकंप से मरने वाली की संख्या बढ़कर 1,124 पहुंची

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,124 हो गई है। इस प्राकृतिक आपदा में 3,251 अन्य घायल हुए हैं। अफगान रेड क्रिसेंट सोसायटी के सूचना एवं प्रकाशन प्रमुख जुमा खान नईल के हवाले से समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने यह जानकारी दी। भूकंप के कारण कुनार प्रांत में 8,000 से ज्यादा घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राहत और बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे हैं। प्राकृतिक आपदा में मरने वालों और घायलों के आंकड़े अभी तक अंतिम रूप से घोषित नहीं किए गए हैं।

### मनोज जरांगे ने खत्म किया मराठा आरक्षण आंदोलन

**मुंबई।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे-पाटिल ने मंगलवार को सरकार से मांगें माने जाने के बाद अपना पांच दिन का अनशन समाप्त कर दिया। उन्होंने जल संसाधन मंत्री व मंत्रिमंडलीय उपसमिति अध्यक्ष राधाकृष्ण विखे-पाटिल के हाथों नींबू पानी पीकर अनशन तोड़ा। जरांगे ने कहा कि यह मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि पूरे राज्य के लिए स्वर्णिम दिन है। उन्होंने समर्थकों से अपील की कि वे आज रात 9 बजे तक शांति से मुंबई छोड़ दें। इसके बाद वे स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल में भर्ती होंगे और फिर अंतरवली साराटी लौटेंगे।

### ट्रंप ने शिकागो में बढ़ती हिंसा पर जताई चिंता

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शिकागो में लगातार बढ़ती गोलीबारी की घटनाओं पर चिंता जताई है। ट्रंप ने कहा कि बीते सप्ताह के अंत में कम से कम 54 लोग गोलीबारी की चपेट में आए, जिनमें से 8 की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पिछले दो सप्ताहांत भी हालात लगभग ऐसे ही रहे और शिकागो को दुनिया का सबसे खतरनाक शहर करार दिया। ट्रंप ने इलिनॉयस के गवर्नर जे.बी. प्रित्जकर पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें मदद की ज़रूरत है, लेकिन वह इसे समझ नहीं पा रहे हैं।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

ट्रंप को लगा बड़ा धक्का, जिद उनको ही पड़ गई भारी
कोर्ट ने टैरिफ पर लताड़ा, दुनिया भर में कर दी खारी
इधर भारत दबा नहीं, रूस चीन से मिल दिखाई आंख
अमेरिका की सल्तनत बड़ी, पर बट्टा लग रहा अब साख

..मुखिया जी

# प्रदेश में बारिश का दौर लगातार जारी

## दौसा में बांध टूटा, जयपुर के कई गांव डूबे, 13 जिलों में बारिश का अलर्ट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर सिस्टम बनने से राजस्थान में अगले चार दिन तक बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने 3 सितंबर को 3 जिलों झालावाड़, प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा में भारी बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं चित्तौड़गढ़, बूंदी, कोटा, बारां, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा और अलवर में येलो अलर्ट रहेगा। जालोर, सिरोही, दौसा,



जोधपुर, सवाई माधोपुर, प्रतापगढ़ सहित कई जिलों में बरसात के कारण हादसे सामने आए। दौसा के लालसोट में कच्चा बांध टूटने से जयपुर के कई गांव डूब गए। लालसोट के नालावास डैम के टूटने से सैकड़ों लोग बांध के पानी में फंस गए। कोटखावदा और चाकसू तहसील 5 से ज्यादा गांव प्रभावित हुए। प्रतापगढ़ में टीचर पुलिया से माही नदी में गिर गया। वहीं सवाई माधोपुर में स्टंट कर रहा युवक बांध में बह गया।

वहीं, आबूरोड (सिरोही) में रविवार को गणपति विसर्जन के बाद बहे एक युवक की बॉडी आज सुबह मिली है। युवक तीन दोस्तों के साथ बनास में नहाने उतरा था। उसके दोस्त बहाव में फंसते ही बाहर आ गए थे। जोधपुर के तिंवरी में मंगलवार सुबह एक मकान ढह गया। इधर, पाली में सोजत-बिलाड़ा स्टेट हाईवे मंडला गांव के पास नदी के पानी में डूब गया। यहां एक ट्रक फंस गया। वहीं, जालोर के आहोर में सोमवार शाम 3 बाइक सवार एक बरसाती नाले में बह गए। इनमें से दो को बचा लिया गया था, जबकि एक की तलाश जारी है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- मानसून ट्रफ वर्तमान में बीकानेर, जयपुर, दतिया, सीधी, पुरी होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।



## पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत

### उत्तराखंड में स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में आज कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है।

*पीएम मोदी ने दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया*

## आर्थिक स्वार्थ से अर्थव्यवस्था में चुनौतियां आईं, भारतीय जीडीपी फिर भी 7.8% बढ़ी-मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा करती है। दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। मोदी ने आगे कहा, एक तरफ जब दुनिया भर की इकोनॉमी में चिंताएं हैं। आर्थिक स्वार्थ से पैदा हुई चुनौतियां हैं। उस माहौल के बावजूद भारत ने इस साल के पहली तिमाही में 7.8% की ग्रोथ रेट हासिल करके दिखाया है। यह वृद्धि मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, कृषि और निर्माण सहित हर सेक्टर दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत अब बैकएंड से निकलकर एक फुल-स्केल सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की राह पर है। हम सभी निवेशकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। वो दिन दूर नहीं, जब दुनिया कहेगी, डिजाइन्ड इन इंडिया, मेड इन इंडिया एंड ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड। डिजाइन इन इंडिया और मेड इन इंडिया, यही भविष्य की पहचान होगी। पीएम ने कहा, सेमीकंडक्टर की दुनिया में कहा जाता है कि ऑयल ब्लैक गोल्ड था, लेकिन चिप्स डिजिटल डायमंड हैं। पिछली सदी में दुनिया का भविष्य तेल के कुएं से तय होता था, लेकिन 21वीं सदी की शक्ति एक छोटी सी चिप में सिमट गई है।

यह चिप भले ही छोटी है, लेकिन इसमें दुनिया के विकास को गति देने की ताकत है।

## कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी, ये हर मां का अपमान - मोदी

**नई दिल्ली।** बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मां को गाली दी गई थी। 7वें दिन पीएम मोदी ने सामने आकर गाली देने का जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा- बिहार में कुछ दिन पहले जो कुछ हुआ उसकी मैंने कल्पना नहीं की थी। बिहार में कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, ये देश की मां-बहन, बेटी का अपमान है। पीएम ने कहा- इस घटना की जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों के दिल में भी है। मैं आपसे अपना दुख साझा कर रहा हूं, ताकि मैं इस पीड़ा को झेल पाऊं। प्रधानमंत्री ने दिल्ली से बिहार की जनता को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। वे बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड की शुरुआत के कार्यक्रम में जुड़े थे।

- अंत्योदय की संकल्पना को साकार करेगा शहर चलो अभियान
- गरीब, जरूरतमंद को मिलेगी अधिक से अधिक राहत

## शहरों में बुनियादी सुविधाओं का होगा सुदृढ़ीकरण, सेवाओं को मिलेगी नई गति-मुख्यमंत्री



**15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, 4 से 13 सितम्बर तक आयोजित होंगे प्री-कैम्प**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय अंत्योदय की संकल्पना को सिद्धि की ओर ले जाते हुए अंतिम छोर के व्यक्ति को अधिक से अधिक राहत पहुंचाना है। 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाला शहर चलो अभियान इस उद्देश्य की प्राप्ति में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए प्रभावी कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य करने के लिए निर्देशित किया, ताकि शहरी निकायों में बुनियादी नागरिक सुविधाएं सुदृढ़ हों और सेवाओं को नई गति मिले।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अभियान से पूर्व 4 से 13 सितम्बर तक प्री-कैम्प आयोजित किए जाएं। इस दौरान अधिकारी शहरी निकायों के वार्डों में पहुंचें और पार्षदों से चर्चा कर समस्याओं का चिन्हीकरण करें। इससे आमजन को मुख्य कैम्प के दौरान सुगम और त्वरित राहत मिल सकेगी।

**जन उपयोगी कार्यों के त्वरित निस्तारण से आमजन को मिलेगी राहत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी निकायों में सफाई व्यवस्था सुधार, नई स्ट्रीट लाइट्स लगाने, आवारा पशुओं को पकड़ने, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, सार्वजनिक स्थानों का रखरखाव और सौंदर्यकरण, सड़क मरम्मत जैसे जनोपयोगी कार्य इस अभियान में किए जाएंगे। उन्होंने पीएम स्वनिधि ऋण वितरण, पीएम सूर्यघर 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना के आवेदन प्राप्त करने के साथ ही सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी एवं विद्यालय आदि के मरम्मत के कार्य विशेष रूप से संपादित करने के लिए भी निर्देशित किया।

**ग्रामीण क्षेत्रों के सुनियोजित विकास के लिए करें विशेष कार्य** शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सुनियोजित विकास को गति देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश के सुदृढ़ बुनियादी ढांचे को गति मिल सके। उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों के सुनियोजित विकास पर विशेष जोर देते हुए स्वच्छता, पेयजल, सड़क, सीवरेज जैसी आधारभूत सुविधाओं पर विशेष रूप से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा एवं नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।



## जीएसटी सुधार एक खुली और पारदर्शी अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे-वित्त मंत्री

**चेन्नई ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार एक खुली और पारदर्शी अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे, अनुपालन बोझ को कम करेंगे और छोटे व्यवसायों को फायदा पहुंचाएंगे। तमिलनाडु में सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य नियमों को सरल बनाना, अनुपालन लागत कम करना और स्टार्टअप्स तथा एमएसएमई के लिए एक अधिक सक्षम इकोसिस्टम का निर्माण करना है। वस्तु एंव सेवा कर की दरों को कम करने के लिए जीएसटी परिषद की बैठक 3-4 सितंबर को होनी है। वित्त मंत्री ने सभी बैंकों से अपील की कि वे विकास को गति प्रदान करें और विश्वास का निर्माण करें। साथ ही कहा कि बैंकों को अपने ढांचे में अच्छा प्रशासन सुनिश्चित करना चाहिए और प्रत्येक रुपए को राष्ट्र निर्माण में लगाना चाहिए।

## केसीआर की बेटी कविता बीआरएस से सस्पेंड

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएसी) एमएलसी के. कविता को उनके पिता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए बीआरएस से निलंबित कर दिया। मंगलवार को एक बयान में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के महासचिव टी. अरविंद राव और सोमू भारत कुमार ने कहा कि केसीआर ने कविता को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया है। बयान के अनुसार, बीआरएस नेतृत्व ने कविता के हालिया कार्यों और उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों से पार्टी को हो रहे नुकसान को गंभीरता से लिया है।



## पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

### राजधानी आइजोल तक पहली बार ट्रेन पहुंचेगी


# 78 साल बाद भारतीय रेलवे से जुड़ेगा मिजोरम




**-आईजोल से सैयद मुनव्वर अली की रिपोर्ट-**

**आइजोल।** मिजोरम के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है। आज़ादी के 78 साल बाद आखिरकार राज्य की राजधानी आइजोल भारतीय रेलवे के नक्शे पर जुड़ने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी कुछ दिनों में बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे। इसे नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिहाज़ से मील का पत्थर माना जा रहा है।

भारतीय रेल यातायात सेवा के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा एवं उत्तर पश्चिमी रेलवे राजस्थान के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन



शशिकिरण ने बताया कि 26 साल के लंबे इंतजार के बाद भारतीय रेलवे का यह सपना साकार होने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट
का खाका वर्ष 1999 में तैयार हुआ था। घने जंगलों, दुर्गम पहाड़ों और लगातार होने वाली भारी बारिश ने शुरुआती सर्वे को ही बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया। कई बार सर्वे रिपोर्ट बदली गई और अंततः 2008-09 में इसे नेशनल प्रोजेक्ट का दर्जा मिला। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने शिलान्यास किया और 11 साल की मेहनत के बाद अब यह रेल परियोजना पूरी हुई है।

**इंजीनियरिंग का चमत्कार :** प्रोजेक्ट पर कार्यरत मुख्य इंजीनियर के अनुसार मिजोरम की भौगोलिक परिस्थितियों के चलते यह काम बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। साल में केवल 4-5 महीने ही निर्माण संभव था। भारी मशीनों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर साइट पर जोड़ा गया। निर्माण सामग्री तक असम और पश्चिम बंगाल से लानी पड़ी।

**भविष्य की योजना: म्यांमार तक विस्तार :** सरकार इस रेलवे लाइन को आगे म्यांमार बॉर्डर (232 किमी) तक बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। इससे भारत-म्यांमार व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी अहम होगा।

### पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

रेलवे की योजना है कि इस रूट पर विस्टाडोम ट्रेनें चलाई जाएं। इससे यात्री रास्ते में मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता जैसे रेइक हिल्स, तामदिल झील, वंतावंग झरना, फावंगपुई नेशनल पार्क और डम्पा टाइगर रिजर्व का आनंद ले पाएंगे। इससे पर्यटन को बड़ा बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों की आय में इज़ाफा होगा।

### रेलवे लाइन की प्रमुख विशेषताएं

**कुल लंबाई :** 51.38 किलोमीटर
**स्टेशन :** 4 (हार्तुकी, कौनपुई, मुलखांग और सैरांग)
**टनल :** 48 (कुल लंबाई 12.8 किमी)
**ब्रिज :** 55 बड़े और 87 छोटे, साथ ही 5 रोड और 6 अंडरब्रिज
**सबसे ऊंचा ब्रिज :** नंबर 196, ऊंचाई 104 मीटर (कुतुबमीनार से भी ऊंचा)
**ट्रैक स्पीड :** 110 किमी/घंटा
**लागत :** 8071 करोड़ रुपये

### नॉर्थ ईस्ट में विकास की नई तस्वीर

इस प्रोजेक्ट के बाद पूर्वोत्तर के 8 राज्यों में से अब 4 राजधानियां-त्रिपुरा (अगरतला), अरुणाचल प्रदेश (ईटानगर), असम (दिसपुर) और अब मिजोरम (आइजोल) सीधे भारतीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ गई हैं। यह नॉर्थ ईस्ट के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए गेम चेंजर साबित होगा।

## वीर तेजाजी मंदिर पर आयोजित भजन संध्या के कार्यक्रम में नागौर सांसद जनसभा को किया संबोधित

# सांसद हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काछवा में नवनिर्मित वीर तेजाजी मंदिर पर आयोजित भजन संध्या के कार्यक्रम में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर जनसभा को संबोधित किया नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि हम सब को वीर तेजाजी महाराज के आदर्शों पर चलकर समाज में तेजाजी के त्याग व बलिदान को याद करना चाहिए।तेजाजी महाराज के जीवन से समाज को बहुत कुछ सीखने को मिलता इस दौरान नागौर सांसद ने कांग्रेस, भाजपा पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा का आलाकमान दिल्ली में बैठे नेता है जबकि मेरे आलाकमान आप लोग हो। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की टिकट आप लोग घर बैठे ही दे सकते हो दिल्ली ओर नेताओं के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। कांग्रेसी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जो आपके यहाँ बड़ी बड़ी बातें करते जयपुर जाते ही अशोक गहलोत सचिन पायलट के नारे लगाते तो भाजपा नेता किसी ओर के नारे लगाते । शेखावाटी के लोग हमेशा मजबूत होते आप अपने भाई को मजबूत करोगे तो आपकी अपनी सरकार बनेगी तबही आपको सत्ता का असली सुख मिलेगा। जब किसान कौम की सरकार होगी तो 24 घंटे में किसान क़र्ज़ मुक्त होगा, फरी बिजली मिलेगी,टोल मुक्त राजस्थान होगा,अपराधी राजस्थान छोड़कर भाग जाएंगे,युवाओं को रोज़गार मिलेगा नेताजी ने कहा कि सरकार तो सरकार होती है । पार्टी प्रवक्ता सावरमल मुवाल ने बताया कि नागौर सांसद हनुमान जी बेनीवाल के सीकर की सीमा पर पहुचने पर



सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ज़िलाध्यक्ष महेन्द्र डोरवाल के नेतृत्व में नेछवा में स्वागत कर डीजे गाड़ियों के क़ाफ़िले के साथ काछवा वीर तेजाजी मंदिर लेकर आए । हनुमान बेनीवाल ने तेजाजी महाराज के दर्शन कर सभी के सुख समृद्धि की प्रार्थन की । मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने हनुमान बेनीवाल का स्वागत किया । इस दौरान काछवा सरपंच रामवतार ,प्रदीप बांगडवा, दिलशुख चौधरी, विजयपाल, अशोक, विकास पचार,हरि नागा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऑनलाइन ठगी: फर्जी सिम और बैंक खाते बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगी के मामले में काम आने वाली फर्जी सिम, बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से मोबाइल फोन, फर्जी सिम, फर्जी बैंक खाते, गते, एटीएम कार्ड, बैंक चैकबुक और पासबुक बरामद की हैं। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए राहुल निवासी खैरथल और सद्दाम निवासी ततारपुर को गिरफ्तार किया। एसपी मनीष कुनार चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोप राहुल फर्जी सिम और बैंक खाते ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह को ऊंचे दामों पर बेचता है। मौके पर दबिश दी गई तो राहुल के साथ सद्दाम भी पकड़ा गया। तलाशी में दोनों के पास से ऑनलाइन ठगी में उपयोग किए जाने वाले उपकरण और दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य साथियों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों से मोबाइल फोन, फर्जी सिम, फर्जी बैंक खाते, एटीएम कार्ड, बैंक चैकबुक व पासबुक बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में राकेश कुमार, थानाधिकारी खैरथल जसवंत सिंह, उप निरीक्षक, कर्ण सिंह, एएसआई, रमेश चन्द, हेड कॉन्स्टेबल, बृजमोहन, हेड कॉन्स्टेबल, विजय कॉन्स्टेबल, पुष्पेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल, संतोष कुमार कॉन्स्टेबल शामिल रहे।



# सेवा कार्यों के लिए 51 सेवादारों का हुआ सम्मान

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** मंगलवार को लोकदेवता बाबा रामदेव जी की दशम पर सदर थाना गली नम्बर 4 में स्थित बाबा रामदेव जी मंदिर के प्रांगण में आरती के बाद लोकदेवता बाबा रामदेव जी एवं पूनरासर बाबे के मेले में पैदल पदयात्रियों की मार्ग में निशुल्क भाव से सेवादार के रूप में सेवा करने वाले 51 बाबा के भक्त सेवादारों का मित्र एकता सेवा समिति द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम प्रायोजक सेवा समिति संरक्षक सुनील दत्त नांगल एवं आयोजक सेवा समिति के उपाध्यक्ष अनिल पाहुजा ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि बीजेपी के देहात जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास किसी आवश्यक कार्य होने के कारण कार्यक्रम में आ नहीं सकें। विशिष्ट अतिथि में बीजेपी देश्नोक नेता शांति देवी चौहान, बीकानेर मेडिकल एसोसिएशन सचिव किसन जोशी, रामकिशन महाराज कोलासर वाले मौजूद रहे। सहयोगी के तौर सहयोग देने वालों में सैय्यद अख्तर, दिलीप गुप्ता, के. कुमार आहूजा, देवेश भाटी, भवानी आचार्य, प्रदीप कुमार मोदी, शाकिर हुसैन चौपदार विशेष भूमिका में रहे। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पैदल पदयात्रियों की मार्ग में मेडिकल चिकित्सा सेवा, निशुल्क भोजन व्यवस्था , ठंडे शीतल जल की सेवा जैसे मानवीय सेवा कार्यों में सहयोग करने वाले 51



सेवादारों का मोमेंटो , माला , दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया ।

जिनमें प्रमुख सेवादार एवं बाबे के भक्त लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित ( पुजारी), सतीश कुमार खत्री, प्रेम प्रकाश खत्री, रामेश्वर लाल मोदी, मनोज कुमार मोदी, दिलीप कुमार मोदी शामिल रहे। अन्य सेवादारों में राजकुमार भाटिया, मनीष खत्री, मान सिंह राजपुरोहित,पवन राजपुरोहित, मनोज भाटिया, सुनील सुखेजा, योगेश सुखेजा, भूपेंद्र देवड़ा, मनोज मोदी, संगत सिंह शेखावत, शिव गहलोत, पियूष व्यास, हिमांशु राजपुरोहित, आनंद रावत, पंकज खत्री, भानू प्रताप राजपुरोहित, संजय भाटिया, मोहित भाटिया, हेमंत राजपुरोहित, विक्रम बोधाणी, नीलिये कोड़ा, सतीश रिजवानी, प्रेम जानी, महेश केशवानी, विजय एलानी, हेमंत मूलचंदानी, वीनू पुरोहित, सुरेश केसवानी, गिरधर गोरवानी, रमेश केसवानी, बाबू चांदनी, हसंराज मूलचंदानी, दीपक आहूजा, दिनेश आहूजा, ओम गंगावानी, सुगन चंद तुलसियानी, एमडी तालानी, दिलीप राही, जितेन्द्र हरवानी,राजू मोटवानी, किसन सदा रंगवानी, जीतू रिजवानी, किसन मोटवानी,पवन कुमार खत्री एवं नारी शक्ति के रूप सेवाएं देने वाली सेवादारों में हिमांशी राजपुरोहित,नीलू भाटियां, निता भल्ला,निशा चावला, रितू बजाज, राज अरोड़ा, नीतामन सुखवानी ,वर्षा लखानी, कान्ता वाधवानी, नीता समदानी शामिल रही । इस अवसर पर बीजेपी देहात अध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा सेवा भावना से परिपूर्ण मित्र एकता सेवा समिति मानव सेवा में अग्रणी भूमिका समय समय पर निभा रही हैं । जन मानस को सेवा कार्यों के लिए प्रेरित कर रहीं हैं। कार्यक्रम में आये सभी का आभार कार्यक्रम आयोजक अनिल पाहुजा ने किया। मंच संचालन के. कुमार आहूजा द्वारा किया गया।

## ऐसी जल्दबाजी ठीक नहीं- नागों नाले में बाईक बही, मौके पर खड़े युवकों ने दौड़ लगाई और बाईक को निकाला

**बनेठा (हुक्मनामा समाचार)।** ऐसी जल्दबाजी ठीक नहीं है जिले में बरसात के दौरान दर्जनों रपटें पार करते हुए दुर्घटना घटित हो चुकी है परंतु लोग बाज नहीं आ रहे हैं । ग्रामीण जल्दबाजी में हादसे को अंजाम दे देते हैं । मंगलवार को कस्बे में तेजाजी महाराज का तीन दिवसीय मेला आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान काफी संख्या में आसपास के गांवों से लोग भी कस्बे में मेला देखने आ रहे थे । इस दौरान बनेठा टोंक मार्ग पर नागों नाले में पानी का बहाव तेज आने से राहगीरों सहित वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार दोपहर में नाला पार करते समय एक व्यक्ति की बाइक फिसल कर बह गई । मौके पर खड़े दर्जनों लोगों ने दौड़ लगाकर वाहन चालक को संभाला और युवकों की तत्परता से वाहन चालक को पकड़ लिया और बाइक रपटें से नीचे बह गई। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद उक्त बाईक को निकाल लिया गया। अगर मौके पर युवक मौजूद नहीं होते और दौड़ लगाकर उसको नहीं बचाते तो शायद जिले में एक और घटना घटित हो सकती थी । प्रशासन द्वारा नाले के किनारे पर पानी तेज आने पर नाला पार नहीं करने की हिदायत देने के बोर्ड लगाए गए हैं परंतु फिर भी लोग मानते ही नहीं और बिना परवाह किए अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करते हुए दिखाई देते हैं।



## गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी शहीद में राहत सामग्री का अंबार, सेवादारों का उमड़ा सैलाब

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों की मदद के लिए जिले की समाजसेवी संस्थाएँ और संगतें बढ़-चढ़कर आगे आ रही हैं। गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी शहीद, श्रीगंगानगर में राहत सामग्री का अंबार लग गया है। जिले भर से राशन, पशुयों के लिए फीड और जरूरी सामान लेकर संगतें लगातार गुरुद्वारे पहुँच रही हैं। मुख्य सेवादार तेजिंदर पाल सिंह टिम्मा ने बताया कि वीके सिटी, संगरिया, अनूपगढ़, पदमपुर, पीलीबंगा, जनवादी महिला समिति समेत कई संस्थाओं और क्षेत्रों से सेवा भाव से सामग्री भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले के हर वर्ग और समाज ने अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य अनुसार सहयोग देकर मानवता की मिसाल कायम की है। टिम्मा ने संगत को अपील करते हुए कहा कि अभी यह प्रारंभिक सेवा है। असली सेवा का दौर तब शुरू होगा जब बाढ़ का पानी उतर जाएगा।

## राजे ने जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया से की बातचीत

# 'साथ रहेंगे तो प्रदेश समृद्ध होगा, अलग होंगे तो समस्या बढ़ेगी' : वसुंधरा राजे

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मंगलवार को जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में प्रदेशवासियों को एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि 'ईश्वर में आस्था और विश्वास रखने से मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं, भले ही इसमें कुछ समय क्यों न लगे। राजस्थान हम सबका परिवार है, अगर हम साथ रहेंगे तो प्रदेश समृद्ध होगा और अलग-अलग होकर रहेंगे तो समस्याएं और बढ़ेंगी।' राजे ने अपने दौरे की शुरुआत अजीत भवन में संवाददाता सम्मेलन से की। इस अवसर पर उन्होंने बाबा रामदेव की दशम वीर तेजाजी जयंती और खेजड़ली मेले पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रार्थना की कि राजस्थान एक मजबूत, समृद्ध और सुखी प्रदेश बने। राजे ने बताया कि उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत बाबा रामसा पीर के दर्शन से हुई थी और उन्होंने हमेशा बाबा से प्रेरणा ली है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 'रामसा पीर सभी के देवता हैं। जब सभी मजहब और जातियां मिल-जुलकर रहेंगी, तभी प्रदेश में सच्ची खुशहाली और विकास आएगा। हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम विश्वास नहीं रखते। जबकि हमें बाबा रामसा पीर और ईश्वर पर अटूट आस्था है। समाज में एकता और विश्वास बनाए रखना ही आज की सबसे बड़ी जरूरत है।' इस मौके पर पूर्व राजा सूर्यवीर सिंह, शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, भाजपा नेता मेघराज लोहिया, भोपाल सिंह बडला, रंजीत सिंह जानी, किशोर डूडी और घनश्याम वैष्णव ने राजे से शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

जोधपुर प्रवास के बाद वसुंधरा राजे जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ रवाना हुईं, जहां वे पूर्व सांसद सोनाराम को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी।

इसके बाद वे पुनः जोधपुर लौटकर रात्रि विश्राम करेंगी। बुधवार को उनका अजमेर दौरा प्रस्तावित है, जहां वे धार्मिक व




राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। राजे के जोधपुर प्रवास को लेकर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और प्रदेश की एकता और विकास को लेकर उनके संदेश को सराहा। राजे ने स्पष्ट कहा कि राजस्थान की असली ताकत इसकी विविधता और आपसी भाईचारे में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।


## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी के बड़े भाई प्रहलाद मोदी ने किए श्याम बाबा के दर्शन



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े भाई प्रहलाद मोदी अपनी दो बेटियां सोनल बहन व दमयंती बहन के साथ मंगलवार को खाटूश्यामजी आए। उन्होंने खाटूश्यामजी में श्याम बाबा के दर्शन किए। मंदिर पहुंचने पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने उनका दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े भाई प्रहलाद मोदी ने कहा कि वे खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के दर्शन कर अपने को कृतार्थ महसूस कर रहे हैं। कहा कि आराध्य देवों के दर्शन कर देश में खुशहाली व तरक्की की कामना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, मंडल अध्यक्ष मुकेश रामूका, मोहन मावलिया, नानूराम मंदिर कमेटी के श्याम सिंह चौहान आदि ने उनका भावभीना स्वागत किया।

### कार्यालय आए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सलाहकार राजिक फर्शीवाला



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सलाहकार राजिक फर्शीवाला भाजपा जिला कार्यालय में आए। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से परिचय किया और केंद्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा की।राजिक फर्शीवाला ने केंद्र सरकार की अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में सर्वाधिक प्रचारित की बात कही। कहा योजनाओं से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लाभांवित करवाएं।जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सलाहकार राजिक फर्शीवाला का आगमन संगठन के लिए प्रेरणादायी रहा और समाज के सर्वांगीण विकास तथा सबके साथ-सबके विश्वास के संकल्प को और मजबूत करने वाला है।इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, जाकिर हुसैन, जावेद खान किरडोली, समशाद खान, इस्लाम खान, रईस खान, नदीम गौरी, अयूब अली, निर्मल सिंह, महावीर सैन, इंद्र शर्मा, जितेश शर्मा, सदाम हुसैन, आदिल, आरिफ तंवर, तालिफ खत्री, नवीद, मोहम्मद मोहसीन आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सरपंच मोहनलाल मीणा के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नायला ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच मोहन लाल मीणा के जन्मदिन के अवसर पर नायला स्थित नरसिंह जी मंदिर, निर्झरा महादेव खेल मैदान, आदिवासी मीणा समाज धर्मशाला निर्झरा महादेव,क्यार की ढाणी, ध्यावना की ढाणी व राहोरी में किया वृक्षारोपण। इस अवसर पर नायला विकास समिति के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया। गायों को चारा एवं जमवारामगढ़ बांध पर बंदरों को केले खिलाए गए। इस दौरान जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम से, एक पेड़ अपने लिए एक पेड़ अपनों के लिए लगाने का आव्हान किया गया। विधायक महेंद्र पाल मीणा ने पूर्व सरपंच नायला मोहनलाल मीणा का साफा पहनाकर जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी? इस अवसर पर किशन लाल, कैलाश चंद, गोपाललाल, रामबक्श, कृष्ण कुमार, कैलाश चंद शर्मा, कमल किशोर खाती, आशीष कुमार, अभिषेक, सीताराम व अन्य उपस्थित रहे ।

### हर नवजात को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार, आयुष्मान आरोग्य योजना कर रही साकार

*अस्पतालों में छोटे बच्चों को मिल रहा लाखों का उपचार*

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना नवजात शिशुओं के लिए भी जीवनदायिनी साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत जन्म के तुरंत बाद से ही बच्चों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से सम्बद्ध जिले के अनेक अस्पतालों में नवजन्में बच्चों का उपचार हो रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत नवजन्में शिशुओं के लिए अस्पतालों में निःशुल्क जांच, दवाइयां, सर्जरी तथा आवश्यकता अनुसार आईसीयू सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत मिल रही है और नवजात शिशुओं को जन्म से ही उपचार मिल रहा है, जिससे वे स्वस्थ जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो रहा है। डॉ. शर्मा ने बताया कि पहले कई बार गंभीर रोग से ग्रस्ति नवजातों का इलाज परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अधूरा रह जाता था, लेकिन अब मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से बच्चों का समुचित इलाज समय पर सम्भव हो रहा है। इस योजना से शिशु मृत्युदर में भी कमी आ रही है। डॉ. शर्मा ने कहा कि नवजात शिशुओं की बीमारियों को नजरअंदाज ना करें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत अस्पताल में उपचार करवाएं। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना हर बच्चे के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए कृत संकल्पित है। **आमजन से अपील-योजना में रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं**-सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से से अपील की कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं।

### जिला कलक्टर ने किया वर्षा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण

# वर्षाजनित परिस्थितियों को लेकर अलर्ट मोड पर, जिला प्रशासन ने जयपुर के ग्रामीण इलाकों में लिया स्थिति का जायजा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वर्षाजनित परिस्थितियों से निपटने के लिए जयपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है, किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जयपुर जिले में वर्षा से प्रभावित हालातों पर नियंत्रण और राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने स्वयं फील्ड का मोर्चा संभाल रखा है। मंगलवार को उन्होंने कोटखावदा, बस्सी एवं तुंगा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर वर्षाजनित परिस्थितियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और तत्काल राहत पहुंचाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जलभराव, डूब क्षेत्र एवं लो-लाइन एरिया में विशेष सतर्कता बरतने के आदेश देते हुए कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला प्रशासन की 40 से अधिक टीमें फील्ड में सक्रिय रूप से तैनात की गई। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने फील्ड में जाकर स्थिति का जायजा लिया एवं जल निकासी सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही को अंजाम दिया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी जिले में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं, ताकि जिले के किसी भी हिस्से में आमजन को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वर्षाजनित परिस्थितियों से प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, खाद्य सामग्री एवं चिकित्सा सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए। रपट वाले स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जाएं और आवागमन पर निगरानी रखी जाए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आमजन से अपील की है कि वे जलभराव और वर्षाजनित



परिस्थितियों में अतिरिक्त सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वे नियंत्रण कक्ष अथवा स्थानीय प्रशासन को तुरंत सूचित करें ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके। साथ ही यह भी अपील की गई है कि बहते पानी की रपट अथवा पुलिया को पार न करें, बच्चों को जलभरे स्थानों और नालों के पास न जाने दें तथा जल स्त्रोतों से दूर रहें। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क किया जा सकता है। इस कक्ष के दूरभाष नंबर 0141-2204475 और 0141-2204476 हैं, जहां 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## जयपुर में बारिश के बाद मकान ढ्हा घाटगेट के पास कब्रिस्तान गेट नंबर 3 पर जर्जर इमारत गिरी, पड़ोसी मकानों को भी खतरा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में हुई तेज बारिश के कारण घाटगेट स्थित कब्रिस्तान के गेट नंबर 3 पर एक जर्जर मकान ढह गया। ये हादसा सोमवार रात 10 बजे हुआ। गनीमत रही हादसे के वक्त मकान में कोई नहीं था। न ही मकान के पिछले हिस्से में जो दीवार गिरी उसके आस-पास कोई था। बता दें कि कब्रिस्तान के अंतिम छोर पर बना यह तीसरा मकान था। जो बारिश के बाद पूरी तरह से धराशायी हो गया। स्थानीय निवासियों ने बताया- इस मकान में किराएदार रहते थे। मकान गिरने से पहले ही किराएदार जा चुके थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि आसपास के अन्य मकानों में भी दरारें आ गई हैं। इससे पड़ोसी मकानों में रहने वाले लोगों की जान और संपत्ति को खतरा उत्पन्न हो गया है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मकान सोमवार रात 10 बजे ढहने के बाद भी मंगलवार 12बजे तक प्रशासन का कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि यहां ज्यादातर मकान कब्रिस्तान की दीवार पर बने हुए हैं। जिनमें कई मकानों में दरारें चल रही है। ऐसे में भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## जयपुर में रेलवे अधिकारी को ब्लैकमेल कर 20 लाख ऐंठे महिला वकील ने सगाई कर फांसा, झूठे केस में फंसाने की दी धमकी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में रेलवे के एक अधिकारी को इमोशनल ब्लैकमेल कर 20 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। तलाक केस की पैरवी के दौरान महिला वकील ने सगाई कर रेलवे अधिकारी को फंसाया। शादी करने के लिए मना कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। करधनी थाने में पीड़ित अफसर ने आरोपी महिला वकील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वहीं, महिला वकील की तरफ से भी युवक पर केस किया गया है। इसमें रेप और अबॉर्शन करवाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने बताया- रेलवे अधिकारी ने करधनी थाने में स्न्द्धक्र दर्ज करवाई है। उनका पत्नी से तलाक का विवाद कोर्ट में विचाराधीन है। जनवरी 2024 में उनके रिश्तेदार के पास महिला वकील शादी संबंध के रिश्ते बताने के लिए मिलने आई थी। रिश्तेदार ने महिला वकील को पीड़ित के तलाक केस के बारे में बताया था। तलाक केस का छह महीने में निपटारा करने का आश्वासन दिया पीड़ित का आरोप है कि रिश्तेदार को आश्वासन दिया कि मेरे तलाक केस को छह महीने में पूरा करवा देगी। मुझसे मिलवाकर केस फाइल दिखाने के लिए कहा। अप्रैल 2024 में मिलने जाने पर केस खुद लड़ने के लिए कहा। मुझसे मिलने पर शादी करने के लिए कहा। तलाक के बाद शादी करने की कहने पर महिला वकील ने सगाई करने की बात रखी। शादी का झांसा देकर बातों में फंसाकर सगाई कर ली। फ्लैट खरीदने के एवज में लोन करवाकर 17.50 लाख रुपए ऐंठ लिए पीड़ित का आरोप है कि सगाई के बाद आरोपी मंगेतर ने इमोशनल ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। छोटी-बड़ी जरूरत बताकर रुपए लेने लगी। जयपुर ट्रांसफर करवाने के एवज में भी उससे 2 लाख रुपए कैश लिए। खुद को उसकी जिम्मेदारी बताकर इमोशनल ब्लैकमेल कर फ्लैट खरीदने के एवज में लोन करवाकर 17.50 लाख रुपए ऐंठ लिए। मई-2025 में शादी करने से मना कर झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी। धोखे का एहसास होने पर पीड़ित ने कोर्ट से आदेश करवाकर करधनी थाने में आरोपी महिला वकील के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। महिला वकील ने भी एफआईआर दर्ज करवाई महिला वकील ने भी मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई है। आरोप है कि रेलवे अधिकारी का पत्नी से तलाक होना बताकर शादी की बातचीत शुरू की गई थी। सगाई के बाद उसे तलाक का केस कोर्ट में पेंडिंग होने का पता चला था। सगाई तोड़ने की कहने पर उसे ही तलाक केस लड़ने के लिए कहा गया। केस के एवज में फीस लेने-देने की बात भी हुई थी। तबीयत खराब होने के दौरान ली गई दवाइयों के नशे का फायदा उठाकर मंगेतर ने रेप किया। प्रेग्नेंट होने पर धोखे से खाने में टैबलेट देकर अर्बाशन करवा दिया। सुसाइड करने की कहकर धमकाने लगा। इसके बाद लगातार धमकियां देने लगा। एएसआई प्रहलाद सिंह ने बताया- महिला वकील की ओर से भी क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई गई है। दोनों ही मामलों की जांच (करधनी) सवाई सिंह कर रहे है।

# सिंगर नावज्योत और ड्रोन शो की प्रस्तुति के साथ हुआ इवेंटस्थान 2025 का आगाज़

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) द्वारा और ब्लैक रॉक के सहयोग से आयोजित 12वें वार्षिक संस्करण इवेंटस्थान 2025 के पहले दिन फेयरमोंट जयपुर में तकनीक, संगीत और परंपरा का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत ओपन नेटवर्किंग सत्र से हुई, जिसमें देशभर से आए 250 से अधिक इवेंट मैनेजर्स, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स ने संवाद और विचार-विमर्श किया। इसके बाद शाम का सबसे आकर्षक पल रहा बॉटलैब का ड्रोन शो जिसमे आसमान पर भारत का नक्शा, फोरम का लोगो, इंवेटस्थान के 12वें संस्करण की आकृति बनाकर सभी को रोमांचित कर दिया। शो की शुरुवात जयपुर की पारंपरिक मेहमाननवाज़ी को दर्शाते हुए खम्मा घणी शब्दों से की गयी, जिसे देखकर सभी मेहमानों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। फोरम अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने कहा कि गौरतलब है कि आईफा की ओर से सब्बास जोज़फ भी इवेंटस्थान 2025 में शामिल हो रहे है और 3 सितम्बर को कार्यक्रम में कीनोट अड्रेस देंगे। फोरम सेक्रेट्री, अजय चौहान में कहा कि शाम की रौनक को और बढ़ाया जयपुर के लोकप्रिय गायक नावज्योत ने जिन्होंने अपनी मधुर आवाज़ और ऊर्जावान परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया। नावज्योत ने अपने ओरिजनल नगमों और बॉलीवुड के कुछ हिट गीत जैसे अनहोले, अन्टिल आई फाउंड यू, मेडले - सोनियो, मेरे बिना, पहले भी मैं, फितूर, ओ सनम, लैला, परेशान, दरिया, दिल से रे, बेवफा, वो लम्हे, काली काली ज़ुल्फ़ों के, ओ ओ जाने जाना, हम्मा हम्मा, दिल्ली वाली गर्लफ्रेंड, इलाही का संगम पेश करते हुए सभी श्रोताओं को थिरकने और झूमने पर मजबूर कर दिया। नावज्योत अहूजा जयपुर के उभरते हुए युवा कलाकार हैं जो अपनी अनोखी गायकी और लाइव परफॉर्मेंस के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी प्रस्तुति ने इवेंटस्थान 2025 के पहले दिन को और भी यादगार बना दिया और जयपुर के टैलेंट को राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने का काम किया। इस अनोखे संगम ने इवेंटस्थान 2025 के पहले दिन को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का दूसरा दिन (3 सितम्बर) और भी रोमांचक सत्रों, प्रस्तुतियों और प्रतिष्ठित फोरम अवॉर्ड्स के साथ जारी रहेगा।

## सुगंध दशमी पर सजी व झांकी जिन बिंब की निंदा का फल



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** 10 लक्षण पर्व पर संघ द्वारा सुगंध दशमी पर बड़े दीवान जी का मंदिर में सजीव झांकी जिन बिंम की निंदा का फल का सुंदर प प्रदर्शन रहा। पटना के राजा धात्रीवाहन के साथ पुत्रियां होने पर भी आठवीं पुत्री को चाहना, आठवीं पुत्री होने पर प्रसन्न होना, राजकुमारी का नाम कामलता रखना, भुवन सुन्दरी व विदुषी कहलाना, जिन मंदिर जाने पर जिन बिंम व जिन मुनि शीलभूषण की निंदा करना, इससे राजकुमारी का कुबडी,कमजोर, डरावना मुखड़ा होना, राजमहल में हाहाकार मचा, वेध व तांत्रिक से इलाज करवाना, लेकिन कोई फायदा नहीं होना, फिर एक श्रावक के पूछने पर राजकुमारी का जिन बिंम मुनिराज की निन्दा के बाद ऐसा हश्र हुआ, श्रावक ने कहा मुनिराज श्रमाशील होते हैं, मंदिर में राजकुमारी से मन्दिर में पूजा करवाओ, क्षमा मांगो, और मुनिराज के 36 वे भक्तामर काव्य का जल मंत्रित कर अपने शरीर पर छिडकना, राजकुमारी का ठीक होना और जैन धर्म की प्रभावना करना। सजीव झांकी को लोगों ने देखा और बड़ी ही चढ़ाना की कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर प्रदर्शन कर जैन धर्म को बढ़ावा दिया गया है।

### माँ के अपमान पर भाजपा जयपुर ने भारी हुंकार

# भाजपा जयपुर शहर की ओर से छोटी चौपड़ पर विशाल धरना दिया गया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा जयपुर शहर की ओर से मंगलवार को छोटी चौपड़ पर विशाल धरना व राहुल गांधी व तेजस्वी यादव पुतला दहन किया गया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पूज्य माता जी के लिए इस्तेमाल किए गए अपशब्दों के खिलाफ 3 घंटे चले इस धरने में भाजपा के सभी कार्यकर्ता विधायक व अन्य नेताओं ने अपने भाषण में राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की तीखी आलोचना की। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने भारत मां के जयकारे लगाए और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। जयपुर जिला अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा कहे गए अपशब्द केवल एक माता का नहीं, बल्कि समस्त मातृ शक्ति एवं भारतीय संस्कारों और संस्कृति का अपमान है। उन्होंने कहा कि माँ का अपमान कॉंग्रेस की पहचान है। मां के अपमान पर जयपुर की नारी चुप नहीं रहेगी। मां सीता का अपमान होने पर सोने की लंका को जला दिया गया। मां को भरी सभा में घसीटा गया, तो महाभारत हुई। एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री की मां का अपमान हुआ है और यह प्रधानमंत्री की मां का नहीं, बल्कि हर भारतवासी की मां का अपमान है। सनातन को मानने वाला चुप नहीं रहेगा। पुतला दहन के माध्यम से हम सभी को अपने अंदर की बुराई को मारना है और 2047 तक भारत को विकसित बनाना है। उन्होंने अपने भाषण से प्रत्येक कार्यकर्ता में जोश भर दिया और सभी को भारत माता के नारे लगवाए।

इस अवसर पर अनेक विधायक और वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने भाषण में राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की घोर निंदा की। इस अवसर पर सिविल लाइन से विधायक, हवामहल से विधायक, किशनपोल प्रत्याशी, महापौर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी जी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, प्रदेश मंत्री अजीत माण्डन, प्रदेश कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक,




पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता जी, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री जय गर्ग, प्रदेश मंत्री स्टेफी चौहान, अपूर्वा सिंह, राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, सहित अनेक पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष, सही समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### न्यूज विंडो

## भूपेन्द्र यादव ने सोतानाला, केशवाना व बहरोड़ औद्योगिक क्षेत्रों के प्रदूषण पर की विशेष समीक्षा



**दिल्ली (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मंगलवार को राजस्थान के सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा के लिए विशेष बैठक बुलाई। बैठक में मंत्रालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला प्रशासन और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही औद्योगिक एसोसिएशन और आसपास के गाँवों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी बात रखी। बैठक में अपशिष्ट और जल प्रदूषण की गंभीर समस्याओं पर चर्चा हुई। मंत्री यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए, जिसमें भविष्य के औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट और उद्योगों के प्रदूषित जल को कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए उपचारित कर अधिकतम पुनः उपयोग में लाना जरूरी है। मंत्री ने औद्योगिक इकाइयों को नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी और स्पष्ट कहा कि उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने क्षेत्रों के त्वरित मूल्यांकन के आधार पर तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए। इसके साथ ही आसपास के गाँवों और रिहायशी इलाकों में स्वच्छता, सुधार और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए समयबद्ध कार्य करने पर भी बल दिया गया। बैठक में लिए गए निर्णय इन औद्योगिक क्षेत्रों के बहुआयामी विकास के लिए अहम साबित होंगे।

## जयपुर में लिव-इन पार्टनर युवती से रेप शादी का झांसा देकर फ्लैट में रखा, मारपीट कर रुपए ऐंठे

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में लिव-इन पार्टनर युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवक ने शादी करने का झांसा देकर रेप किया। मारपीट कर युवती को धोखा देकर रुपए ऐंठता रहा। जवाहर नगर थाना पुलिस ने पीड़ित युवती की स्न्द्धक्र पर कार्रवाई कर सोमवार रात आरोपी को गिरफ्तार किया है। (जवाहर नगर) महेश चन्द्र ने बताया- जवाहर नगर की रहने वाली 21 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि वह करीब 6 महीने पहले जॉब करने के दौरान जयपुर में आकर रहने लगी। इस दौरान उसकी मुलाकात आरोपी युवक से हुई थी। आरोपी ने उससे दोस्ती की। इसके बाद मिलने के लिए बुलाकर साथ रेप किया। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया।शादी का झांसा देकर किराए के फ्लैट में लिव-इन में रहने लगे। इस दौरान आरोपी देहशोषण करता रहा। लिव-इन के दौरान उससे मारपीट भी की गई। धोखा देकर रुपए भी ऐंठता रहा। परेशान होकर जवाहर नगर थाने में पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर मेडिकल करवाकर जांच के बाद आरोपी को सोमवार रात दबिश देकर गिरफ्तार किया।

### राजकीय अवकाश के बावजूद संचालित निजी विद्यालयों को नोटिस

## जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में हुई कार्रवाई विद्यालय बंद करने तथा स्पष्टीकरण सहित पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु किया पाबंद

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बाबा रामदेव जयंती (तेजा दशमी) के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा घोषित राजकीय अवकाश के दिन कुछ गैर-सरकारी विद्यालयों द्वारा अवकाश घोषित नहीं कर विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बुलाए जाने की शिकायतें कलेक्ट्रेट एवं विभागीय अधिकारियों को प्राप्त हुईं। जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर इन शिकायतों पर तत्परता से संज्ञान लिया गया और संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। जांच में टिओलर हाई स्कूल सिरसी रोड जयपुर, टिओलर अनबाउण्डेड सिरसी रोड जयपुर, जय पेरिवाल स्कूल वैशाली नगर जयपुर, जय पेरिवाल स्कूल महापुरा जयपुर तथा सवाई मानसिंह विद्यालय रामबाग सर्किल जयपुर के संचालित होने की पुष्टि हुई। इस पर जिला कलक्टर के निर्देशानुसार इन विद्यालयों के सचिवों को तत्काल नोटिस जारी कर विद्यालय बंद करने तथा स्पष्टीकरण सहित पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पाबंद किया गया।

साथ ही जिला कलक्टर के निर्देश पर संबंधित विद्यालयों को यह भी स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया है कि भविष्य में राजकीय अवकाश के दिनों में विद्यालय पूर्णतः बंद रखे जाएं और विभागीय आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को भी कठोरता से पालना करवाने और भविष्य में पुनरावृत्ति रोकने हेतु निर्देशित किया गया है। अवहेलना की स्थिति में तत्काल कार्यवाही हेतु स्पष्ट प्रस्ताव भिजवाने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

## जयपुर में सड़क किनारे आया मगरमच्छ झाड़ियों में छिप गया, वन विभाग की टीम रेस्क्यू करने पहुंची

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में लगातार बारिश के बाद देर रात आमेर स्थित सागर झील से मगरमच्छ बाहर निकलकर आबादी क्षेत्र में पहुंच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मगरमच्छ के रेस्क्यू के लिए टीम तैनात है। घटना आमेर के सागर रोड नोल्या कुंड के पास की है। वन विभाग के रेंजर रघुवीर राठौड़ ने बताया- सोमवार रात तकरीबन 9 बजे के आसपास लोगों की शिकायत के बाद वन विभाग की टीम मगरमच्छ को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंच गई थी। घना अंधेरा और झाड़ियां होने की वजह से मगरमच्छ अब तक पकड़ में नहीं आ पाया है। वन विभाग की टीम का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। राठौड़ ने बताया- आमेर महल के पिछले हिस्से में बनी सागर लेक ओवरफ्लो हो गई है। इसकी वजह से मगरमच्छ पानी से निकलकर बाहर आ गया है। फिलहाल मगरमच्छ रिहायशी इलाके के नजदीक बने घने जंगल में है। जहां आम जनता को अपने घरों में रहने की हिदायत दी गई है। वहीं, आम पर्यटकों के लिए सागर महल की आवाजाही को बंद कर दिया गया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 4373125,8824399949 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

Website..........
www.hukmnamasamachar.com

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर, बुधवार 03 सितम्बर, 2025



## सम्पादकीय...

### आरपीएससी में नैतिकता का सवाल



राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) इन दिनों लगातार विवादों के घेरे में है। हाल ही में आयोग की सदस्य रहीं मंजू शर्मा ने नैतिक आधार पर इस्तीफा देकर एक मिसाल पेश की है। हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए हाईकोर्ट ने आरपीएससी को क्लीन करने को कहा था था। कोर्ट की टिप्पणी के बाद बढ़ते दबाव को देखते हुए सुप्रसिद्ध कवि और उनके पति कुमार विश्वास ने उन्हें पद छोड़ने की सलाह दी आखिरकार 1 सितंबर को मंजू शर्मा ने इस्तीफा राज्यपाल को भेज दिया। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब मंजू शर्मा ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दिया, तो फिर आयोग की ही एक अन्य सदस्य संगीता आर्य अब तक पद पर क्यों बनी हुई हैं? कोर्ट ने अपने आदेश में उन्हें भी गड़बड़ियों के लिए उतना ही जिम्मेदार माना है। आयोग की मौजूदा स्थिति चिंताजनक है। मंजू शर्मा के इस्तीफे के बाद आयोग में अध्यक्ष सहित केवल चार सदस्य बचे हैं।

यदि संगीता आर्य भी पद छोड़ देती हैं, तो यह संख्या घटकर मात्र तीन रह जाएगी। जबकि आयोग में अध्यक्ष समेत दस सदस्यों का प्रावधान है। इतने बड़े राज्य में लाखों प्रतियोगी परीक्षार्थियों के भविष्य का दारोमदार जिस संस्था पर है, उसमें केवल तीन सदस्य होना बेहद असंतोषजनक स्थिति है। फिलहाल आयोग के कार्य अध्यक्ष यूआर साहू, सदस्य कर्नल केसरी सिंह राठौड़ और प्रोफेसर अयूब के भरोसे चल रहे हैं। लेकिन 10 सदस्यों के स्थान पर केवल तीन लोगों के सहारे आयोग का काम सुचारू रूप से चलना संभव नहीं है। पचास हजार से ज्यादा भर्तियां इस समय आयोग की प्रक्रिया में हैं। साथ ही, आरएएस 2023 जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा और अन्य इंटरव्यू भी चल रहे हैं। ऐसे में सदस्यों की कमी परीक्षाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता दोनों पर असर डाल सकती है। राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार के सामने अब बड़ी जिम्मेदारी है कि वह आयोग में जल्द से जल्द योग्य और निष्पक्ष सदस्यों की नियुक्ति करे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो न केवल परीक्षाओं का भविष्य अधर में लटक जाएगा, बल्कि आयोग की विश्वसनीयता पर भी गहरा आघात होगा। सरकार को चाहिए कि राजनीतिक दबावों से मुक्त होकर आयोग में नई नियुक्तियां करे ताकि आरपीएससी की साख बहाल हो सके और परीक्षार्थियों को निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया पर भरोसा कायम रहे।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1998 – नेल्सन मंडेला द्वारा गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाये जाने पर प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की।
2006 – यूरोप का पहला त्रिवर्षीय चंद्र मिशन समाप्त। भारतीय मूल के भरत जगदेव ने गुयाना के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
2008 – राजेन्द्र कुमार पचौरी को संयुक्त राष्ट्र की संस्था जलवायु परिवर्तन के अन्तर सरकारी पैनल का पुनः प्रमुख चुना गया।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

- **प्रधानमंत्री मोदी बोले भारत और रूस संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के स्तंभ।**
  - यह बात तो कांग्रेस शुरू से कहती आई है पर अमेरिका से दोस्ती किसने बढाई।
- **चीन में मोदी बोले आतंकवाद पर दोहरा रवैया आम कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते।**
  - गरज किसकी है।
- **उच्चतम न्यायालय बोला संदेश से परे सिद्धांत के गलत इस्तेमाल के कारण दोषियों को बरी किया जा रहा है।**
  - नाम सिद्धांत का है पर कारण दूसरा है।
- **केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी बोले नेहरू परिवार ने गांधी का उपनाम चुराया।**
  - इतिहास में कमजोर स्टूडेंट रहे हैं।
- **महात्मा गांधी के पड़ पोते तुषार बोले गांधीवादी क्रांतिकारी लेकिन बंदूकधारी नहीं।**
  - बंदूकदारी होते तो दुनिया में नाम नहीं होता।
- **चुनाव आयोग ने कहा बिहार में एस ए आर मामले पर दावे और आपत्तियां 1 सितंबर के बाद भी दाखिल की जा सकती है।**
  - डंडा पड़ा तो अक्ल आ गई।
- **गृहमंत्री अमित शाह बोले बादल फटने के कारण का अध्ययन करने की आवश्यकता।**
  - सुई धागा तैयार रखो।
- **राजस्थान विधानसभा की सत्र की गरमांगर्मी से हुई शुरुआत।**
  - भाजपा के अधिकांश लोग भी यही चाहते हैं।

*.............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**बुधवार 03 सितम्बर, 2025**

**मेष राशि:** आप के रहन-सहन से लोग प्रभावित होंगे। खान-पान अनुकूल मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तथा मन में प्रसन्नता होगी। कार्यस्थल पर रुचि बढ़ेगी। साहस में वृद्धि होगी।

**वृषभ राशि:** समय रहते जरूरी दस्तावेज संभाल लें। मनोवांछित सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक सुख व सहयोग बढ़ेगा। पिता या किसी बड़े किसी व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन राशि:** अनचाहे काम करना होंगे। दांपत्य संबंध में सुधार होगा। व्यवसायिक स्थिति में पहले से राहत मिलेगी। नई योजना बनेगी। घर-परिवार का सुख बढ़ेगा। पिता से अनबन हो सकती है।

**कर्क राशि:** कमजोर रणनीति के कारण मनचाही सफलता नहीं मिलेगी। नए कार्यक्षेत्र में प्रवेश की संभावना है। आर्थिक मामलों में किसी अनुभवी की राय लेना बेहतर रहेगा। संतान के कामों पर नजर रखना जरूरी है।

**सिंह राशि:** परिवार के मांगलिक आयोजनों की रूपरेखा बनेगी। ज्ञान-चित्रकारी में रुचि बढ़ेगी। कानूनी झंझटों से राहत मिल सकती है। मुकदमें आदि में आपकी विजय होगी तथा शुभ कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या राशि:** दिन अनुकूल है, स्वास्थ्य में सुधार होगा। मन में निराशा व उदासी का भाव खत्म होगा। किसी को भी अपना राज न बतायें। अपकीर्ति हो सकती है, सतर्क रहें। मनोबल में वृद्धि होगी।

**तुला राशि:** दोस्तों की चिंता रहेगी। सूझ-बूझ द्वारा कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी क्षमता, योग्यता का भरपूर इस्तेमाल करेंगे और सफल होंगे। रुका पैसा प्राप्त करने के प्रयास सफल होंगे।

**वृश्चिक राशि:** निर्माण कार्य में हो रहे विलंब से चिंता बढ़ेगी। दाम्पत्य सुख प्राप्त होगा। व्यापारिक तथा कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए दिन अनुकूल रहेगा। किसी निकटतम व्यक्ति से मतभेद हो सकता है।

**धनु राशि:** रुके निर्माण कार्यों में गति आएगी। साझेदारी के कार्यों में विशेष लाभ होगा। व्यवसायिक समय शुभ रहेगा। साहस व पराक्रम के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे।

**मकर राशि:** नई ऊर्जा के साथ दिन की शुरुआत होगी। घरेलू कामकाज के चलते व्यस्त रहेंगे। कार्यस्थल पर नौकरों की समस्या बनी रहेगी। भूमि-भवन में निवेश कर सकते हैं।

**कुम्भ राशि:** आपकी बातों को महत्व मिलेगा। परिजनों के साथ यात्रा होगी। विवाह में आ रही अड़चन दूर होगी। पसंदीदा भोजन की प्राप्ति होगी। राजनिती से जुड़े लोग विश्वासघात का शिकार हो सकते हैं।

**मीन राशि:** आप की मेहनत और सूझ-बूझ से उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। समय शुभ व अनुकूल फलों को देने में समर्थ होगा तथा मान-सम्मान में वृद्धि होगी।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

नोट- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# एसआईआर की प्रक्रिया जारी रहने का आदेश स्वागत योग्य



ललित गर्ग

बिहार में चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया लगातार चर्चा में है। जहां एक तरफ इसे लेकर शुरू की गई कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा सोमवार को पटना में विपक्षी नेताओं की रैली के साथ समाप्त हुई, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर नए आदेश जारी करते हुए मतदाता सूची सुधार का कार्य आगे भी जारी रहने का निर्देश जारी किये हैं, यह निर्देश स्वागतयोग्य है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह पूरा प्रकरण आखिरकार कैसा मोड़ लेगा और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर किस तरह का असर डालेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि बिहार के मतदाता 1 सितंबर के बाद भी दावा या आपत्ति कर सकेंगे।

यह निर्देश बहुत जरूरी है, क्योंकि अभी भी राजनीतिक दलों की शिकायतें दूर नहीं हुई हैं। ज्यादातर आम लोगों की शिकायतों का निवारण कर दिया गया है, पर कुछ राजनीतिक पार्टियों के लिए एसआईआर की खामी एक बड़ा मुद्दा है। महागठबंधन में शामिल दल इस मुद्दे में विवाद खड़े करने में ही अपने चुनावी हित देख रहे हैं। हालांकि, न्यायालय ने उचित ही बताया है कि मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर असमंजस की स्थिति काफी हद तक 'विश्वास का मामला' है। इसका मतलब, जो राजनीतिक अविश्वास है, उसे दूर करने के लिए स्वयं दलों को सक्रिय होना पड़ेगा। न्यायालय की इस सलाह पर राजनीतिक दलों को गौर करना चाहिए और इस प्रक्रिया को सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ाना चाहिए। क्योंकि चुनाव सुधार एक सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर सभी राजनीतिक दल यह ठान लें, तो चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सकता है। वास्तव में, मतदाता पुनरीक्षण का काम राजनीतिक दलों को अपने स्तर पर लगातार जारी रखना चाहिए, इससे लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित होगी एवं चुनाव की खामियों को सुधारा जा सकेगा। वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित रैली में विपक्षी नेताओं ने जो कुछ कहा, उससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई इस प्रक्रिया के औचित्य को लेकर वे अभी आश्वस्त नहीं हैं। वैसे इस तरह की संवैधानिक प्रक्रियाओं को भी राजनीतिक रंग देना, विडम्बनापूर्ण है। इससे भी बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है विपक्षी नेताओं द्वारा कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग को आरोपों के दायरे में शामिल रखा जाना। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी नेता चुनाव आयोग और सरकार को घेरते हुए यह मुद्दा बार-बार उठाते रहेंगे।

विपक्षी दल इस विषय में जिस तरह की नकारात्मकता दर्शा रहे हैं, वह भी प्रश्नों के घेरों में एवं अतिश्योक्तिपूर्ण है। क्योंकि यह अत्यंत सामयिक और संवेदनशील है। बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया, एक ओर मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने का प्रयास है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा इस प्रक्रिया को चुनौती देते हुए 'वोटर अधिकार यात्रा' निकालना और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना, लोकतंत्र की सेहत और स्थायित्व को धुंधलाता है। सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई का जहां तक सवाल है तो वहां भी विपक्षी दल और चुनाव आयोग एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाते नजर आए। जहां विपक्षी दलों के वकील इस प्रक्रिया की खामियों की ओर कोर्ट का ध्यान दिलाते रहे, वहीं चुनाव आयोग के वकील ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या इस प्रक्रिया में नहीं, बल्कि उस मानसिक सोच में है, जो आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। उनके मुताबिक दूसरे पक्ष की मानसिकता ही खोट निकालने की हो गई है। इसमें दो राय नहीं कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले को यथासंभव उपयुक्त ढंग से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन यह देखना बाकी है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया में सभी पक्षों का विश्वास जीतने और सभी योग्य मतदाताओं की आशंकाएं दूर करने में किस हद तक कामयाब हो पाता है। निश्चित ही पुनरीक्षण की प्रक्रिया में अभी तक के अनुभव मिले-जुले रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने बताया कि राजनीतिक दल सूची में मतदाताओं को शामिल करने के दावों के बजाय उन्हें हटाने की मांग करते हुए आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं। अगर चुनाव आयोग ने ज्यादा नाम काटे होते, तो नाम जोड़ने के लिए ज्यादा दावे होते। कांग्रेस को शायद अभी भी शिकायत है कि उसके एजेंटों के दावे पर गौर नहीं किया गया है। दूसरी ओर, चुनाव आयोग ने कहा है कि दावे यथोचित प्रारूप में नहीं किए गए हैं। ऐसे में, चुनाव आयोग को कुछ उदारता बरतते हुए अपनी सूची का हकीकत से मिलान करना चाहिए। बिहार में ही बड़ी पार्टियों के तमाम बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) सक्रिय हो जाएं, तो मतदाता सूची को दोषरहित बना सकते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय की भी यही मंशा है। मतदाता सूची को लेकर विवादों में पड़े रहना हर प्रकार से अफसोसजनक होगा, इससे हमारे लोकतंत्र की गरिमा घटेगी। गौर करने की बात है कि शीर्ष अदालत के निर्देश पर सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों और पैरा लीगल स्वयंसेवकों को पुनरीक्षण में लगाया जाएगा। वास्तव में, पुनरीक्षण जल्दी संपन्न होना चाहिए, ताकि बिहार चुनाव में देरी न होने पाए। चुनाव आयोग भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है। इसका दायित्व केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि चुनाव की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना भी है। मतदाता सूची में गड़बड़ी, डुप्लीकेट नाम, मृत व्यक्तियों के नाम, या फर्जी पंजीकरण जैसी समस्याएं अक्सर चुनावी निष्पक्षता पर प्रश्न उठाती रही हैं। ऐसे में एसआईआर जैसी प्रक्रिया को चुनाव आयोग द्वारा लागू करना आवश्यक कदम माना जा सकता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले पर्याप्त राजनीतिक परामर्श, जनजागरूकता और पारदर्शिता सुनिश्चित की गई थी? यदि ऐसा नहीं हुआ, तो राजनीतिक दलों का असंतोष स्वाभाविक है। इसमें कोई शक नहीं कि पुनरीक्षण के मामले ने बिहार की राजनीति को गरमा दिया है। बिहार आज निर्णायक मोड़ पर है। विशेष रूप से जन सुराज पार्टी के जो तेवर हैं, उससे बिहारी राजनीति के पूरे कलेवर पर असर पड़ सकता है। बिहार का विकासोन्मुख होना जरूरी है। इस जरूरत को बिहार में नया और पुराना विपक्ष ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष भी नए सिरे से समझ रहा है। लोगों के लिए तो यही सबसे अच्छी बात होगी कि सभी राजनीतिक दल अपने मुद्दों में विकास और रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा को सबसे ज्यादा तरजीह दें। अब बड़ा प्रश्न है कि यदि सुप्रीम कोर्ट आयोग के पक्ष में निर्णय देती है, तो विपक्ष को अपने आंदोलन का औचित्य सिद्ध करना कठिन होगा। वहीं यदि अदालत को प्रक्रिया में खामियां मिलती हैं, तो आयोग की कार्यप्रणाली पर गहरे प्रश्न उठेंगे। विपक्ष की ओर से इसे सीधे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताना भी अतिशयोक्ति कहा जा सकता है, क्योंकि मतदाता सूची को शुद्ध करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही हिस्सा है। यदि ऐसे हर संवैधानिक कदम को राजनीतिक रंग देकर विवादित बना दिया जाए, तो लोकतंत्र में संस्थाओं की मजबूती के बजाय कमजोरी ही बढ़ेगी। एसआईआर जैसी पहल की केवल बिहार ही नहीं, समूचे देश में जरूरत है ताकि चुनाव प्रक्रिया भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों से मुक्त हो सके। लेकिन इसकी सफलता तभी सुनिश्चित होगी जब यह निष्पक्ष, पारदर्शी और सर्वसम्मत तरीके से लागू हो। चुनाव आयोग को न केवल अपने कदमों की संवैधानिकता, बल्कि उसकी जनस्वीकार्यता भी सुनिश्चित करनी चाहिए। विपक्ष को भी इस प्रक्रिया को मात्र राजनीतिक हथियार बनाने के बजाय रचनात्मक संवाद के जरिए समाधान तलाशना चाहिए। लोकतंत्र केवल मतदाताओं की भागीदारी से नहीं, बल्कि संस्थाओं पर विश्वास से भी जीवित रहता है। इसलिए संस्थाओं की गरिमा और पारदर्शिता दोनों की रक्षा अनिवार्य है।

# भारी बारिश बरपा रही है कहर!



सुनील कुमार महला

जलवायु परिवर्तन, अंधाधुंध विकास, अनियोजित शहरीकरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों के किनारों पर अतिक्रमण व विभिन्न मानवजनित कारणों से आज संपूर्ण धरती पर बारिश का पैटर्न लगातार बदलता चला जा रहा है और हमें प्रकृति के रौद्र रूप का सामना करना पड़ रहा है।मानसून के दौरान कभी अचानक बादल फटने, कभी लगातार भारी वर्षा, तो कभी अल्प समय में रिकॉर्ड तोड़ बारिश ने न सिर्फ़ सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, बल्कि जान-माल की भारी क्षति भी पहुँचाई है।

उत्तर भारत में इस साल बहुत ज्यादा बारिश हुई है और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान , हरियाणा में जन-धन की व्यापक क्षति हुई है। पंजाब में तो बाढ़ से बहुत बुरा हाल हो गया है। बाढ़ से जहां एक ओर खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हो चुकीं हैं, पशु धन हानि से लेकर मिट्टी की उर्वरता तक पर बहुत असर पड़ा है। अनेक लोग बाढ़ के कारण बेघर हो गए हैं।कहना ग़लत नहीं होगा कि बाढ़ के पानी ने अनेक स्थानों पर बहुत से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों तक को तहस-नहस कर दिया है।सच तो यह है कि बारिश के आगे अब लोग लाचार व असहाय नजर आ रहे हैं।इस बार मॉनसून का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन रहा है। यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो उत्तर-पश्चिम भारत (जिसमें उत्तर भारत शामिल है) में इस मॉनसून का औसत बारिश 21% अधिक रहा—पिछले 12 वर्षों में सबसे ज़्यादा बारिश की मात्रा। यह स्थिति 2013 के बाद पहली बार देखी गई है।विशेष रूप से अगस्त माह में बारिश ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सामान्य से लगभग 34.5% अधिक बारिश दर्ज की है।जून से अगस्त तक पूरे देश में मानसूनी वर्षा में 6.1%, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत में 34.4% अधिक बारिश हुई। आंकड़े बताते हैं कि पंजाब में अब तक लगभग 1,000 गांव बाढ़ की चपेट में आए और 61,000 हेक्टेयर से अधिक खेत जलमग्न हो गए। लगभग 1.46 मिलियन (14.6 लाख) लोग प्रभावित हुए, जिन्हें बड़ी मात्रा में निकाला गया।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 29 लोगों की मौत हुई और हज़ारों लोग विस्थापित हुए; लगभग 300,000 एकड़ (9121,400 हेक्टेयर) खेत, फसल कटने से पहले ही पानी में डूब गए। वहीं दूसरी ओर हिमाचल में बारिश और भूस्खलनों ने 326 लोगों की जान ले ली। अगस्त में 431.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जो 1949 के बाद सबसे अधिक थी।प्रदेश भर में 1,200 से अधिक सड़कें अवरुद्ध हो गये, कई घर ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गये तथा लोगों को 25,000 राहत व अस्थाई शिविर उपलब्ध कराये गए। जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी के पास एक भयंकर भूस्खलन में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। वहीं पर जम्मू में 368 मिमी वर्षा हुई जो सामान्य से 726% अधिक थी—यह अगस्त 23-27 के बीच रिकॉर्ड की गई।समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार केवल एक दिन में 36 लोग मारे गए, और कई सेवाएँ बाधित हुईं। कुल मिलाकर, किस्तवाड़ में पहले ही 60 लोग मृत और 200 लापता थे; फिर अन्य घटनाओं से कुल गिरावट और मौतें बढ़ीं।उत्तराखंड में कई जिलों (रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, टिहरी) में बादल फटने की घटनाओं से 7 मौतें, और 8 लोग लापता बताए जा रहे हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि यह संकट की घड़ियां हैं, क्यों कि बारिश से पूरा जन-जीवन अस्त-व्यस्त हुआ है।

देश के नागरिक संकट के वक्त में शासन से सहानुभूति और निर्णायक मदद की कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।शासन, प्रशासन व सरकार मदद हेतु कार्रवाई कर भी रही है। बाढ़ की तबाही से किसानों को बहुत नुक्सान पहुंचा है। विशेषकर पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश से सड़कों का ताना-बाना बिखर गया है। बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि ने व्यापक जन-धन की हानि की है। भूस्खलन की घटनाओं से सड़कों, पुलों, घरों व इंफ्रास्ट्रक्चर को जो नुकसान पहुंचा है,उसकी भरपाई करना इतना आसान नहीं है। कहना ग़लत नहीं होगा कि बारिश से संवेदनशील पहाड़ी राज्यों की अर्थव्यवस्था भी कहीं न कहीं खतरे में पड़ गई है। बाढ़ ने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया है। बारिश से उतर भारत के अनेक राज्यों में काफी नुकसान पहुंचा है।हर जगह त्राहि-त्राहि ऐसे समय में विशेष आपदा राहत की जरूरत महत्ती है। वास्तव में, राज्यों में विनाश के स्तर को देखते हुए तत्काल और ठोस हस्तक्षेप करने की जरूरत है। वक्त की मांग है कि इन क्षेत्रों के लिये विशेष राहत पैकेज की घोषणा हो। आपदा राहत निधि का त्वरित वितरण किया जाए। इसके साथ ही जरूरी है कि पीड़ित परिवारों को तुरंत सीधा वित्तीय हस्तांतरण किया जाए।एक बात और, यह समय आपदा प्रबंधन या राहत पर राजनीति करने का नहीं है।यह घोर संकट की घड़ी है और इस संकट की घड़ी से उबरने के लिये राजनीतिक मतभेदों को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है। हाल फिलहाल,प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाना (रेस्क्यू ऑपरेशन) हमारी जिम्मेदारी है।अस्थायी आश्रय स्थल (राहत शिविर) स्थापित करना, पीड़ितों को समय पर भोजन, पानी, दवाइयाँ और कपड़े उपलब्ध कराना, उन्हें प्राथमिक उपचार और चिकित्सकीय सहायता देना तथा बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों को विशेष सहायता प्रदान करना हम सभी का सामूहिक दायित्व और कर्तव्य है। इसके साथ ही, हमें दीर्घकालिक आपदा प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देना होगा।साथ ही साथ, कहना चाहूंगा कि बरसात सुख की हो, इसके लिए ज़रूरी है कि हम प्रकृति की भी मर्यादा को समझें और उसका सदैव सम्मान करें।

हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि प्रकृति हमारी जीवनदायिनी है। यदि हम उसके साथ छेड़छाड़ करेंगे—पेड़ काटेंगे, नदियों को प्रदूषित करेंगे, पहाड़ों और जंगलों को नष्ट करेंगे—तो इसका सीधा दुष्परिणाम हमें ही भुगतना पड़ेगा। बाढ़, भूकंप, सूखा, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन इसी का परिणाम हैं। इसलिए हमें चाहिए कि हम प्रकृति का संरक्षण करें, पेड़ लगाएँ, जल-संरक्षण करें और प्रदूषण कम करें।

# विधायिका-गरिमा और हंगामे का कड़वा सच



बाल मुकुन्द ओझा

राजस्थान विधानसभा के चौथे सत्र का पहला ही दिन सोमवार को हंगामे की भेंट चढ़ गया। दिल्ली की तर्ज़ पर राज्यों में भी कांग्रेस और सहयोगी दलों का एक सूत्री प्रोग्राम भाजपा शासित राज्यों में निर्वाचित सदनों को ठप्प करना है। ऐसा लगता है कांग्रेस ने अब तय कर लिया है कि वोट चोरी के आरोप को गरमाये रखना है। बिहार से शरू हुआ 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का यह अभियान अब राजस्थान में भी जोर-शोर से पहुंच गया है। कांग्रेस विधायकों के जोरदार हंगामे और नारेबाजी के बीच विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने हालांकि कड़ा रुख अपनाते हुए नाराजगी जाहिर की, मगर हंगामा करने वाले सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने विधायकों को शांत रहने की हिदायत दी और कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है, यह कोई बाजार या चौराहा नहीं है। आधे घंटे के भारी शोर शराबे के बाद आखिर स्पीकर ने तीन सितम्बर तक सदन स्थगित कर दिया। आगे भी कार्यवाही शांति से चलेगी और जनता की समस्याओं को उठाया जायेगा, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। राहुल गाँधी ने एटम बम के बाद हाइड्रोजन बम के विस्फोट का ऐलान कर दिया है।

पटना में उन्होंने %वोटर अधिकार यात्रा% के समापन के मौके पर यह दावा किया कि वोट चोरी का 'हाइड्रोजन बम' आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनता को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। राहुल गाँधी पिछले कई सालों से मोदी सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सनसनी खेज आरोप लगाते रहे है। अबराजस्थान के कांग्रेसी कहां पीछे रहने वाले थे, उन्होंने भी अपने नंबर बढ़ाने के लिए वोट चोरी का मुद्दा लपक लिया। देश की संसद और राज्यों की विधानसभाएं आजकल लगातार हंगामे की शिकार हो रही है। विधायिका की सार्थकता पर अब सवाल उठने लगे हैं। समूचे देश की विधायिकाओं में स्वस्थ और रचनात्मक वाद विवाद और बहस के बजाय हंगामा ही हो रहा है। लगता है विपक्ष का एकमात्र काम हंगामा ही रह गया है। किसी न किसी बहाने हंगामा करना स्वस्थ बहस से ज्यादा जरुरी हो गया है। विरोध का भी एक तरीका होता है। कहावत है पीने वाले को पीने का बहाना चाहिए और हंगामा करने वाले को हंगामे का बहाना चाहिए और बहाना मिल गया है वोट चोरी का। साफ है कि विपक्ष को विधान सभा ठप करने का बहाना चाहिए। सच तो यह है कांग्रेस उन मसलों की खोज करती दिख रही है जिनके जरिये हंगामा किया जा सके और अब हंगामे का मतलब किसी मसले पर सरकार से जवाब मांगना या किसी मसले पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि ऐसे हालात पैदा करना होता है जिससे वहां कोई काम ही न हो सके।

इसके भरे-पूरे आसार हैं कि अगर कांग्रेस हंगामा करने लायक कोई मसले नहीं खोज पाई तो उसे ऐसे मसले उपलब्ध करा दिए जाएंगे। अब यह मसला बिहार चुनाव और वोट चोरी के कथित आरोप ने कांग्रेस के हाथों में थमा दिया है। इससे बुरी बात और कोई नहीं हो सकती कि देश और प्रदेश विधायकी चलने की बाट जोहे और कुछ राजनीतिक दल अपना सारा जोर निर्वाचित सदनों को न चलने देने में लगाएं। यह सही है कि विधायकी सत्र पहले भी बर्बाद हुए हैं। मगर अब हर छोटी मोटी बात पर संसद में हंगामा मामूली बात रह गया है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पक्ष और विपक्ष में जो कटुता देखने को मिली वह लोकतंत्र के हित में नहीं कही जा सकती। इससे हमारी लोकतान्त्रिक प्रणाली का ह्रास हुआ है। आज सत्ता और विपक्ष के आपसी सम्बन्ध इतने खराब हो गए है की आपसी बात तो दूर एक दूसरे को फूटी आँख भी नहीं सुहाते। दुआ सलाम और अभिवादन भी नहीं करते। औपचारिक बोलचाल भी नहीं होती। लोकतंत्र में सत्ता के साथ विपक्ष का सशक्त होना भी जरुरी है मगर इसका यह मतलब नहीं है की कटुता और द्वेष इतना बढ़ जाये की गाली गलौज की सीमा भी लाँघी जाये।

# वोटर अधिकार यात्रा में अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल चिंतनीय

महेन्द्र तिवारी

बिहार में विधानसभा चुनावों की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारी में जुटी हुई हैं। लेकिन लोकतंत्र में चुनाव केवल जीत-हार का खेल नहीं होते, बल्कि यह पूरे समाज की राजनीतिक संस्कृति का आईना होते हैं। मतदाता किसी भी दल को वोट देते समय केवल उसके वादों या घोषणाओं पर ही भरोसा नहीं करते, बल्कि यह भी देखते हैं कि उसके नेता किस तरह बोलते हैं, किस प्रकार अपनी बात रखते हैं और उनकी राजनीतिक शैली में कितना संयम और शालीनता है। भारतीय राजनीति में अब तक यह परंपरा रही है कि विपक्ष सत्ताधारी नेताओं की आलोचना करता है, उनकी नीतियों और फैसलों पर सवाल उठाता है, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर भाषा की मर्यादा बनाए रखता है। इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश आज कांग्रेस करती दिखाई दे रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगातार तीखे और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। कभी उनकी पृष्ठभूमि पर तंज कसे जाते हैं, कभी उनकी मां को लेकर अपमानजनक बयान सामने आते हैं और अब सीधे-सीधे उन्हें 'तू' कहकर संबोधित करने की परंपरा भी शुरू हो चुकी है। सवाल यह है कि क्या ऐसी 'फूहड़पन' से कांग्रेस सत्ता में लौट पाएगी या फिर यह रणनीति उसे और नुकसान पहुंचाएगी। राजनीतिक इतिहास गवाह है कि भारत में जब भी किसी नेता पर व्यक्तिगत हमले हुए, उसका परिणाम अक्सर हमलावर को नुकसान और हमले का शिकार बने व्यक्ति को लाभ के रूप में सामने आया।

अतीत में अटल बिहारी वाजपेयी हों या मनमोहन सिंह, उनके कार्यकाल में भी विपक्ष ने कई मुद्दों पर तीखा विरोध किया लेकिन व्यक्तिगत मर्यादा को लांघा नहीं। यही कारण था कि जनता दोनों को गरिमा से भरे प्रधानमंत्री के रूप में याद करती रही। नरेंद्र मोदी की राजनीति ने पिछले एक दशक में विपक्ष के लिए यह संदेश और भी स्पष्ट कर दिया है कि उन पर निजी हमले उल्टा असर डालते हैं। जब 2019 के चुनाव से पहले 'चौकीदार चोर है' का नारा बुलंद किया गया तो उसका नतीजा यह हुआ कि मोदी ने उसी नारे को अपने पक्ष में बदलकर 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाया और जनता के बीच सहानुभूति की लहर पैदा कर दी। नतीजा यह हुआ कि बीजेपी ने पहले से भी बड़ी जीत दर्ज कर ली। 2023 और 2024 में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जब 'मुहब्बतकीदुकान' कानारादिया, तो कांग्रेस समर्थकों को लगा कि यह पार्टी की छवि सुधारने का प्रयास है। राहुल गांधी का फूलों के साथ लोगों से संवाद करना, फ्लाइंग किस देना और संसद में अपेक्षाकृत सौम्य भूमिका निभाना, सबने मिलकर यह संदेश देने की कोशिश की कि कांग्रेस नफरत नहीं, बल्कि मोहब्बत और एकता की राजनीति करना चाहती है। यह एक सकारात्मक और आकर्षक प्रयोग था, जिसने राहुल की छवि को एक हद तक मानवीय और उदारवादी बनाया। लेकिन इसी दौरान सोशल मीडिया पर कांग्रेस की आईटी और मीडिया सेल लगातार प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करती रही।

यही नहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस ने सौ से अधिक सीटें पायीं तो पार्टी के नेताओं में जोश और बढ़ गया और उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर मोदी के खिलाफ अपशब्द बोलना तेज कर दिया। राहुल गांधी खुद अब 'फूहड़पन' पर उतर आए हैं। बिहार में उनकी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री को लेकर जिस तरह की भाषा इस्तेमाल हुई, उसने राजनीतिक माहौल को और विषाक्त बना दिया। कांग्रेस के आधिकारिक एक्सहैंडल से जारी पोस्टर में मोदी को वोट चोर तक कहा गया। इससे यह सवाल और गहरा हुआ कि आखिर कांग्रेस अपनी राजनीतिक असफलताओं का समाधान इस तरह की भाषा में क्यों ढूंढ रही है। गुरुवार को जब राहुल गांधी की सभा में मंच से मोदी की मां को लेकर भी अपमानजनक टिप्पणी की गई, तो पटना में हालात बिगड़ गए और अगले ही दिन बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस दफ्तर पर हमला बोल दिया। यह टकराव लोकतांत्रिक राजनीति को हिंसा और अव्यवस्था की तरफ धकेलने वाला था। गृहमंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी कि 卐जितनी गालियां मिलेंगी, उतना ही कमल खिलेगा।卐 इस कथन से साफ है कि बीजेपी इसे सीधे राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करेगी। मतदाता मनोविज्ञान को समझना कांग्रेस के लिए बेहद जरूरी है। भारत का आम मतदाता भले ही भावुक हो, लेकिन वह यह अच्छी तरह जानता है कि व्यक्तिगत गाली-गलौज राजनीति का विकल्प नहीं हो सकती। गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई जैसे मुद्दे उसकी रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करते हैं। यदि कोई विपक्षी दल इन मुद्दों पर ठोस नीतियां और व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करे, तो जनता उसे गंभीर विकल्प मानेगी। लेकिन जब वही दल केवल अपशब्दों और नकारात्मक अभियानों में उलझा हो, तो मतदाता उसे अस्वीकार कर देता है। यही कारण है कि कांग्रेस के तमाम प्रयासों के बावजूद जनता का भरोसा बीजेपी से पूरी तरह नहीं टूटा।

### दौसा में बरसात में मचाई तबाही

## दौसा शहर हुआ जलमग्न सड़के बनी दरिया नाले आये उफान पर




**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** मौसम विभाग के चेतावनी के चलते दौसा जिले में करीब 4 घंटे की हुई मूसलधार बरसात ने दौसा शहर में फिर हालत बिगाड़ दिए हैं ।आसमान से बरसा पानी आफत बनकर सामने आया है। दौसा शहर में जगह-जगह जल भराव हो गया है। हरिपुरा बांध ओवरफ्लो होने से नहर के खोलने से उसके पानी को कम किया गया। जिसके चलते हरिपुरा की पुलिया पर दो से तीन फीट तक रात को पानी बह रहा है।सिविल लाइन भी पानी में डूबी हुई है। चारों तरफ शहर में पानी पानी है।ह॥ 21 के जयपुर रोड पर सर्विस लाइन पर करीब 2 किलोमीटर तक 2 फीट तक पानी भरा हुआ है। निचले हिस्से की कॉलोनीयों में भी पानी भरने से कई कॉलोनी जलमग्न होने से उनका आवागमन बाधित हो गया है। दौसा जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में बरसात का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं ।और कंट्रोल रूम को भी सूचित किया है कि जैसे ही बरसात से संबंधित सूचना हो तो तुरंत उच्च अधिकारी को बताया जाए। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने भी खुद सिविल लाइन क्षेत्र में पूरे जल भराव का निरीक्षण किया जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि बीती रात दोसा में 177 एमएम की बरसात हुई है ।पूरे जिले की बात करें तो लालसोट, सिकराय, रामगढ़ पचवारा में अच्छी बरसात हुई है। रामगढ़ पचवारा में 100 रूरू के करीब बरसात हुई है। बरसात की बात करें तो पूर्व में भी 285 रूरू दोसा में बरसात हुई थी। कई बांध लबालब है कई क्षेत्र ऐसे हैं हमारे जो बरसात में डूब जाते हैं कई ओवरफ्लो करते हैं । जैसे हमारे हरिपुरा बांध ओवरफ्लो कर रहा है महेश्वरा बांध ओवरफ्लो कर रहा है। लेकिन हमारी जो भी सिस्टम है वह सब दुरुस्त है। नगर परिषद और एसडीएम साहब पूरे शहर का निरीक्षण कर रहे हैं । कंट्रोल रूम को शिकायत प्राप्त हो रही है । बांधों को शक्तिग्रस्त होने पर हम सूचना पर तुरंत उन्हें रिपेयर करवा रहे हैं । कटाव लगाकर भी हमको पानी निकलना पड़ रहा है वह भी हम कर रहे हैं । लोगों से अपील है कि कोई भी शिकायत हो तो हमारे कंट्रोल रूम पर तुरंत बताएं हमारी सारी एजेंसी एक्टिव है और जहां पानी भरा हुआ है वहां पर जाने के लिए आमजन अवॉइड करें । रात को हमारे पास शिकायत आई थी कि हरिपुरा बांध में अधिक पानी आने की वजह से कई क्षेत्र जो डूब सकते हैं तो रात को ही हमने सारी टीमों को मोबिलाइज कर दिया था । ग्राम सेवक और बीडीओ भी जो भी शिकायत थी उसका समाधान करवा दिया गया है

### गणेश विघ्नहर्ता आराधना से जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती : राजेंद्र कुमार व्यास



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** गणेश चतुर्थी से अनंत चौदस तक चलने वाले पावन पर्व पर बीकानेर के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य राजेंद्र कुमार व्यास उर्फ़ ममू महाराज अपने पूरे परिवार सहित गणपति बप्पा की भक्ति में रमे हुए हैं। ममू महाराज ने गणेश चतुर्थी के दिन अपने निवास पर गणपति जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की शुरुआत की।

### राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भामाशाहों के सहयोग को मिले केन्द्रीय जीएसटी से छूट,पचीसिया एवं किराडू ने लिखा प्रधानमंत्री मोदी को पत्र

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया एवं सचिव वीरेंद्र किराडू ने भामाशाहों द्वारा राष्ट्र हित में किये जाने वाले खर्च से केन्द्रीय जीएसटी में पूर्ण राहत प्रदान करने हेतु पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, वित्त मंत्री भारत सरकार निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय क़ानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भिजवाया । पत्र में बताया गया कि राष्ट्र निर्माण में भामाशाहों का सर्वाधिक योगदान आजादी पूर्व से चलता आ रहा है ।भामाशाहों के योगदान से निर्माण करने जैसे शिक्षा, चिकित्सा, जल के संचय हेतु कुँए, बावड़ी, तालाब, गौसेवा, सडकें व अन्य क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका रही है । वर्तमान में भी भामाशाहों के योगदान से सेवा प्रकल्प निरंतर जारी है ।पूर्व में भामाशाहों द्वारा जब भी सेवा प्रकल्प कराए गये तब संबंधित केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा किसी भी प्रकार का करारोपण नहीं किया जाता था । वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जीएसटी प्रभावी होने के पश्चात भामाशाहों द्वारा जो जनहित में सेवा कार्य किये जा रहे हैं इस हेतु किये जाने वाले निर्माण करवाकर, उपकरणों, व संयंत्र लगाकर सरकारों को हस्तांतरण कर दिया जाता है, उस पर वर्तमान में जीएसटी व अन्य कर लगाए जाते हैं जो कि सर्वदा अनुचित है ।जहां एक और भामाशाह अपनी जन्मभूमि एवं अपनी कर्मभूमि के विकास एवं समाज के हित के लिए अपने खून पसीने से कमाई हुई पूँजी को खर्च कर अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहते हैं वहीं दूसरी और केंद्र व राज्य सरकारें भामाशाहों के द्वारा करवाए गये जनहित के कार्यों पर जीएसटी जैसे करारोपण कर दान की भावना को आहत पहुंचाते हैं ।

## मुख्यमंत्री से पैगंबर मुहम्मद साहब के 1500 वें जन्मदिवस को सुखा दिवस घोषित करने की मांग का दिया ज्ञापन

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुस्लिम समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पैगंबर मुहम्मद साहब का 1500 वां जन्मदिवस 05 सितंबर को मनाया जाएगा। मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एन डी कादरी ने बताया कि मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार से जिला कलेक्टर महोदया के माध्यम से गुजारिश करतीं हैं, कि पुरे प्रदेश में इस दिन को सूखा दिवस के रूप में मनाएं जाने की घोषणा की जाये। जैसे कि पिछली सरकार में भी हमारे द्वारा 21 जनवरी 2013 के अनुरोध पर सरकार ने आदेश क्रमांक प 4. (17) वित अब 2004 जारी कर ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर पुरे प्रदेश राजस्थान को सूखा दिवस घोषित किया था । क्योंकि हमारा देश सर्व धर्म एकता की मिसाल माना जाता है। जिसमें राजस्थान हमेशा सर्वोपरि रहा है। यहां सभी धर्मों के तीज-त्योहारों को निष्पक्ष रहकर मनाएं जातें रहे हैं जिसमें सरकारें भी अपना योगदान देती रही है। इस क्रम मुस्लिम महासभा आपसे पैगम्बर हजरत मुहम्मद (स.व) के इस मुबारक दिवस को सूखा दिवस की घोषणा किए जाने का अनुरोध करतीं हैं। ताकि हमारा प्रदेश राजस्थान जिसकी एकता अखंडता की मिसाल पुरे देश में जानी-पहचानी जाती है, को बल मिले। *एसपी कावेद्र सागर साहब से भी सुरक्षा व्यवस्था गुजारिश की* पैगंबर मुहम्मद साहब के जन्मदिवस को 1500 वें जन्मदिवस के रूप में 05 सितंबर 2025 को मनाने जा रहा है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा बीकानेरी गंगा जमुनी तहज़ीब को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम महासभा आपसे गुजारिश करती है कि इस वर्ष भी पुरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था करवाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में एन डी कादरी, शाकिर हुसैन चोपदार,अलीमुद्दीन जामी, मास्टर अब्दुल सत्तार आदि मौजूद रहे।

## सरकार ने एसआई भर्ती पर बनाया कन्फ्यूजन : सचिन पायलट

**मोहनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट मंगलवार को मोहनगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व विधायक रूपाराम धंदेव के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने के मामले पर प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार किया। पायलट ने कहा कि भाजपा सरकार का रुख शुरू से ही अस्पष्ट रहा है। कभी कहते हैं कमेटी बना दी, कभी कहते हैं समिति बना दी, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की उलझी हुई नीति के कारण परीक्षार्थी असमंजस की स्थिति में हैं—चाहे वे सफल हों या असफल। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार अदालत में और बयानबाजी में अलग-अलग बातें कर रही है। यह पूरा कन्फ्यूजन सरकार द्वारा ही उत्पन्न किया गया है और इसका नुकसान युवाओं को उठाना पड़ रहा है। पायलट ने दोहराया कि यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं बल्कि पूरे सिस्टम का संकट है। आर पी एस सीही गंगोत्री है, जहां से परीक्षाएं और इंटरव्यू होकर नौकरियां लगती हैं।

## कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में बारिश से बिगड़े हालात




**बहरोड़ ( हुक्मनामा समाचार )।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से मौसम बदला हुआ है। लगातार बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हो गया है। पिछले 24 घंटे में 44 एमएम और 36 घंटे में 67 एमएम बारिश दर्ज की गई। मंगलवार सुबह से ही रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश ने निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति और बिगाड़ दी। कस्बे में पोस्ट ऑफिस के सामने सबसे ज्यादा समस्या बनी हुई है।, जहां पानी निकासी का स्थाई समाधान नहीं होने से आमजन को गंदे पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। नेशनल हाईवे-48 पर दादा की ढाणी के पास भी पानी निकासी बंद होने से हाईवे और सर्विस रोड के बीच नाला दिखाई नहीं दे रहा है। जिससे वाहनों के चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस थाने के पीछे मानपुरा मोहल्ले में भी पानी भर गया है। मौहल्ले के लोग दूसरे वार्डों और मोहल्लों की गलियों से होकर घरों तक पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर भी जलभराव की समस्या है। अस्पताल गेट पर बने गड्ढे के कारण बाइक गिरने का खतरा बना रहता है। वहीं ग्रामीण इलाकों में भी बारिश से खेतों में कटी पड़ी बाजरे की फसल बर्बाद हो रही है। जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। लोगों का कहना है कि हर बार बारिश होते ही हालात बिगड़ जाते हैं, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हो रहा है।

### मूसलाधार बारिश के कारण मुंबई बड़ोदरा हाईवे पर (बूज गांव अंडरपास) रोड साइड में लगा कटाव। हादसे की आशंका, राजमार्ग पैट्रोलिंग टीम पहुंची मौके पर



**जमवारामगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र में गत 3 दिन से क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश- अतिवृष्टि के कारण हालात खराब होते जा रहे हैं। आंधी क्षेत्र के खरड बांध, रायांवाल बांध, सैंथल सागर बांध एवं दांतली बांध में पानी की आवक जारी है और बांध भरने के करीब नजर आ रहे हैं। अस्थल बांध, घोरेट बांध एवं नीमला बांध ओवरफ्लो होकर चादर चल रही है एवं इसी क्रम में मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण मुंबई बड़ोदरा हाईवे पर बूज गांव में अंडरपास पर रोड साइड में एक खतरनाक कटाव लग गया। जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। हालांकि कटाव की सूचना पर हाईवे निर्माण कंपनी प्रतिनिधि एवं राजमार्ग पैट्रोलिंग टीम प्रतिनिधि सुभाष मोके पर पहुंचे और कटाव की मरम्मत के लिए प्रयास कर रहे हैं। मंगलवार देर रात तक या बुधवार सुबह तक कटाव की मरम्मत होने की पूरी संभावना है।

### आत्मा की उन्नति ऊंचाई के लिए संयम रूपी ऊर्जा शक्ति जरूरी, तीर्थंकर पद भी संयम धारण किए बिना नहीं मिलता हैं :वर्धमान सागर



**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** दिगम्बर जैन नसियां में चल रहे चातुर्मास के दौरान दशलक्षण पर्व के छठे आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने बताया कि उत्तम संयम धर्म संयम में साधु के लिए व्रत धारण कर समिति का, गुप्ती का महावर्तो का पालन कर कषायों का निग्रह कर इंद्रियों पर विजय प्राप्त करते हैं। सम्यक रूप से इंद्रीयों का शमन करना संयम धर्म है। मनुष्य जीवन में नदी के समान तट संयम का होना जरूरी है, क्योंकि नदी के तट किनारे टूट जाने से विनाश होता है, इसलिए संसारी प्राणी को खान-पान, बोलने कार्य करने में चलने उठने बैठने आदि में संयम नहीं होने पर विपदा कष्ट आते हैं। तीर्थंकर पद भी संयम के बिना नहीं मिलता है। इस कारण मन वचन और काय पर संयम जरूरी है, जिस प्रकार पानी को रोककर बांध द्वारा उर्जा उत्पन्न होती हैं, उसी प्रकार आत्मा की उन्नति ऊंचाई के लिए संयम जरूरी है। राजेश पंचोलिया के अनुसार आचार्य ने बताया कि जिस प्रकार ऊंचाई पर स्थित पानी की टंकी को आप विद्युत पंप ऊर्जा से ऊपर चढ़ाते हैं, इस प्रकार जीवन को भी उन्नति पर ले जाने के लिए संयम रूपी ऊर्जा शक्ति जरूरी है। लता बेल दीवार या रस्सी के सहारे ऊपर बढ़ती है, उसी प्रकार बेल रूपी जीवन संयम से ऊंचाई को प्राप्त होता हैं। वाहन चलाते समय एकाग्रता रूपी ब्रेक जरूरी है, उसी प्रकार जीवन में संयम रूपी ब्रेक जरूरी है, हर पल हर घड़ी सावधानी संयम जरूरी है, जीवन अनेक रोगों से ग्रसित है। संयम बंधन से संसारी आत्मा को कर्म बंधन से छुटकारा मिलता है, संयम हितकारी है, संयम से वैराग्य होता है संयम से उन्नति होती है। अतिशयकारी आदिनाथ भगवान का विभिन्न द्रव्यों से पंचामृत अभिषेक देखकर श्रवण बेलगोला के बाहुबली भगवान का महामस्तकाभिषेक स्मरण में आ गया। पंचामृत अभिषेक आगम अनुसार होता है। संघ में प्रथमाचार्य शांतिसागर महाराज के समय से चैत्यालय रखने की परंपरा है, ताकि संघ के श्रावक श्राविकाओं को अभिषेक पूजन करने में असुविधा नहीं हो तथा जिस कारण समाज में कोई विवाद नहीं हो। क्योंकि अभिषेक के बिना पूजन अधूरा होता हैं। समाज की प्राचीन अभिषेक परंपरा को बदलना ठीक नहीं है। समाज प्रवक्ता पवन कंटान एवं विकास जागीरदार के अनुसार आचार्य संघ सानिध्य एवं मुखारविंद से 108 परिवारों द्वारा 108 कलशो से देवाधिदेव 1008 भगवान आदिनाथ का दुग्धशांतिधारा पंचामृत अभिषेक बड़े भक्ति भाव के साथ किया गया एवं इसके पश्चात पांडाल में पांडुकशीला पर भगवान का पंचामृत अभिषेक व शांतिधारा की गई । आचार्य संघ के सानिध्य में इंद्रध्वज मंडल विधान में सोधर्मइंद्र दिनेश छामुनिया, टोनी आंड्रा, मोहन लाल छामुनिया, सुमित दाखीया, ओम ककोड़, विकास अत्तर, नीटू छामुनिया, मुकेश बरवास, लाल चंद फुलेता, नेमीचंद बनेठा, अनिल सर्राफ आदि इंद्र द्वारा बड़े भक्ति भाव करके अर्घ्य समर्पित किए गए । समाज ने सामूहिक रूप से नगर के सभी जिनालयों में अष्ट कर्मों के दहन के लिए धूप अग्नि पर अर्पित की। अनेक महिलाओं ने सुंगध दशमी के उपवास भी किए। शाम को जी, मंडल विधान एवं आचार्य की आरती के बाद सांस्कृतिक प्रश्नोत्तरी ओर अन्य कार्यक्रम हुए।

### लोक देवता वीर तेजादशमी मनाई



**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** टोंक सहित ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को लोक देवता वीर तेजाजी का मेला आयोजित किया गया, जहां दोपहर से ही वीर तेजाजी की पूजा-अर्चना एवं दर्शनार्थ श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिला मुख्यालय पर मोदी की चौकी, चतुर्भुज तालाब स्थित देहलवाल बाबा एवं कृषि मंडी में मन्दिरों पर वार्षिक मेलों का आयोजन किया गया, जहां वैसे तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना के लिए इन मन्दिरों पर सुबह से ही श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा, लेकिन शाम को मेला आयोजित किया गया, जिसमें सजे-धजे परिधानों में महिलाएं गीत-गाती पहुंची, साथ ही पूजा-अर्चना की गई। तेजाजी के मेले में खेल-खिलौने सहित चाट-पकौड़ी आदि की दुकाने सजाई गई थी, जहां न केवल बच्चों बल्कि युवक-युवतियों ने भी खरीददारी की एवं व्यंजन का लुत्फ उठाया।

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय बीकानेर ग्रामीण उपशाखा चुनाव,बहादुरसिंह अध्यक्ष एवं विकास मंत्री निर्विरोध निर्वाचित



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बीकानेर ग्रामीण उपशाखा के चुनाव में बहादुरसिंह अध्यक्ष, विकास पंवार मंत्री, दिनेश कुमार सभाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। बीकानेर ग्रामीण उपशाखा के निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मंत्री मोहम्मद फैसल ने बताया कार्यकारिणी के निर्वाचन में बहादुरसिंह अध्यक्ष, विकास पंवार मंत्री, दिनेश कुमार सभाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष बबीता वर्मा, उपसभाध्यक्ष जायतसिंह सोढा, फिरोज बेग, उपाध्यक्ष विकास वर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार अध्यापक प्रतिनिधि सूर्यप्रकाश, विजयसिंह, हर्ष जैन, गजेन्द्रसिंह बडगुजर, प्रबोधक किसनाराम मेधवाल के अतिरिक्त जिला महासमिति 15 तथा प्रदेश महासमिति के 06 सदस्यों का निर्वाचन भी निर्विरोध हुआ। इससे पूर्व ग्रामीण उपशाखा से जुड़े सदस्यों का सम्मेलन शुभम गार्डन,बीकानेर में सम्पन्न हुआ सम्मेलन में शिक्षक सेमस्याओं पर विन्तन मंथन होकर समाधान हेतु प्रयास करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने कहा कि शिक्षकों को संकल्पित भाव से संगठन के प्रति विश्वास बनाये रखने के साथ साथ समय समय पर आहुती के लिए तैयार रहना होगा तभी शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षण में निरन्तर नवाचार करते हुए शिक्षक अपने दायित्व के प्रति सजग रहते हुए कार्य करे तभी उसका आदर हो सकेगा।

### 69 वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितम्बर से



**टोंक ( हुक्मनामा समाचार )।** 69 वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी एवं शतरंज प्रतियोगिता की आयु वर्ग 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा का आयोजन जिला मुख्यालय पर स्थित आलोक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 14 से 17 सितम्बर तक किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक टोंक राजेश कुमार शर्मा ने संशोधित आदेश जारी करते हुए बताया कि पूर्व में उक्त दोनों प्रतियोगिताएं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लम्बाहरिसिंह में आयोजित की जानी थी] किन्तु अब ये दोनों प्रतियोगिताएं टोंक शहर के आलोक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 14 से 17 सितम्बर तक सम्पन्न होंगी। संस्था की निदेशक शकुंतला चौधरी ने बताया कि उक्त दोनों प्रतियोगिताओं में पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने वाले टोंक जिले की सरकारी व निजी स्कूलों में नियमित रूप से अध्ययरत पात्र छात्र-छात्राएं ही भाग ले सकेंगे।

### से.नि.शि.अ. समिति का वार्षिकोत्सव 5 सितम्बर को होगा शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी समिति, बीकानेर द्वारा भारत रत्न, दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर 'शिक्षक दिवस एवं वार्षिकोत्सव' समारोह दिनांक 5 सितम्बर, 2025 को प्रात: 10:00 बजे से शिव मन्दिर प्रन्यास भवन, जयनारायण व्यास नगर, बीकानेर में संजय सिंह सैंगर, से.नि.जिला शिक्षा अधिकारी, पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ राजस्थान बीकानेर की अध्यक्षता में मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार मित्तल ने बताया कि इस समारोह में समिति के भवानी शंकर व्यास 'विनोद' को 90 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर शिक्षक राजऋषि सम्मान से, 70 वर्ष या अधिक आयु वाले अनिल कुमार कौशिक, चंचल अग्रवाल, गोपाल पालीवाल, चन्द्र प्रकाश शर्मा, बलविन्द्र कौर, प्रदीप कुमार कच्छावा को शिक्षक ऋषि तथा 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले श्याम कृष्ण त्रिवेदी, इन्द्रसिंह शेखावत को शिक्षक महर्षि सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

### नांगल बैरसी से दादू महाराज की 23वीं विशाल पदयात्रा रवाना



**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** दादू मंदिर नांगल बैरसी से दादू महाराज की 23वीं विशाल पदयात्रा एवं दादू वाणी भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई रथ मे दादू वाणी विराजमान कर नगर परिक्रमा करते हुए राममंदिर पहुंची वहां पर से संत दादू दयाल महाराज की दादू मोक्ष धाम भैराणा के लिए पदयात्रा रवाना हुई। जिले के विभिन्न गांवों व दादू मंदिर नांगल से दिनांक 2सितंबर को प्रात 8 बजे ध्वज पूजन मंगला स्तुति के बाद पदयात्राएं रवाना हुई । जिसमें नांगल राजावतान, सुंदरबाग, कोलूखोरा, खेडा , थुमडी ,लाल दास जी की बगीची , धरणवास, हापावास, बालावास , कालीखांड, सहसपुर,लाडली का बास,जौण, झुपड़िया,गीजगढ़,टोडाभीम, पापड़दा ,रानीवास आदि गांवों से पदयात्राएं चलकर दादू मंदिर नांगल बैरसी एकत्रित हुई।

### संस्कार निर्माण की कार्यशाला स्काउटिंग- आर. पी. सिंह

## झुंझुनू में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का स्टेट कमिश्नर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**झुंझुनू ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय, झुंझुनू के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय स्काउटर गाइडर प्रशिक्षण शिविर का आकस्मिक निरीक्षण स्टेट कमिश्नर एवं पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर.पी. सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, मूलभूत सुविधाओं और कार्यालय व्यवस्था की गहनता से जांच की और झुंझुनू जिले के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन राजस्थान में रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विशेष रूप से झुंझुनू जिला सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पूर्व पुलिस अधीक्षक (झुंझुनू) रहे सिंह ने स्काउट्स गाइड्स को卐मिनी आर्मी卐 की संज्ञा देते हुए कहा कि यह संगठन चरित्र निर्माण और संस्कारों की शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है।शिविर के चौथे दिन स्टेट कमिश्नर सिंह का स्वागत इंदिरा गांधी बालिका निकेतन शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय, अरडावता की छात्रा अध्यापिकाओं ने तिलक और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया। ध्वजारोहण सिंह के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी अतिथियों ने



मुक्त कंठ से सराहना की। लता शर्मा और हिमानी ने शिविर अनुभव साझा किए।सी.ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिविर में न्यू इंडियन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सेठ मोतीलाल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, और माता केसरी देवी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, राजोता खेतड़ी की सैकड़ों छात्रा अध्यापिकाएं शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन डिंपल और मनीषा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य अनीता चौधरी, गाइड कैप्टन रेवा शोनक, वरिष्ठ स्काउट मास्टर रामदेव सिंह गढ़वाल, यादराम आर्य, रामानंद आजाद, सुरेश यादव, नवीन कुमार, दिनेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## अपनी संस्कृति व सांगोपांग लोक कला राजस्थान का गर्व है : राजवीर सिंह चलकोई

# राज्य की भोपा जाति के सुरीले साज 'रावण हत्था' की मनमोहक प्रस्तुति के साथ भव्य सांस्कृतिक आयोजन

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय संस्थान नगर प्रांगण में राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान द्वारा घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु दिवस पर राज्य की भोपा जाति के सुरीले साज 卐रावण हत्था卐 की मनमोहक प्रस्तुति के साथ भव्य सांस्कृतिक आयोजन हुआ। पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी की अध्यक्षता वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा आईकॉन राजवीर सिंह चलकोई, मुख्य वक्ता इंटेक शेखावाटी चेप्टर की कँनविनीयर डॉ श्रुति नाद एवं विशिष्ट अतिथि बिड़ला सार्वजनिक हॉस्पिटल पिलानी के निदेशक मधुसूदन मालानी व राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत सरक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक नितिन बजाज मचस्थ रहे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण 40 देशों में रावण हत्था वाद्य यंत्र कला को बढ़ावा देने वाले अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार कीकरलाल भोपा ग्रुप ने जब रावण हत्था की धुन पर तालरिया मगरिया रे ......, हरिराम जी नै ध्यावै बांका दुखड़ा मिट ज्यावै ......., केशरो नागण को जायो ......... गीत के साथ रावण हत्था की धुन बजाई तो राजस्थान की लोक कला, साकार हो उठी और दर्शक झूमने लगे। कार्यक्रम संयोजक नितिन बजाज ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान की विरासत की जानकारी देने के लिए ये आयोजन किया गया है। प्रकार की विरासत संरक्षण के कार्यक्रम लगातार किये जायेगे। उन्होंने संस्था का उद्देश्य बताते हुए कहा कि संस्था लोक कला, सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण करने के लिए सरकार से संवाद कर धरोहर को संरक्षित करना है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजवीर सिंह चलकोई ने कहा की राजस्थान की संस्कृति व रीति रिवाज समृद्ध है। इसकी परंपरा में वह मिठास है जो हर व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित करती है उन्होंने अनेक उदाहरणों की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में राजस्थान की सभी परंपराओं को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है । वीरों और वीरांगनाओं की इस धरती पर ऐसे लोगों ने जन्म लिया है जिन पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होता है। उन्होंने कहा कि चूरू का इतिहास भी अनूठा है जहां के शासको ने साहस का परिचय दिया, वहीं यहां के सेठ साहूकारों ने अपनी जन्मभूमि की रक्षा के लिए चांदी समर्पित की और चांदी के गोले चलाये गये। उन्होने कहा हमारी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करना हम सब राजस्थान के निवासियों की जिम्मेदारी है। हम अपनी इस विरासत को बचाने के लिए आगे आये उन्होने युवाओं का आव्हान किया कि हम सब मिलकर नई पिढि को राजस्थान की शौर्य गाथा की जानकारी दे जिससे युवाओं में इन परम्पराओं का ज्ञान हो। उन्होने जातिवाद और छूआ छूत विषय पर चर्चा करते हुऐ कहा कि इससे देश की जड़ें खोखली होती है आईए हम सब मिलकर देश में हर व्यक्ति के साथ जुड़े और हर व्यक्ति का सहयोग ले। उन्होने लोककलाकारों को संस्कृति का दूत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार कमल सिंह कोठारी ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति को बचाने में इन लोक कलाकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा । जहां हम लोग राजस्थानी रीति रिवाज और संस्कृति को छोड़ते जा रहे है वहीं ये जातियां राजस्थान की परम्परा को अपनाये हुऐ है। उन्होंने राजस्थान के वाद्य यंत्र रावण हत्था, भपंग, सारंगी, कमायचा, मशक, तंदूरा, मोर चंग जैसे वाध्य यंत्रो को राजस्थान की जान बताया। उन्होंने राजस्थान की बोली, पहनावा और संस्कृति में गीत संगीत को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य वक्ता डॉ श्रुति नाद ने अपने विचार करते हुए कहा की राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान के द्वारा यह जो कार्यक्रम किया गया है इसके लिए सभी को साधुवाद। राजस्थान के कण कण में हमारी संस्कृति दिखाई देती है यहां के कण कण में गीत संगीत एक रोचक इतिहास छुपा हुआ है जिसे उजागर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के पहनावे इसके खान-पान और इसके रहन-सहन की जानकारी हर व्यक्ति को होना आवश्यक है जिसके लिए प्रयास किया जा रहे हैं । डॉ मधुसूदन मालानी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से आने वाली युवा पीढ़ी को




राजस्थान की अनूठी परंपरा का ज्ञान होता है। उन्होने कहा कि हम युवाओं पर जिम्मेवारी है कि वे ऐसे कार्यक्रमो में बढ़ चढ कर भाग ले उन्होने राजस्थान की सेवा परमो धर्म की परम्परा का उल्लेख करते हुऐ कहा कि इस परम्परा ने विश्व को प्रभावित किया है। कार्यक्रम का संचालन गुरुदास भारती व रवि दाधीच ने किया। आयोजन समिति के संयोजक राहुल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुऐ कहा कि ऐसे कार्यक्रम सभी युवाओं को प्रेरणा देने वाले है। **मेह बरसता रहा ......... रावण हत्था बजता रहा** कार्यक्रम की उत्सुकता व रावण हत्था को सुनने देखने का आलम यह था कि मुसलाधार बारीश में भी सैकड़ो की संख्या में लोग रावण हत्था के सुरीले स्वरों का रसास्वादन करने नगर प्रागण पहुंचे। रावण हत्था के अंतर्राष्ट्रीय कलाकर कीकरलाल भोपा ग्रुप के कीकरलाल, विमला देवी, ताराचंद, सावंरमल और पवन कुमार भोपा ने देर शाम तक अपने बानगी से दर्शको को बांधे रखा और शानदार आयोजन को यादगार बनाया। इस अवसर पर राजीव बहड़, राहुल शर्मा, रामरतन बजाज, आशा कोठारी, काव्या, प्रभा, राजेश महनसर, डॉ श्यामसुन्दर शर्मा, डॉ प्रमोद बाजोरिया, महेश बावलिया हरिमोहन दाधीच, बाबू पाटील, डॉ मोतीलाल सोनी, हर्ष बजाज, नरेन्द्र राठौड़, सौरभ सिंह, आशीष माटोलिया, कुलदीप जारावत, गौतम सारस्वत, मदन पंवार, अजय नायक, मोहित सिगानियां, रावतसिंह चौहान, मोहित इन्दोरिया, तिलोक औझा, दिपक गुर्जर, दिव्यांस जांगिड़, मयंक जालाण, पंकज शर्मा, अमित खारिया, दिव्यासू सैनी, रौनक गुर्जर, डॉ पार्थ शर्मा, डॉ रामानंद शर्मा, सुमित बोहित, गजानंद गौड़, हरिश शर्मा, विकास हिमांशू, सौरभ राजपुरोहित, मेघराज बजाज, कुलदीप जरगावत, आदित्य सिंह एडवोकेट, आन्नद बालाण सहित सैकड़ो की संख्या में सहित अनेक कला प्रेमी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शॉर्ट सर्किट से ट्रेलर में लगी आग चालक झुलसा,दमकल कर्मी एवं ग्रामीणों ने 1 घंटे में आग पर पाया काबू



**भुसावर (हुक्मनामा समाचार)।** भुसावल उपखंड के खेड़ली मोड़ थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 के गांव कमालपुरा पर चलते हुए ट्रेलर में शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग में चालक झुलस गया । एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भुसावर एवं महवा से पहुंची दमकलों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 1 घंटे में आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर ट्रेलर जयपुर की ओर जा रहा था जिसमें अचानक आग लग गई पीछे से गैस टैंकर चल रहा था ग्रामीणों की सूझबूझ से गैस टैंकर को दूसरे रास्ते से भेजा गया। पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची खेडली मोड थाना पुलिस ने दोनों साइड के यातायात को काफी दूरी पर ही रुकवाया। जिससे दोनों साइड में लंबी कतारे लग गई। आग पर काबू पाने के उपरांत ट्रेलर को रोड से हटाने के बाद यातायात सुचारू कराया गया! दमकल कर्मी नवल हरसाना ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल टीम सुरेंद्र व ब्रह्मानंद शर्मा मौके पर पहुंचे, महवा से पहुंची दमकल एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर ट्रेलर में लगी आग पर 1 घंटे की मस्कत के बाद काबू पाया गया। पुलिस द्वारा ट्रेलर चालक अकरम पुत्र ईशान खान को गंभीर हालत में महवा जिला दौसा के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### तेजाजी महाराज किसान और पशुपालक समाज के जीवन में गहराई से रचे-बसेः भागीरथ चौधरी

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को नागौर प्रवास के दौरान लाडवा (रियाबड़ी) में तेजा दशमी के अवसर पर आयोजित सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के नव-निर्मित मंदिर एवं मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज लोकदेवता के साथ-साथ किसान और पशुपालक समाज के जीवन में गहराई से रचे-बसे हैं। राजस्थान के गांव-गांव में किसान खेती कार्य शुरू करने से पहले तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना करते हैं और तेजा गायन के माध्यम से अपने जीवन में परिश्रम, सत्य और बलिदान की प्रेरणा ग्रहण करते हैं। भागीरथ चौधरी ने कहा कि तेजाजी महाराज ने सत्य और लोकहित की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर समाज को यह संदेश दिया कि धर्म और मानवता की रक्षा के लिए संघर्ष करना ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तेजाजी महाराज को कृषि कार्यों का उपकारक देवता माना जाता है, उसी प्रकार आज़ादी के अमृतकाल में किसानों को आधुनिक उपकरणों, तकनीक और नवाचार के माध्यम से खेती को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार इसी दिशा में किसानों की आय दोगुनी करने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और किसान को अन्नदाता से ऊर्जा दाता बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को तेजा दशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तेजाजी का आदर्श जीवन भावी पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

## म्हाने घोड़लियो मंगवा दें म्हारी मां- सौरभ



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के रैगर बस्ती वार्ड नंबर 53 स्थित बाबा रामदेव मंदिर में सोमवार को बाबा रामदेव का भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। गायक कलाकार रामा कुमारी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम शुभारम्भ किया। रमा कुमारी व सौरभ राजस्थानी ने बाबा रामदेव के भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांसर मुकेश बावरा ने रामदेव बाबा के भजनों पर एक से बढ़कर एक सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बाबा को घोड़लियो, सुगना बाई की विनती, तू चाल रुणिचे चाल, मरुधर में जोत जलाए गयो सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी गई कालू बावरा ने ढोलक रमेश कावां ने ऑर्गन, विक्रम देहरा ने ऑटो पैड पर संगत दी।

## भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर खाट कला विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य एवं जनसहयोग से एकत्रित किए 40 हजार रूपये

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खाट कला के लिए सेवानिवृत प्रधानाचार्या मंजू रानी गोयल एवं जन सहयोग से एकत्रित 40 हजार रुपए की राशि का चेक कार्यवाहक प्रधानाचार्य भरतलाल मीणा द्वारा एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा को सुपुर्द किया।

यह राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत विद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास हेतु जमा करवाई गई है। कार्यक्रम अधिकारी



समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि विद्यालय से प्राप्त 40 हजार रुपए की राशि में राज्य सरकार द्वारा योजनामद के रूप में 60 प्रतिशत राज्य सरकार से अंशदान के तहत 60 हजार रुपए अतिरिक्त प्राप्त होंगे। इस प्रकार कुल 1 लाख रुपए की राशि विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय में मरम्मत, सौंदर्यकरण सहित अन्य भौतिक विकास कार्यों में उपयोग ली जाएगी। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा वातावरण प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 'भगत के बस में है भगवान' : आचार्य विजयानंद महाराज

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से लाखों भक्तों के हृदय में श्रद्धा जागृत करने वाले आचार्य विजयानंद जी महाराज इन दिनों मालवीय नगर, अलवर में भागवत गीता का भव्य आयोजन कर रहे हैं। बाल्यकाल से ही अपनी मधुर वाणी और भक्तों के प्रति स्नेह के कारण प्रसिद्ध आचार्य अब तक देशभर में लगभग ढाई सौ बार मद् भागवत कथा का वाचन कर चुके हैं। हमारी टीम से विशेष बातचीत में आचार्य विजयानंद जी ने कहा कि उनका उद्देश्य भक्तों में ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास और श्रद्धा भाव जागृत करना है। वर्तमान समय में साधुओं पर लगने वाले आरोपों को लेकर





उन्होंने स्पष्ट कहा कि साधु के भेष में दुराचार और गलत आचरण करना महापाप है। संतों को मर्यादा में रहकर ही भगवत प्राप्ति करनी चाहिए और समाज को भी धर्म की राह दिखानी चाहिए।

## बाबा रामदेव मेले में उमड़े श्रद्धालु,जागरण में गायकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति

**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के वार्ड 24 स्थित बाबा रामदेव मंदिर में मंगलवार को मेला लगा। इस मौके पर मंदिर में रंग बिरंगी रोशनी व फूलों से आकर्षक सजावट की गई। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में धोक लगाई। वहीं मेले का लुफ्त उठाया। मंगलवार सुबह बाबा की ज्योत के साथ मेला शुरू हुआ। सोमवार रात को आयोजित जागरण में गायकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी।इस अवसर पर रामवतार रैगर,ओमप्रकाश जग्रवाल, मदनलाल रैगर, रामलाल रैगर, प्रवीण रैगर, लूणचंद, रविंद्र, सुभाष, नवीन, विनय, राहुल, नरोत्तम, मदन खटीक, रामकुमार, बाबूलाल, महेंद्र राणा ,भगवाना राम ,संत कुमार, हीरालाल समेत बाबा रामदेव सेवा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## त्रि-स्तरीय जनसुनवाई श्रृंखला के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कल

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विशिष्ट शासन सचिव, जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जिला सवाईमाधोपुर में त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की श्रृंखला में माह सितंबर 2025 का जनसुनवाई कार्यक्रम जारी किया गया। जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की श्रृंखला में माह सितंबर 2025 का जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम गुरुवार, 04 सितंबर 2025 को ग्राम पंचायत स्तरीय, द्वितीय गुरुवार, 11 सितंबर 2025 को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अटल जन सेवा शिविर एवं तृतीय गुरुवार, 18 सितंबर 2025 को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन अभियोग निराकरण विभाग के प्रदत्त निर्देशों की पालना करते हुए जनसुनवाई का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# डेलवार मंदिर पर आयोजित हुआ तेजाजी का मेला,हजारी श्रद्धालु नाचते गाते दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालु

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के मध्य स्थित जिला अस्पताल के पीछे देलवार मंदिर पर आज तेजा दशमी के अवसर पर तेजाजी का भव्य मेला आयोजित हुआ।मेले में श्रद्धालुओ की भारी भीड बाबा के जयकारे लगाती नाचती गाती देलवार महाराज के मन्दिर पहुचती हे । आज भी रिमझिम बरसात के मौसम में भी आस्था के साथ श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ देलवार महाराज के दर्शन कर मनौती मांगी । बाबा के दरबार में अलगोजे की धुनो पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए बाबा देलवार महाराज के जयकारे लगाते रहे। मेले में जिन लोगो ने बन्ध लगवाये थे उनकी तांती भी काटी गयी। तेजा जी की ऐसी मान्यता है कि किसी जहरीले कीडे के काटने पर जो पीडित बाबा के दरबार में पहुच गया उसका कोई भी बाल बांका नही कर सकता। इसी मान्यता के चलते श्रद्धालु विशेष कर किसान खेतो पर काम करते समय किसी भी तरह के जहरीले कीडे के काटने पर बाबा के मन्दिर मे बन्ध बांध कर जाते है और तेजा दशमी के उपलक्ष्य मे एक साल बाद उनकी बन्ध को खोलने आते है । इसी आस्था और विश्वास के चलते आज हजारो की सख्या में स्थानीय लोग बाबा के दरबार में तांती खोलेने और बाबा के दर्शन करने पहुचे। तेजाजी मंदिर के पुजारी भवानी सिंह मीणा ने बताया कि विगत तीन चार सो साल से यह बंजारो की बावड़ी बनी हे। जिससे भी पहले का ये तेजाजी महाराज का मंदिर हे।उनका कहना हे कि यह मंदिर प्रसिद्ध मंदिर हे जहां आज दशमी के दिन मेला आयोजित किया जाता हे जिसमें आसपास के करीबन 40 हजार श्रद्धालु यहां आते हे और दर्शन करते हे।वही सामाजिक कार्यकर्ता रामप्रसाद महावर ने बताया कि वर्षों से जिला अस्पताल के पीछे देलवार मंदिर पर आज के दिन भव्य मेला आयोजित किया जाता हे जिसमें भारी मात्रा में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हे।उन्होंने बताया कि सदियों पुरानी परंपरा अनुसार कही भी चाहे किसान हो या अन्य किसी को भी जहरीला कीड़ा काटता हे तो उसे देलवार जी के मंदिर में लाया जाता हे और उसके तेजाजी के नाम से बंध लगाए जाते हे और आज के दिन मेले पर उसको खोला जाता हे।सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि उनके द्वारा भी विगत कई सालों से यहां मेले पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पानी की प्याऊ और केले बाटकर सेवा कार्य किया जाता हे।वही मेले में श्रद्धालुओ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये। साथ की मेला समिति की और से भी श्रद्धालुओ की सख्या को देखते हुए सभी व्यवस्थाए की गयी।





## गोगाजी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, निशानों की लगाई धोक



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।**सरदारशहर रोड़ स्थित पिपलाणा धाम गोगामेड़ी में सोमवार को गोगा जी महाराज का भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। मेड़ी के भगत बनारसी लाल सोनी ने बताया कि गायक कलाकार श्याम शर्मा चूरू, हनुमान खारिया, रामरतन दुधवाखारा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोगामेड़ी में भव्य मेला भरा जिसमें चूरू की अनेक मेड़ियो के भक्तों ने निशान को धोक लगाकर गोगाजी से आशीर्वाद प्राप्त किया।? मेड़ियो के भक्तों का माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

### रीको रोड आरओबीक निर्माणक दौरान वैकल्पिक मार्गों पर रोड रेस्टोरेशनक निर्देश

# जिला कलक्टर ने अधिकारियों की टीमक साथ जलभराव एवं क्षतिग्रस्त सडकों का लिया जायजा

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने मंगलवार को सेवर ब्लॉकक पीरनगर पीपला से लेकर जघीनाक आसपास गांवों में जल भराव फसलों में हुए नुकसान एवं क्षतिग्रस्त सडकों का अधिकारियों की टीमक साथ जायजा लिया तथा ग्रामीणों से रूबरू हुए। जिला कलक्टर ने भरतपुर विकास प्राधिकरण, पंचायत राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं जल संसाधन विभागक अधिकारियों की टीमक साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया तथा खेतों में जल भराव से फसलों में हुए नुकसान का मौका निरीक्षण कर किसानों से भारी वर्षा से हुए नुकसानक बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने जघीनाक आसपास खेतों में जमा पानी का अवलोकन कर जल संसाधन विभाग को पानी निकासीक लिए तकमीनाक अनुसार कार्य को गति देनेक निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभागक अधिकारियों को क्षेत्र में वर्षाक कारण क्षतिग्रस्त हुई सडकों पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्रता से करने तथा सडकोंक गड्डों को शीघ्र दुरुस्त करानेक निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम एवं बीडीएक अधिकारियों को नगरीय सीमा में क्षतिग्रस्त सडकोंक रिपेयर कार्य को शुरू करनेए विभिन्न आवासीय क्षेत्र में जल भराव की निकासीक लिए अतिरिक्त पंपसेट लगानेक निर्देश दिए।उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभागक अधिकारियों को जघीना.रीको रोड पर जल भराव क्षेत्र में पानी निकासी करते हुए शीघ्र रोड रेस्टोरेशन करवानेक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रीको आरओबीक प्रगति रथ कार्यक दौरान भारी वाहन की निकासी में असुविधा नहीं हो इसके लिए वैकल्पिक मार्गों पर गुणवत्ताक साथ रोड रेस्टोरेशन कराया जाए। जिससे आमजन एवं वाहनोंक आवागमन में परेशानी नहीं हो। उन्होंने जघीना में वर्षा जल एकत्रित होने से खेतों में जमा पानी की निकासीक बारे में ग्रामीणों से भी चर्चा कर परंपरागत जल निकासीक वैकल्पिक मार्गों की चर्चा की तथा राज्य सरकार द्वारा नहरक माध्यम से पानी निकासीक लिए स्वीकृत कार्यक बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान बीडीएक आयुक्त कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा, एसीईओ जिला परिषद विनय मित्र, नगर निगमक सचिव विजय प्रताप, सार्वजनिक निर्माण विभागक अधिशासी अभियंता वृद्धि चंद मीणा, अधिशासी अभियंता महेश शर्मा सहित जल संसाधन एवं संबंधित विभागोंक अभियंता उपस्थित रहे।



## मंदिर कराधारमण जी महाराज में आज मनेगा जलझूलनी एकादशी उत्सव

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लक्ष्मण मंदिर के निकट स्थित प्राचीन मंदिर कराधारमण जी महाराज में बुधवार को सांय 4.30 बजे जलझूलनी एकादशी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री मोहन मित्तल ने बताया कि सनातन धर्म में भाद्रपद महीने शुक्ल माह की जलझूलनी एकादशी का बहुत महत्व है इसको अनेक नामों से भी जाना जाता है जैसे पदमा एकादशी, डोल ग्यारस एवं इसी दिन क्षीर सागर में भगवान विष्णु शयन करते हुए करवट लेते हैं इसलिये इसको परिवर्तित एकादशी भी कहते हैं। कान्हाक जन्मक बाद यशोदा माता ने इसी दिन उनका जल व घाट पूजन किया था इसे डोल ग्यारस कहते हैं।

## अग्रसेन जयन्ती पर होंगे 8 दिवसीय कार्यक्रम

# कार्यक्रमों को भव्य बनानेक लिए बनाई संयोजकों की कमेटी

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महाराजा कअग्रसेन शोभायात्रा समिति की साधारण सभा की बैठक खिरनी घाट स्थित अग्रवाल भवन पर सुरेश बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सह संयोजक मोहन मित्तल ने बताया कि 22 सितम्बर को प्रात: स्मरणीय महाराजा अग्रसेन जी की पावन जयंति महोत्सवक अवसर पर होने वाले 8 दिवसीय कार्यक्रमों को भव्यता पूर्वक मनाये जाने हेतु विभिन्न दायित्व कमेटियों का गठन किया गया है।17 सितम्बर बुधवार को मंदिर राधारमण जी में श्रृंगार पूजा अर्चना आरती एवं प्रवचन कार्यक्रम संयोजक महेश गोयल सर्राफएवं अर्जुन बुसल, 18 को गो सेवा चारा गुड बृजधाम जीव सेवा सदन संयोजक गनपत लाल बंसल, अनिल कुमार गुप्ता कोषाधिकारी, 19 सितम्बर को निशुल्क मेडीकल शिविर अग्रवाल भवन संयोजक विनोद सिंघल एवं संजय गुप्ता दवाई वाले, 20 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन जीक विग्रह का अभिषेक श्रृंगार महाआरती संयोजक विनोद डीगिया, विनोद मेडीकल, 21 सितम्बर को अगग्रचेतना वाईक रैली युवा अग्रवाल महासभा द्वारा संयोजक अध्यक्ष ओमप्रकाष सिंघल एवं उनकी टीम, 22 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन जी का जयंति महोत्सव एवं अग्र वरिष्ठजन सम्मान समारोह अग्रवाल भवन खिरनी घाट पर संयोजक सीए एम.एल.मित्तल, हरीमोहन मित्तल, विनोद सिंघल, विष्णु लोहिया तथा इसी दिन सांय 4.30 बजे महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा अनेक झांकी वैण्डबाजोंक साथ निकाली जावेगी संयोजक सुभाष गोयल मसाले वाले, परषोत्तम डीगिया, प्रहलाद गोयनका को बनाया गया है, 23 सितम्बर को भजन संध्या सम्मान समारोह एवं स्नेह भोज एक मैरिज होम संयोजक सीए अतुल मित्तल, अनुराग गर्ग, विनोद सिंघल को नियुक्त किया गया है। 2 अक्टूबर गुरूवार को रावण वध लीला मंचन एवं रावण पुतला दहन कार्यक्रम रामलीला समितिक सहयोग से नई मण्डी प्रांगण में होगा।

## जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र में वीर तेजाजी के मेलों की रही धूम



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** तेजा दशमी पर मंगलवार दिनांक 2 सितंबर को जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र में वीर तेजाजी महाराज के मेलों की धूम रही। डांगरवाडा, धूलारावजी, भुरानपुरा, बूज, घोरेट उर्फ हरिरामपुरा, गोठ की पट्टी, हीरावाला, राहोरी एवं खवारानी जी सहित करीब तीन दर्जन गांव एवं ढाणियों में वीर तेजाजी के मेले लगे। विधायक महेंद्र पाल मीणा, पूर्व विधायक जगदीश मीणा, प्रधान रामफूल गुर्जर, सायपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति चैयरमेन कैलाश गुवारडी, पंचायत समिति सदस्य गुड्डी देवी शर्मा, पंचायत समिति सदस्य शांति देवी सैनी, पंचायत समिति सदस्य गुड्डी देवी मीणा(खरड), बूज सरपंच सीमा करण सिंगल, धोला सरपंच प्रकाश चंद गुर्जर, आर के कंस्ट्रक्शन कंपनी एमडी गोपाल गुर्जर, पूर्व प्रधान रघुवीर सिंह चौधरी, आंधी प्रधान मानसी मीणा, वार्ड पंच कांता देवी सैनी, डी एल सीरा, गोरव सीरा, इंद्रगढ़ सरपंच समता रामजीलाल गुर्जर,एवं नायला सरपंच प्रहलाद सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने वीर तेजाजी महाराज के दर्शन कर लगाई धोक, प्रदेश में अमन-चैन एवं खुशहाली की मंगल कामना की।ग्राम पंचायत रायपुर के गांव घोरेट उर्फ हररामपुरा में वीर तेजाजी महाराज का मेला सम्पन्न हुआ।

# मोदी की माँ के खिलाफ टिप्पणी करने पर भाजपा ने आक्रोष व्यक्त किया

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बिहारक दरभंगा जिले में आयोजित एक जनसभाक दौरान कांग्रेस पार्टीक पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मंच पर भारतक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीक विरुद्ध अत्यन्त अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने एवं प्रधानमंत्री की दिवंगत माता को गालियां देने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पर उनके खिलाफआक्रोष व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमाक नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादवक खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा सीता माता की पावन धरा पर किसी भी मां का अपमान नहीं सहा जायेगा। देशक प्रधानमंत्री की माँक लिए जो अपशब्द कहे गये हैं यहकवल राजनैतिक ही नहीं बल्कि हमारे संस्कारों की हत्या की गयी है। यह कांग्रेस और आरजेडी की घटिया सोच ही नहीं बल्कि उनकी विकृत मानसिकता का परिचय है। माँ का अपमान वहीं कर सकता है। जिसका धरती माँ और भारत माता से कोई नाता नहीं है। इन लोगों ने मर्यादा, शालीनता और संस्कृति सबकी सीमाए लांघ दी हैं। पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की तथा कथित वोट अधिकार यात्रा में जिस तरह से कांग्रेस और आरजेडीक मंच से देशक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवगंत माता को जो गाली दी गयी है वह घोर निन्दनीय और भर्त्सनीय है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को अपने किये गये इस कुकृत्यक लिए अविलम्ब माफी माँगनी चाहिए।



## शिक्षाविद स्व0 जनेंद्र प्रसाद जैन की पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** टीम अभिषेकक अध्यक्ष राजेश गोयनका ने बताया कि शिक्षाविद स्व० जनेंद्र प्रसाद जैन की पुण्यतिथिक अवसर पर स्वास्थ्य मंदिर भरतपुर में श्रद्धांजलि सभा मेडीकल चेकअप शिविर तथा डायबिटीज शिविर का आयोजन किया गया। डेंटल चेकअप में डॉ सौरभ शर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस मौके पर 40 बच्चों सहित कैंप में आये अन्य लोगों का चेकअप किया गया। डायबिटीज शिविर में अपनी सेवाएं डॉ दिगंबर सिंह द्वारा प्रदान की गई। श्रद्धांजलि देने वालों अशोक लवानिया पूर्व पार्षद टीमक संरक्षक दीनदयाल सिंघल जामा मस्जिद बोर्डक अध्यक्ष महबूब खान एडवोकेट अनुजये विकास समितिक अध्यक्ष विष्णु गर्ग, टीमक सदस्य तरुण जैन एडवोकेट, देवेंद्र पाल एडवोकेट, दलबीर सिंह, सुमित तनेजा, धीरज जैन, गौरव बंसल, त्रिलोक जैन, संजय सिंह, त्रिलोक जैन उजाला, हर्षित जैन, निशिक जैन आयुष जैन हरसुल जैन, स्वास्थ्य मंदिरक अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, महिला इकाई की अध्यक्ष भावना अग्रवाल, नेहा सिंह, प्रीति जैन, श्वेता जैन, कुसुम लता, प्रियंका जैन, पूजा जैन, अनन्या जैन, धान्य जैन आदि उपस्थित थे।

# गणेश जी को लगाया 11 किलो मोदको का भोग

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रताप कॉलोनी स्थित शिव मन्दिर में चल रहे 11 दिवसीय गणेश महोत्सव में मंगलवार को गणेश जी को 11 किलो मोदको का भोग लगाया गया और विधिपूर्वक पूजा अर्चनाकर प्रसादी का वितरण किया गया। मन्दिर संयोजक बॉबी शर्मा ने बताया कि मन्दिर में महिला मंडली द्वारा गणेश जीक भजनों की अमृतवर्षा की गई साथ ही श्रद्धालुओं ने अपने व अपने परिवार की सुख.समृद्धि एवं खुशहालीक लिए माथा टेककर गणेश जी का आशीर्वाद लिया तथा मन्नतें मांगी। इस मौके पर प्रेम सिंह, राजेश दीक्षित, मुरारी लाल शर्मा, विक्की सिंह, सैफी, शानु, कुसुम दीक्षित, शालू शर्मा, मीना, लक्ष्मी, भावना, विनेश आदि लोग मौजूद रहे।

## ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसायटी आव्हान पर पूरा बाजार रहा बंद

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसायटीक द्वारा प्रस्तावित एलिवेटर फ्लाई ओवर ब्रिजक विरोधक पांचवे दिन सम्पूर्ण ओटोमोबाइल बाजार नुमायश रोड, डीग रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, कुम्हेर गेट, स्टेशन रोड,क संघर्ष समितिक आव्हान पर पूर्णतया बंद रहा। साधारण सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनवारी लाल खंडेलवाल ने की। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन द्वारा कोई भी जानकारी ओवरब्रिज की चौडाई, सडक की चौडाई सोसायटीक मांगने पर भी उपलब्ध नहीं कराई है, भ्रम की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन से मांग है कि अतिशीघ्र इस ब्रिज की विधिवत जानकारी जनहित में प्रकाशित करें। इस संदर्भ में स्थानीय विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को ज्ञापन दिया जिसमें अनुरोध किया कि सिंगल साइड ब्रिज बनवाने की अनुशांषा करें।

### वन राज्यमंत्री ने जयसमंद बांध व सिलीसेढ झील का किया दौरा

# सिलीसेढ झील से जयसमंद तक के चैनल की खुदाई आदि कार्य के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने जयसमंद बांध व सिलीसेढ झील का निरीक्षण कर बांध में जल की आवक के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान अलवर जिला कलक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। शर्मा ने निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जयसमंद बांध में पानी की आवक वाले चैनल नटनी का बारा से जयसमंद तक के चैनल की बजट घोषणा के अनुरूप चैनल की खुदाई, लेवलिंग एवं पक्का करने के कार्य की विस्तृत डीपीआर तैयार करें तथा सिलीसेढ झील के ओवरफ्लो पानी अपर कैनाल के माध्यम से जयसमंद बांध तक आता है, उस कैनाल की खुदाई व उसके चैनेलाइज करने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जल भराव व प्रवाह क्षेत्र पर चेतावनी बोर्ड व सुरक्षा गार्ड आदि लगवाए। इस दौरान वन राज्यमंत्री ने बख्तपुरा वन चौकी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला कलक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने निर्देश दिये कि वेस्ट वीयर चैनल के तेज बहाव व आवागमन क्षेत्र पर सिविल डिफेन्स के सुरक्षा गार्ड लगाए तथा पुलिस द्वारा इस क्षेत्र की निरन्तर गश्त की जाए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी, नालों, जलाशयों आदि में पानी की तेज प्रवाह के साथ आवक हो रही है, अत: ऐसी जगह प्रवेश नहीं करें। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय खत्री, कनिष्ठ अभियन्ता नीरज शर्मा व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## जलझूलनी एकादशी(डोल ग्यारस) आज ठाकुरजी करेंगे नोका विहार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** सनातन धर्म एवं संस्कृति में डोल ग्यारस का विशेष महत्वचिरंजीव दास महाराज। जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) का पर्व बुधवार दिनांक 3 सितंबर को धूमधाम से मनाया जायेगा। राधे गोविन्द देव मंदिर नांगल तुलसीदास महंत चिरंजीव दास महाराज ने बताया की सनातन धर्म एवं संस्कृति में जलझूलनी एकादशी का विशेष महत्व है। जलझूलनी एकादशी के दिन ठाकुरजी नोका विहार करेंगे और इस दिन मंदिर में दान-पुण्य का दौर जारी रहेगा। पुराणों के अनुसार जलझूलनी एकादशी व्रत कृष्ण भगवान को बहुत प्रिय है और इस व्रत के करने से मनुष्य को मोक्ष मिलता है और अंत समय में वह भगवान श्री हरि के परमधाम को प्राप्त करता है।

# अतिवृष्टि से जल भराव की समस्या से निजात दिलानेक लिये युद्धस्तर पर करें काय:-डॉ गर्ग

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने भरतपुर में हो रही अतिवृष्टि तथा बांधों से छोडे गये पानी की वजह से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति से परेशान ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुये जिला प्रशासनक अधिकारियों से पानी निकासीक युद्धस्तर पर प्रयत्न करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।डॉ गर्ग ने जिला प्रशासनक अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि शहर की विभिन्न कॉलोनियोंक अलावा ग्रामीण क्षेत्रक जघीना जिरौली बराखुर पीपला पीरनगरकवल का नगला नौंह बछामदी सहित अन्य गांवों में भारी बारिश होने से जलभराव की स्थिति बन गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की फसलें पानी में डूब गई हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रक लोगों का शहरी क्षेत्र से सम्पर्क टूट गया है। जल भराव की समस्या से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रक लोगों को राहत दिलानेक लिये तीव्रगति से कार्य करने को कहा है और नगर निगम तथा बीडीएक अधिकारियों से अपने.अपने क्षेत्रों में निगरानी बनाये रखनेक साथ ही आमजन को परेशानी से निजात दिलाने पर जोर दिया है। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी तहसीलदार विकास अधिकारी पंचायत समितिक अधिकारीक साथ ही जिला परिषद और सिचाई विभागक अधिकारियों व कर्मचारियों को लगातार फील्ड में तैनात रहने की जरूरत बताया‌ए साथ ही कहा कि अतिवृष्टि से किसी भी तरह की अनहोनी न हो इसके प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जायें।

# जिला प्रशासन पारदर्शी एवं जवाबदेही सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध:डीएम

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कहा कि जिला प्रशासन पारदर्शी एवं जवाबदेही सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी अधिकारी.कर्मचारी जनहित से जुडे कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परताक साथ जान.मालक नुकसान पर हरसंभव सहायता उपलब्ध करानेक लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अतिवृष्टि से सड़क मार्ग पीएचसी बांध विद्यालय आंगनवाड़ीकंद्र सहित अन्य स्थानों पर हुई हानि की रिपोर्ट तत्काल भिजवाएं। कौशल मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में विभिन्न मुद्दों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय आंगनबाडी और अस्पताल आदि भवनों की मरम्मत या नवीन निर्माणक प्रस्ताव अतिशीघ्र भिजवानेक लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम स्वनिधि योजनाए खाद्य सुरक्षा योजना लखपति दीदी योजना पीएम कुसुम योजना से अधिक से अधिक पात्र लोगों को जोड़ें। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकारक निर्देशानुसार शहरी निकायों में सफाई व्यवस्था सुधार नई स्ट्रीट लाइट्स को लगाने आवारा पशुओं को पकडने शहरी निकायोंक लंबित प्रकरणोंक निस्तारण सडक मरम्मत जैसे जनोपयोगी कार्य सम्पादित करनेक लिए जिले में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित करनेक निर्देश दिए गए है ताकि आमजन अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो। साथ ही अभियान में लगने वाले मुख्य कैंप से पहले तैयारी कैंप लगाकर आमजन से आवेदन प्राप्त किए जाएं। हर पंचायत समिति की 2 ग्राम पंचायतों पर संचालित होगा गांव चलो अभियान- राज्य सरकारक निर्देशानुसार जिले में 18 सितंबर से हर पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चलो अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सप्ताह में तीन दिन चलेगा।



# सामाजिक सहयोग और सेवा पर किया सम्मानित

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** सामाजिक सहयोग और सेवा पर आधारित शहरक युवा शक्ति संगठन को डीग नगर परिषद द्वारा सम्मानित किया गया संगठनक कार्यक्रम संयोजक और कवि मनोज मनु पाराशर ने बताया की जवाहर प्रदर्शनी और ब्रज यात्रा मेले में लगातार दूसरी बार संगठन की तरफसे जल मंदिर की स्थापना करके मेले में आए दर्शकों को निशुल्क जल की व्यवस्था की गई नगर परिषदक सभापति निरंजन टकसालिया ने प्रशस्ति पत्र देकर संगठनक पदाधिकारी को सम्मानित करते हुए कहा कि संगठन का यह कार्य निसंदेह सराहनीय है नर सेवा ही नारायण सेवा है इस अवसर पर दीपक बंसल चंद्रभान सैनी सुरेश गुप्ता पवन खंडेलवाल सुरेश सरगम सहित शहरक नागरिक उपस्थित थे

## राजस्थान में रियल एस्टेट-पान मसाला कंपनियों पर आईटी के छापे

### जयपुर-कोटा में 18 ठिकानों पर कार्रवाई

**जयपुर।** जयपुर और कोटा में आज (मंगलवार) सुबह आयकर विभाग ने रियल एस्टेट और पान मसाला कंपनियों से जुड़े 18 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई सुबह करीब साढ़े छह बजे शुरू हुई। इनमें हाई फ्लाई रियल एस्टेट ग्रुप के 8, सिग्नेचर पान मसाला के सिद्धेश्वर गम्स के 4 और गोकुल कृपा ग्रुप और बीआरबी डेवलपर्स के 6 ठिकाने शामिल हैं।

प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री में कैश लेन-देन को लेकर यह कार्रवाई चल रही है। लंबे समय से इनके खिलाफ अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं।

शाम तक बड़ा खुलासा हो सकता है कंपनियों पर एक साथ ज्यादा प्रॉपर्टी खरीदने और उन्हें ब्लैक में बेचने जैसे आरोप हैं। ये कंपनियां अक्सर आसपास के इलाकों में एक साथ कई प्रॉपर्टी खरीद लेती थीं और फिर अपने हिसाब से रेट तय करती थीं। इससे मार्केट में प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाते थे। आयकर विभाग के अधिकारी कंपनियों की प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज मांग रहे हैं। शाम तक इस संबंध में कुछ बड़े खुलासे हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने ली राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक

स्वयं गिरदावरी कर रहे किसान, एग्रीस्टेक ऐप से मिल रहा प्रत्यक्ष लाभ

# बजट घोषणाओं के निर्माण कार्य हों समय से पूरे-मुख्यमंत्री

**87 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी हुई जनरेट, 4.49 करोड़ यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नम्बर जारी**

18 सितम्बर से गांव चलो अभियान

लंबित राजस्व प्रकरणों का होगा निस्तारण



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गुड गवर्नेन्स के मानकों पर खरा उतरते हुए आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारी उनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही, संबंधित विभागों से समन्वय कर भूमि आवंटन, डीपीआर, टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए, जिससे विकास कार्यों का लाभ लोगों को समय पर मिल सके।शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से काश्तकारों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नवाचार कर रहा है। इसी क्रम में किसानों को स्वयं फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एग्रीस्टेक मोबाईल ऐप विकसित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

**पुराने भवनों की मरम्मत करें, गुणवत्ता का रखें ध्यान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी गत दो वर्ष के बजट में घोषित भवन निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तय समय में पूरा करें। साथ ही नियमित निगरानी कर इनकी गुणवत्ता पर भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने भवनों का भी आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण एवं मरम्मत की जाए, ताकि सरकारी संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके। शर्मा ने कहा कि जैसलमेर जिले के सामान्य आवंटन के लंबित आवेदनपत्रों के निस्तारण के लिए योजना बनाई जाए, साथ ही 15 दिन का अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों को निस्तारित किया जाए। उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए वर्तमान नियमों में यथासंभव संशोधन कर नियमों के सरलीकरण के निर्देश भी दिए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना के माध्यम से किसानों के आधार नम्बर को राजस्व रिकॉर्ड के साथ मेपिंग का कार्य समस्त जिलों में प्रारम्भ कर दिया गया है। अब तक 87 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी जनरेट की जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में राज्य के 48 हजार 463 गांवों की जिओ रेफरेंस शीट फाइल भू-नक्शा पोर्टल पर अपलोड कर 4.49 करोड़ यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नम्बर जारी किए जा चुके हैं। बैठक में राजस्व न्यायालयों के लिए रेवेन्यू कोर्ट मॉर्डनाइजेशन सिस्टम, राजस्व इकाइयों का पुनर्गठन, पूर्णकालिक सरकारी अधिवक्ताओं को रिटेनर शुल्क, उपनिवेशन क्षेत्र में भूमि आवंटन की दर में परिवर्तन, ग्राम दान एवं भूदान अधिनियम सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा एवं मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**गांव चलो अभियान से ग्रामीणों तक सुलभ होंगी सरकारी सेवाएं**

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 18 सितम्बर से प्रदेशभर में सप्ताह में तीन दिन 'गांव चलो अभियान' संचालित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत ग्रामीणों के सीमाज्ञान, सहमति विभाजन, नामांतरण आदि लंबित प्रकरणों को निस्तारित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति अभियान के लाभों से वंचित ना रहे।

मुलाकात........



**राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने राज्यपाल से मुलाकात की**

**राज्यपाल बागडे को सप्तम राज्य वित्त आयोग की अंतरिम रिपोर्ट पेश**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को मंगलवार को राजभवन में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को सप्तम राज्य वित्त आयोग 2025- 26 की अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## जयपुर में रेलवे अधिकारी को ब्लैकमेल कर 20 लाख ऐंठे

**महिला वकील ने सगाई कर फांसा, झूठे केस में फंसाने की दी धमकी**

**जयपुर ।** जयपुर में रेलवे के एक अधिकारी को इमोशनल ब्लैकमेल कर 20 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। तलाक केस की पैरवी के दौरान महिला वकील ने सगाई कर रेलवे अधिकारी को फंसाया। शादी करने के लिए मना कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। करधनी थाने में पीड़ित अफसर ने आरोपी महिला वकील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

वहीं, महिला वकील की तरफ से भी युवक पर केस किया गया है। इसमें रेप और अबॉर्शन करवाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने बताया- रेलवे अधिकारी ने करधनी थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। उनका पत्नी से तलाक का विवाद कोर्ट में विचाराधीन है। जनवरी 2024 में उनके रिश्तेदार के पास महिला वकील शादी संबंध के रिश्ते बताने के लिए मिलने आई थी। रिश्तेदार ने महिला वकील को पीड़ित के तलाक केस के बारे में बताया था।

**तलाक केस का छह महीने में निपटारा करने का आश्वासन दिया** पीड़ित का आरोप है कि रिश्तेदार को आश्वासन दिया कि मेरे तलाक केस को छह महीने में पूरा करवा देगी। मुझसे मिलवाकर केस फाइल दिखाने के लिए कहा। अप्रैल 2024 में मिलने जाने पर केस खुद लड़ने के लिए कहा। मुझसे मिलने पर शादी करने के लिए कहा। तलाक के बाद शादी करने की कहने पर महिला वकील ने सगाई करने की बात रखी। शादी का झांसा देकर बातों में फंसाकर सगाई कर ली।

**फ्लैट खरीदने के एवज में लोन करवाकर 17.50 लाख रुपए ऐंठ लिए** पीड़ित का आरोप है कि सगाई के बाद आरोपी मंगेतर ने इमोशनल ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। छोटी-बड़ी जरूरत बताकर रुपए लेने लगी। जयपुर ट्रांसफर करवाने के एवज में भी उससे 2 लाख रुपए कैश लिए। खुद को उसकी जिम्मेदारी बताकर इमोशनल ब्लैकमेल कर फ्लैट खरीदने के एवज में लोन करवाकर 17.50 लाख रुपए ऐंठ लिए।

मई-2025 में शादी करने से मना कर झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी।

## दो आईपीएस के ट्रांसफर और तीन आरएएस एपीओ

**आदर्श सिधू होंगे पाली एसपी, केवलराम को सौंपी 12वीं बटालियन आरएसी की जिम्मेदारी**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सरकार ने आज दो आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए। तीन आरएएस अधिकारियों को एपीओ किया गया। कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर आईपीएस आदर्श सिधू को पाली एसपी के पद पर लगाया हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक मानवाधिकार के पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी केवल राम राव को 12वीं बटालियन आरएसी नई दिल्ली में कमाण्डेंट के पद पर लगाया गया हैं। इसके साथ ही सरकार तीन आरएएस अधिकारियों को प्रशासनिक कारणों से एपीओ कर दिया गया हैं। एपीओ होने वाले अधिकारियों में अतिरिक्त जिला कलेक्टर बालोतरा गुंजन सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, झुंझुनूं रणजीत सिंह और उपखंड अधिकारी, परबतसर रामकुमार टाडा शामिल हैं।

## मेयो कॉलेज के पीटीआई ने 8.24 लाख रुपए हड़पे

**अजमेर ।** अजमेर के प्रतिष्ठित मेयो कॉलेज में कार्यरत पीटीआई टीचर द्वारा छात्रों, अभिभावकों और स्टाफ से धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपी पीटीआई आकाश बाथम ने पिता की बीमारी, बच्चों की बीमारी, शादी टूटने और कोर्ट केस का हवाला देकर करीब 8 लाख 24 हजार रुपए उधार लिए। कॉलेज प्रशासन की जांच में सामने आया कि आरोपी ने मेयो कॉलेज, मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल और मयूर स्कूल के कई स्टाफ सदस्यों से रकम ली। इनमें से केवल दो स्टाफ सदस्यों को ही पैसे लौटाए गए, बाकी से ली गई राशि अभी तक नहीं दी गई। आरोप है कि बाथम ने छात्रों की प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर भी अभिभावकों से रकम ली, लेकिन प्रतियोगिता कभी आयोजित ही नहीं हुई। इतना ही नहीं, दिल्ली हॉर्स शो के दौरान होटल और खाने-पीने के खर्चे भी उधार लेकर हड़प लिए। मामले का खुलासा होने के बाद मेयो कॉलेज के प्रतिनिधि पृथ्वी सिंह ने अलवर गेट थाने में मुकदमा दर्ज करवाया।

## राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा लोकतंत्र के लिए जरूरी-पप्पू यादव



**पटना ।** पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने मंगलवार को बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को लोकतंत्र के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी कई बार यात्राएं कीं। उनकी यात्राओं ने देश को फायदा पहुंचाया। इसी तरह से निश्चित तौर पर राहुल गांधी की यात्राएं भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को व्यापक स्तर पर फायदा पहुंचाएंगी। अब तक जितने भी यात्राएं देश में हुई हैं, उससे फायदा ही पहुंचा है। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि जब-जब इस देश में यात्राए हुई हैं, तब-तब देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हुई है। देश का संविधान मजबूत हुआ है। लोगों का विश्वास लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बढ़ा है। ऐसी स्थिति में हमें यात्रा से होने वाले लोकतांत्रिक फायदों को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए।सांसद पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भलीभांति जानते हैं कि मौजूदा समय में देश में किस-किस तरह की समस्याएं हैं। इनसे निपटने के लिए राहुल गांधी ने यात्राओं पर जोर दिया।

## 80-80 साल के नेता पायलट के पैर छूते हैं, बेनीवाल बोले- मुझे शर्म आती है

**सीकर।** नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल सचिन पायलट के पैर छूने वाले जाट नेताओं पर सियासी हमला किया है। उन्होंने कहा कि-हमारे समाज के 80-80 साल के नेता सचिन पायलट के पैरों में पड़ते हैं तो मुझे शर्म आती है। मैं उन्हें कहता हूं पायलट से ज्यादा समझदार जाट समाज के नेता है। लेकिन पैर छूने वाले लोग क्या करें, उनकी आदत जाएगी नहीं। यदि मैं वसुंधरा राजे से झगड़ा नहीं करता तो 2003 में ही मंत्री बन जाता। तब हमने कहा कि या तो हम नहीं या फिर मैडम नहीं। मैं तो रह गया, लेकिन मैडम चली गई। मैंने गहलोत की भी जादूगरी खत्म की थी। सांसद ने जाट और सिखों के डीएनए को भी एक बताते हुए कि अगर दोनों एक हो जाएं तो देश की सत्ता पर कब्जा कर सकते हैं।

## अलवर में डाक कर्मचारी को वकील ने थप्पड़ मारे

**अलवर।** अलवर में डाकघर के कर्मचारी नरेश मीणा को पूर्व छात्र नेता व एडवोकेट विष्णु चावड़ा ने थप्पड़ जड़ दिया। घटना अलवर के अट्टा मंदिर के सामने मुख्य डाकघर की है। वकील का आरोप है कि डाककर्मी ने डाक लेने से मना कर दिया था। पूछने पर गाली गलौज की। जो बर्दाश्त नहीं हुआ। वहीं, डाकघर कर्मचारी का कहना है कि खिड़की पर कोई नहीं था तो युवक आवेश में आ गया। थप्पड़ मारने का सीसीटीवी भी सामने आया है। घटना सोमवार शाम की है। रात को थाने में दोनों पक्षों में मुकदमा दर्ज हो गया। वकील को बाहर से कुछ कर्मचारी खींच कर ले गए। जिसका सीसीटीवी भी सामने आ गया है। नरेश मीणा ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि सोमवार शाम को वह डाक विभाग ऑफिस में काम कर रहा था। तब विष्णु चावड़ा खिड़की पर आया। उसने डाक जमा करने को कहा। उस खिड़की पर कोई नहीं था। तब वह आवेश में आया। उससे बातचीत कर रहा था तो गुस्से में आकर थप्पड़ जड़ दिया। गाली गलौच की। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया।

जीएसटी कटौती की उम्मीद में ग्राहक खरीद से पीछे हटे

## अगस्त में घटी गाड़ियों की बिक्री



**जयपुर ।** देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए अगस्त का महीना राहत देने वाला नहीं रहा। मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्राहकों ने गाड़ियां खरीदने से फिलहाल इसलिए परहेज़ किया क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि सितंबर की जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्स स्ट्रक्चर बदलेगा और कारों के दाम घट सकते हैं। इस अनुमान ने ग्राहकों को 'वेट एंड वॉच' की स्थिति में ला खड़ा किया, जिसका सीधा असर ऑटो कंपनियों की बिक्री पर पड़ा।

मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री अगस्त में 8 प्रतिशत कम होकर 1,43,075 से घटकर 1,31,278 यूनिट्स पर आ गई। मिनी कारों की बिक्री बड़ी तेजी से गिरी, जबकि कॉम्पैक्ट कारों की डिमांड में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एसयूवी और एमयूवी सेगमेंट की बिक्री 62,684 से घटकर 54,043 यूनिट्स रही।

हुंडई मोटर इंडिया की सप्लाई में 11 प्रतिशत की कमी आई और आंकड़ा 49,525 से घटकर 44,001 यूनिट्स रह गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी बिक्री भी 9 प्रतिशत घटकर 39,399 यूनिट्स पर आ गई। कंपनी ने स्पष्ट किया कि जीएसटी में संभावित बदलाव को देखते हुए उन्होंने सप्लाई जानबूझकर कम की ताकि डीलरों के पास अतिरिक्त स्टॉक न फंसे।

टाटा मोटर्स की बिक्री में भी गिरावट दर्ज हुई। अगस्त में कंपनी ने 41,001 गाड़ियां बेचीं, जो पिछले साल की 44,142 यूनिट्स से 7 प्रतिशत कम हैं। हालांकि टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को इस दौरान फायदा हुआ और उसकी घरेलू बिक्री 2 प्रतिशत बढ़कर 29,302 यूनिट्स तक पहुंच गई। दो-पहिया वाहनों की तस्वीर मिश्रित रही। बजाज ऑटो की घरेलू बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 1,84,109 यूनिट्स रही। इसके उलट टीवीएस मोटर कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया और 28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,68,862 यूनिट्स बेचीं। रॉयल एनफील्ड ने भी रिकॉर्ड बनाया और 57 प्रतिशत उछाल के साथ 65,623 से बढ़कर 1,02,876 यूनिट्स की बिक्री की। कंपनी का कहना है कि आने वाले त्योहारों का मौसम मांग को और बढ़ावा देगा।

दरअसल, सितंबर 3-4 को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्स दरों को सरल करने और कम करने की संभावना जताई जा रही है। वर्तमान में गाड़ियों पर अधिकतम 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है, जिसके ऊपर 1 से 22 प्रतिशत तक का सेस भी लगाया जाता है। यही कारण है कि छोटी पेट्रोल कार पर टैक्स करीब 29 प्रतिशत तक और स्ङ्क पर लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। यदि जीएसटी दरों में कटौती होती है तो गाड़ियों की कीमतें घटेंगी।

## भारत के साथ दशकों की साझेदारी को ट्रंप ने तहस-नहस किया -पूर्व अमेरिकी एनएसए बोल्टन

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप की पहली सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन ने भारत के प्रति ट्रंप प्रशासन की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने भारत के साथ दशकों से चली आ रही साझेदारी को तहस-नहस कर दिया।



पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने स्काई न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के हफ्तों में भारत के साथ दशकों की साझेदारी को बिगाड़ दिया है। ट्रंप ने भारत को रूस और चीन के करीब जाने के लिए मजबूर किया है।

उन्होंने बताया कि ट्रंप 2.0 से पहले, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ और चीन के साथ उसके लगाव से दूर करने की कोशिश की थी। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिमी देश, खासकर अमेरिका, दशकों से भारत को सोवियत संघ और रूस से पुराने रिश्तों, खासकर हथियारों की खरीद, से दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने भारत को चीन के खतरे के बारे में चेतावनी दी, जिसका प्रतीक एशियाई सुरक्षा चतुर्भुज (जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका) है। बोल्टन ने यह भी बताया कि ट्रंप प्रशासन ने कई कदम उठाए, जैसे व्यापार वार्ताओं को अचानक रोकना, जिससे भारत नाराज हुआ।

जॉन बोल्टन ने कहा कि भारत सोच रहा था कि वह ट्रंप के साथ व्यापार समझौते के करीब है, जैसा कि ब्रिटेन ने किया, लेकिन ट्रंप ने इसे नजरअंदाज कर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया। इसके बाद ट्रंप ने भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ थोप दिया। उन्होंने रूस पर कोई टैरिफ नहीं लगाया।

ट्रंप ने चीन, जो रूसी तेल और गैस का सबसे बड़ा खरीदार है, पर कोई टैरिफ नहीं लगाया।

बोल्टन ने दावा किया कि ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष का पूरा श्रेय लेने की कोशिश की, जिससे स्थिति और खराब हो गई।

## एक नजर

# मीणौ की झौपडिया जाने वाली सड़क टूटी



**बनेठा (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे से मीणौ की झौपडिया जाने वाली सड़क लगातार बारिश के कारण जगह-जगह से टूट गई है। इससे वाहन सवारों के साथ हादसे का डर बना हुआ है। मीणौ की झौपडिया जाने वाले मार्ग पर शंकरपुरा से आगे की सड़क टूट गई है। उस पर 3 फीट गहरा गड्ढा हो गया है। जिसमें गड्ढे में वाहन चलाने वाले चालकों के गिरने का भय बना रहता है। इससे यहां से निकलने वाले दुपहिया वाहन सवार परेशान हैं तथा हमेशा चोटिल होने का भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से उक्त सड़क मार्ग को दुरस्त करवाने की मांग की है।

# पिलानी क्षेत्र में मीरा सागर इंडियन ऑयल प्रतिष्ठा का शुभारंभ



**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के शेखावाटी क्षेत्र पिलानी शिक्षा नगरी में आज नई प्रतिष्ठान इंडियन ऑयल आम व्यक्ति की आवश्यकता को पूर्ति करते हुए मीरा सागर इंडियन ऑयल प्रतिष्ठा का विधिवत शुभारंभ हुआ इस पुनीत अवसर पर इंडियन ऑयल प्रमुख निर्देशक, मैनेजर ,पिलानी विधायक पीतराम काला ,सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार एवं प्रमुख गणमान्य जनों की विशाल उपस्थिति में प्रथम देव गणेश जी महाराज का स्मरण करते हुए मीरासागर प्रतिष्ठा का मंत्र चरण के साथ फीता काटकर प्रारंभ किया गया। आज के भागम भाग की जिंदगी में अत्यंत आवश्यक सेवाओं में इंडियन ऑयल भारतीय पेट्रोलियम की पूर्ति करते हुए संस्थान के निर्देशक सत्यनारायण ठेकेदार ने बताया कि हमारा मूल उद्देश्य जनता की सेवा से जुड़े रहना है इंडियन ऑयल के द्वारा अनेक प्रकार की योजनाओं के तहत हम जनता को सर्वाधिक लाभ पहुंचाने में आने वाले समय में सफलता की सीढ़िया तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। चिड़ावा रोड पर नवनिर्मित प्रतिष्ठान आने वाले समय को देखते हुए सीएनजी सुविधा के लिए भी हमारे प्रतिष्ठान जनता के हित में कार्य करने जा रही है ।शुभारंभ के अवसर पर पिलानी एवं सूरजगढ़ विधायक ने बधाइयां प्रेषित कर जनता की सेवा में समर्पित नई प्रतिष्ठा के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के पंच ,सरपंच, पार्षद, अध्यक्ष नगर पालिका पिलानी प्रमुख जन उपस्थित रहे।

# चुनाव में विजय होने पर लगाई धोक

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** भगवान सूर्य नारायण लोहार्गल धाम में राष्ट्रीय भार्गव महासंघ लोहार्गल धाम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद जल के चुनाव में विजय होने पर धोक लगाई सूर्य मठ लोहार्गल धाम पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री रामानुजाचार्य महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। महाराज श्री ने अध्यक्ष बने जाने पर बधाई दी तथा शाल उड़ाकर आशीर्वाद दिया। इस मोके पर पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल कटराथल के श्री पोखरमल सुभाष वेद प्रकाश नितेश भार्गव चेतन भार्गव रावल राकेश चिराना राजेश आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया बुधवार 3 सितंबर लोहार्गल धाम भार्गव आश्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष शपथ ग्रहण समारोह जिसमें मुख्य अतिथि लोहार्गल पीठाधीश्वर महंत स्वामी अवधेशाचार्य का सानिध्य रहेगा।

# प्रतिज्ञा को नकद पिचेतर हजार राज्य की द्वितीय विजेता

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन सादुल स्पोर्ट्स स्कूल एथलेटिक्स ग्राउंड बीकानेर के 27 से 30 अगस्त में हुआ जिसमे सीकर जिले के ढाढण की तारा देवी रामेश्वर लाल बजाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 9 कि छात्रा प्रतिज्ञा गोदारा पुत्री जगदीश प्रसाद गोदारा भूमा ने सीकर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 14 में पूरे राजस्थान में नकद पुरस्कार पिचेतर हजार के साथ द्वितीय स्थान सिल्वर मैडल मिला द्य सस्थान ने जानकारी देते बताया की अब नवंबर माह में कोयंबटूर में आयोजित होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी द्य अंचल में मिली इस कामयाबी पर प्रतिभा गोदारा व परिजनों खिलाड़ियों कोच और विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं अनेक समाजिक सगठनों ने दी द्य शेखावाटी को मालूम हो कि यह चैम्पियनशिप में खेलों के प्रति रूचि पैदा करने है।

# गोगा मेड़ी पर रात्रिकालीन मेला व जागरण का आयोजन

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** परमाणाताल के पास स्थित बाबा चेतराम जैसराज भक्त की गोगामेड़ी पर रात्रिकालीन मेला व जागरण का आयोजन गत रात्रि हुआ। गोगा मेड़ी के 55 वें वार्षिकोत्सव मेला व जागरण में गायक कलाकार रामचंद्र मेहरड़ा एंड पार्टी, सिकराली के कलाकारों अपने-अपने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इससे पूर्व भक्त कालूराम धर्ड़ व मनीष धर्ड़ ने बाबा की ज्योत ली तथा गोगामेड़ी पर आए लगभग 50 मेड़ियों के भक्तों का सम्मान किया। पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुए कार्यक्रम में क्षेत्र सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों ने गोगा मेड़ी पर नारियल व पताशे का प्रसाद चढ़ाकर मन्नौतियां मांगी। वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की गोगामेड़ियों से भक्त अपने-अपने निशानों के साथ गोगामेड़ी पर पहुंचे।

# बनेठा में तेजाजी महाराज का तीन दिवसीय मेला शुरू

**बनेठा (हुक्मनामा समाचार)।** उपतहसील मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में तेजा दशमी पर मंगलवार से लोक देवता वीर तेजाजी महाराज का तीन दिवसीय वार्षिक मेला प्रारंभ हुआ। इस दौरान तेजाजी मंदिर परिसर मे नेजाओ के चढ़ने के साथ ही दर्शनार्थियों का तांता लगना शुरू हो गया। इससे पूर्व सोमवार को नेजो को सर्व समाज के लोगों द्वारा सजा धजा कर गांव भ्रमण करवाया गया। जिस दौरान महिला पुरूष बाल वृद्धजन जयकारे लगाते हुए व डी जे की धुन पर वीर तेजाजी की वीरता के ओतप्रोत भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। इसके साथ ही नृत्य कलाकारों ने कच्छी घोडी नृत्य कर दर्शकों को अचरज मे डाल दिया। तेजाजी महाराज के मन्दिर परिसर को फूल मालाओं और वानरवार सजाकर आकृर्षक सजावट की गई। सर्व समाज के सैकड़ों महिला पुरुष तेजाजी की वीर गाथाओं को अलगौजो की धुन पर सुनकर भावविभोर हो गए। विषैले कीटो से ग्रसित लोगों की तेजाजी सेवक ने मन्त्रोच्चार के साथ तातियां काटी। सुबह से ही दर्शनार्थ दर्शनार्थियों का मंदिर परिसर मे तांता लगा रहा। जिससे मेला व मन्दिर परिसर भीड़ से खचाखच भरा रहा।वही बनेठा, सरदारपुरा श्रीपुरा रूपपुरा रघुनाथपुरा भलाजीहाला सुरज्या भैरु सुरेली खददो की झौपडिया संग्रामपुरा कीरों की झौपडिया मालियों की झौपडिया गुदलिया सहित आस पास गांवों के ग्रामीणों ने मेले में शिरकत की ।





# राजेन्द्र स्वर्णकार को मिलेगा जनकवि प्रदीप शर्मा साहित्य सम्मान एवं पुरस्कार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हिंदी साहित्य संसद, चूरू द्वारा साहित्य सृजन एवं अन्य ललित कलाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु वर्ष 2025 का % जनकवि प्रदीप शर्मा साहित्य सम्मान एवं पुरस्कार बीकानेर के लोकप्रिय कवि, गीतकार, ग़ज़लकार, गायक, कम्पोजर राजेन्द्र स्वर्णकार को प्रदान किया जायेगा।

यह सम्मान संस्था द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर 2025 को चूरू में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में प्रदान किया जायेगा। हिंदी साहित्य संसद के अध्यक्ष और जाने माने साहित्यकार बनवारी लाल खामोश ने राजेंद्र स्वर्णकार को बधाई देते हुए ढंढ परिवार का भी आभार व्यक्त किया। खामोश ने बताया की पुरस्कार स्वरूप 11000/- नकद राशि, श्री फल, स्वर्ण पदक, सम्मान-पत्र, स्मृति-चिन्ह आदि अर्पित किये जायेंगे। राजेंद्र स्वर्णकार काव्य की विभिन्न विधाओं,रंग-रसों में राजस्थानी, हिंदी में छंदबद्ध काव्य सृजन के साथ लगभग तीन हज़ार गीत,ग़ज़ल, न व गी त , क वि ता , कु ंडलियां,हरिगीतिकाएं,सवैये, दोहे,सोरठे सहित विविध मात्रिक/वर्णिक छंद, मुक्तक एवं कविताओं का सृजन तथा लगभग दो सौ से अधिक स्वयं की मौलिक धु नों का निर्माण किया है।

## सिमरन का नया संगीत अध्याय

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पंजाबी पॉप को नई ऊँचाइयाँ देने वाली गायिका सिमिरन कौर धाडली ने अपना नया सिंगल प्यार नी सरया लॉन्च किया है। पुत्त जट्ट दा जैसी विश्वभर में लोकप्रिय ट्रैक के बाद, सिमरन इस बार एक भावुक और दिल को छू लेने वाला गीत लेकर आई हैं, जो प्यार खत्म होने के बाद भी उसकी चुभन को लंबे समय तक महसूस कराता है।सिमरन का कहना है कि प्यार नी सरया उनके दिल के बेहद निजी कोने से निकला गीत है। इसमें उनके ज़ख्म और खोए हुए प्यार की झलक है, जिसे वह आज भी संजोकर रखती हैं। वह चाहती हैं कि लोग इस गीत को सुनकर न सिर्फ उनका दर्द समझें बल्कि अपनी यादों से भी जुड़ाव महसूस करें।

# वार्षिक उत्सव में चेयरमेन डॉ खत्री किया स्वागत

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जगमालपुरा फाटक के पास बी के फार्म हाउस में बीके वेलफेयर सोसाइटी का पहला वार्षिक प्रोग्राम धूमधाम से मनाया गया द्य सोसाइटी के चेयरमेन का सदस्यों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया द्य प्रोग्राम की शुरुआत मौलाना ने कुरान की आयत से की सोसायटी के चेयर मेन डॉ अब्दुल रहीम खत्री का सोसायटी के कानूनी सलाहकार एडवोकेट अब्दुल कयूम कुरैशी ने साफा पहनाकर स्वागत किया द्यसोसायटी के अध्यक्ष खालिद अहमद चौहान सचिव अब्दुल रहमान खत्री संरक्षक कयामुद्दीन भाटी, ने फूल माला पहनाकर चेयर मेन का स्वागत किया सोसायटी के उपाध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, फैसल तंवर, साहिल बेहलीम, नदीम चौहान, सहसचिव शकील नागौरी, जमील खोखर, आसिफ टेंट, खालिद चौहान, मीडिया प्रभारी मोहसिन अली, सहसंयोजक शरीफ बेहलीम, मास्टर बशीर अहमद, महिला विंग अध्यक्ष शमीम बानो, सचिव सोफिया चौहान, ने भी सोसायटी के चेयर मेन डॉ अब्दुल रहीम खत्री का माला पहनाकर ओर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया प्रोग्राम को सोसायटी के अध्यक्ष डॉ अब्दुल रहीम खत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सदस्यों की मेहनत का नतीजा है कि बीके वेलफेयर सोसायटी को नेशनल स्तर पर अवॉर्ड मिला ओर नैशनल न्यूज चेलन आज तक पर हमें मौका मिला आगे भी हम सब लोग मिलकर हमारी एकता के बल पर ओर हम सब की कड़ी मेहनत से हम सब मिलजुलकर मानवता सेवा करने में सब से आगे रहेंगे द्य सोसायटी का एक साल में की गई कारगुज़ारियों का ब्यौरा के सचिव अब्दुल रहमान खत्री ने रखा ओर सभी आए हुवे सदस्यों का आभार सोसायटी के अध्यक्ष खालिद अहमद चौहान ने किया ओर प्रोग्राम का संचालन मोहम्मद रफीक बेहलीम ने किया

# सुगंध दशमी पर जिन मंदिरों में धूप खेवन कर अपने कर्मों की निर्जरा जलाईं

**टोडारायसिंह (हुक्मनामा समाचार)।** पर्यूषण पर्व पर उपलक्ष्य में मंगलवार को कस्बे में जैन धर्मावलंबियों ने सुगंध दशमी पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया। जैन समाज बंधुओं ने कस्बे के आदिनाथ मंदिर, नेमीनाथ मंदिर, महावीर जिन चेताल्य, मुनि सुव्रत नाथ मंदिर, पदम प्रभु जिन चेताल्य मंदिर, जैन भवन सहित सभी जैन मंदिरों में पहुंच कर जिनेन्द्र देव के समक्ष सुगंधित धूप का खेवन किया। इससे कस्बे के जिनालय महक उठे। सुबह मंदिरों में श्रावक श्राविकाओं द्वारा जिनेन्द्र देव का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा कर उत्तम संयम धर्म की विशेष पूजा की गई। शाम को जैन मंदिरों में जिनेन्द्र देव की भव्य आरती की गई। शाम को सभी मंदिरों में जैन धर्मावलंबियों ने धूप खेकर अपने कर्मों की निर्जरा जलाई। जिसमें समाज के सभी महिला पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। जैन समाज अध्यक्ष संत कुमार जैन और प्रवक्ता मुकुल जैन ने बताया कि दिगंबर जैन मंदिरों में चारों ओर धूप की भीनी-भीनी और सुगंधित खुशबू महक उठी। भाद्रपद में शुक्ल पक्ष की दशमी को यह पर्व मनाया जाता है। इसे सुगंध दशमी अथवा धूपदशमी कहा जाता है। जैन मान्यिताओं के अनुसार पर्युषण पर्व के अंतर्गत आने वाली सुगंध दशमी का काफी महत्व है। इस व्रत को विधि पूर्वक करने से मनुष्य के अशुभ कर्मों का क्षय होकर पुण्येबंध का निर्माण होता है और उन्हें स्व र्ग, मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दौरान जैन समुदाय शहरों तथा गांवों में सभी जैन मंदिरों में जाकर भगवान को धूप अर्पण करते हैं। जिसे धूप खेवन भी कहा जाता है। जिससे सारा वायुमंडल सुगंधमय होकर, बाहरी वातावरण स्वरच्छद और खुशनुमा हो जाता है। इस अवसर पर अपने द्वारा हुए बूरे कर्मों के क्षयकी भावना मन में लेकर मंदिरों में भगवान के समक्ष धूप चढ़ाई जाती है। कई मं?दिरों में मंडल विधान की सुंदर रचनाएं, कई जगहों पर झाकियां, तो कहीं अलग-अलग जगहों के तीर्थ क्षेत्र की झाकियां सजाई गई है।



# पदम प्रभु जिनालय में आयोजित हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**टोडारायसिंह (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में पर्यूषण पर्व के चलते पदम प्रभु जिनालय में 20 वां सुंदर विजय पावन वर्षा योग के महापर्व के अवसर पर परम पूज्य चारित्र महोदधि आर्यिका 105 श्री विष्णु प्रभा माता जी ससंघ के सानिध्य में बा. ब्र.डॉ.शैली दीदी के नेतृत्व में दशलक्षण महापर्व के छठवें दिन कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिदिन की तरह संगीतमय शांति धारा, नित्य नियम पूजा व अभिषेक से हुई। सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि शांति धारा के बाद दशलक्षण धर्म महा मंडल विद्यान में उत्तम संयम धर्म के16 श्रीफल अर्घ समर्पित किए गए। श्री विष्णु प्रभा माताजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि अहंकार, ममकार और हिंसात्मक वचन से दूर रहकर हमेशा हितकारी और मधुर वचन बोलने की सीख दी, माताजी ने बताया कि आत्मा ही सत्य है बाकी जगत भौतिक सुख और अहंकार असत्य है ,कर्कश हिंसात्मक, गर्वित, निंदक और पाप युक्त वचन कभी नहीं बोलना चाहिए। बीती रात णमोकार महिला मंडल द्वारा चारित्र महोदधि आर्यिका 105 श्री विष्णु प्रभा माताजी के जीवन चरित्र पर आधारित नाटक रानी बनी विष्णु प्रभा का मंचन किया गया।



## संयुक्त अभिभावक संघ ने कोचिंग बिल रेगुलेटरी एक्ट का किया विरोध, संशोधन के लिए रखी 5 मांग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** संयुक्त अभिभावक संघ ने कोचिंग बिल रेगुलेटरी एक्ट को अव्यावहारिक बताते हुए इसके खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया और संशोधन की मांग की। राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि - एक्ट में अभिभावकों के सुझावों को शामिल करना बेहद जरूरी है। छात्रों की आत्महत्या जैसे संवेदनशील मुद्दों पर केवल अभिभावकों को दोषी ठहरा देना और मामले की इतिश्री कर बंद कर देना गलत है। अगर अभिभावक दोषी है तो सभी के लिए समान नियम व दंड का प्रावधान होना चाहिए।

## 50 वर्षों बाद मिली दृष्टि, पिलानी के महादेव सिंही नेत्र चिकित्सालय में अद्वितीय शल्य चिकित्सा

**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** महादेव सिंही नेत्र चिकित्सालय में डॉ. पंकज कटारिया ने एक जटिल नेत्र शल्य चिकित्सा कर 60 वर्षीय मरीज मांगे राम (गांव सुलखनिया छोटा, राजगढ़) को 50 वर्षों बाद साफ दृष्टि प्रदान की। मरीज बचपन से ही गंभीर दृष्टि ह्रास से पीड़ित था। उसे मोतियाबिंद, एडवांस केराटोकॉनस व कॉर्नियल स्कारिंग की समस्या थी। कई चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए ऑपरेशन करने से इनकार कर दिया था। डॉ. कटारिया ने विशेष तकनीक से ऐसा ऑपरेशन किया जिसमें मोतियाबिंद और केराटोकॉनस दोनों का समाधान एक साथ हुआ। ऑपरेशन सफल रहने पर मरीज ने पहली बार साफ दृष्टि देख भावुक होकर टीम का आभार जताया और अब वह दूसरी आंख का भी ऑपरेशन कराने जा रहा है। डॉ. कटारिया ने कहा कि इस प्रक्रिया में ढ्ढह्रु पावर की गणना सबसे बड़ी चुनौती थी, पर टीमवर्क से यह संभव हुआ। अस्पताल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर चिकित्सक और पूरी टीम को बधाई दी।



# एबीवीपी ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा वीर बाला काली बाई प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षी, मुख्य वक्ता एबीवीपी के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य भारत भूषण यादव , सानिध्य लक्ष्मी नारायण पुजारी सालासर धाम , विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण सहजिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सुश्री रमा शेखावत प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एबीवीपी के सानिध्य में व जयप्रकाश ताम्रायत की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद व मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि अभिनेश महर्षि ने कहा कि एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो युवाओं में राष्ट्रवाद का बीजारोपण कर रहा है। मुख्य वक्ता भारत भूषण यादव ने कहा कि एबीवीपी आजादी से लेकर अब तक अनवरत रूप से युवाओं को देशभक्ति के भाव से जोड़ रहा है , विद्यार्थी परिषद आंदोलनों के माध्यम से देश भर में शिक्षा के व्यापारीकरण को रोकने का कार्य कर रहा है।क्षकार्यक्रम को संघ के रामकृष्ण, सुश्री रमा शेखावत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जयप्रकाश ताम्रायत ने सभी का अभिनंदन किया और सामाजिक सरोकार से जुड़ने का आग्रह किया । एबीवीपी के नगर मंत्री विवेकानंद रैगर ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के द्वारा कक्षा 12 में 80% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाली क्षेत्र की लगभग 350 प्रतिभाओं का परिषद के प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान किया गया है। कार्यक्रम में एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री सुनील कुमावत जिला संयोजक जय सिंह राठौड़ , जिला भाग संयोजक विशाल स्वामी, पुनीत सैन एसएफएस के प्रांत सहसंयोजक विशाल सोनी , प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कौशल्या उपाध्याय, परिषद के मोहित शर्मा, पिंटू सिंह, करण शर्मा, लकी सैनी, कृष्ण जांगिड़, कृष्णा सारस्वत,

## सेवा-निवृत्त शिक्षक से ठगी: 1 लाख रुपए लेकर भागे दो युवक

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील के निकटवर्ती ग्राम भुखरेडी के सेवानिवृत्त अध्यापक गोपाल महिया के साथ ठगी होने का मामला सामने आया है जानकारी अनुसार गोपाल मैया को दो युवकों ने ठगी का शिकार बनाया। सेवानिवृत्त अध्यापक गोपाल महिया भारतीय स्टेट बैंक से एक लाख रुपए नकद निकालकर अपनी बाइक से गांव लौट रहे थे। देरासर ग्राम से पहले, सरकना सती मंदिर के पास एक सर्विस सेंटर पर उन्होंने अपनी बाइक रोकी। इस दौरान उन्होंने रुपयों से भरा बैग एक मेज पर रख दिया और मैकेनिक से बात करने लगे। मौके का फायदा उठाते हुए, बाइक पर आए दो युवकों ने बैग में ब्लेड से कट लगाया और बड़ी चालाकी से रुपए निकाल लिए। रुपए लेकर दोनों युवक तुरंत मौके से फरार हो गए।जब गोपाल महिया को ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत सर्विस सेंटर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कोशिश की और पुलिस को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक, पुलिस मामले की जांच कर रही थी और आरोपियों की तलाश जारी थी। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे।

# रमेश विजयवर्गीय भवन संयोजक एवं कार्यालय मंत्री बने रामलाल

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा टोंक प्रदेश अध्यक्ष बलदेव विजयवर्गीय पीपलू वालों ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रमेश विजयवर्गीय मेहन्दवास को विजयवर्गीय महासभा टोंक का भवन संयोजक एवं रामलाल विजयवर्गीय ठीकरिया को कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। भवन समिति में सह-संयोजक मुकेश विजयवर्गीय ढिकोलिया, मंत्री ताराचंद विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रामबाबू विजय बांसेड़ा, कार्यकारिणी सदस्य प्रेम नारायण विजय डारडाहिंद को मनोनीत किया गया। इनके मनोनित होने पर राम अवतार, आशाराम, रामगोपाल, रामजीलाल, रमेश मुल्तानी, कमलेश, त्रिलोक एवं मनीष आदि हर्ष व्यक्त किया।



## सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार से निर्मला रावत सम्मानित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व पैरा थ्रो बॉल महासंघ की अध्यक्ष निर्मला रावत को सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। रावत को यह सम्मान विश्व पैरा थ्रो बॉल महासंघ के बैनर तले कोयंबटूर में आयोजित राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल चैम्पियनषिप-2025 में - 2025 में विश्व पैरा थ्रो बॉल महासंघ चेयरपर्सन प्रेम अल्बर्ट, वाइस प्रेसीडेंट डॉ.रत्नाकर सरन ने प्रदान किया। इस अवसर पर हुए समापन समारोह में रावत ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। इस टूर्नामेंट पुरुष टीम आंध्र प्रदेश, झारखंड, राजस्थान और तमिलनाडु की टीमों ने हिस्सा लिया,साथ ही राज्य महिला टीम में कर्नाटक, झारखंड, तमिलनाडु और राजस्थान की टीमों ने हिस्सा लिया।

# यूनानी मेडिकल कॉलेज में लिवर डिजीज पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी टोंक द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी संस्थान सेमीनार हाल में ''मैनेजमेंट आफ लिवर डिजीज इन युनानी सिस्टम ऑफ़ मेडिसिन'' के विषय पर भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य बढ़ते हुए लिवर रोगों की समस्याओं पर चर्चा करना एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से इनके प्रभावी उपचार एवं प्रबंधन की संभावनाओं को उजागर करना था। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति कुलगुरु डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित करके किया। मुफ्ती आदिल ने कलामे पाक की तिलावत की। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि लिवर रोग आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन चुके हैं। बदलती जीवनशैली, असंतुलित खान-पान एवं तनाव के कारण हेपेटाइटिस, फैटी लिवर, सिरोसिस जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। यूनानी चिकित्सा पद्धति में आहार, दवा एवं जीवनशैली सुधार के माध्यम से लिवर रोगों के प्रबंधन की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं, जिन्हें आधुनिक शोध के साथ जोडने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा शिक्षक को एवं चिकित्सकों को एक अच्छा इंसान बनकर लगन एवं ईमानदारी से काम करके राष्ट्र के विकास में सहयोग देना चाहिए। सेमिनार में विशिष्ट अतिथि अखिलेश कुमार पीपल कुलसचिव डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति यूनानी एवं आयुर्वेद में लीवर डिजीज के उपचार के लिए अपार संभावनाएं मौजूद है, यदि पारंपरिक एवं आधुनिक पद्धतियों का सम्मिलित उपयोग किया जाए, तो लिवर रोगियों को बेहतर एवं सुरक्षित उपचार मिल सकता है।

युनानी कॉलेज की नोडल अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि दुनिया भर में लाखों लोग लीवर की बीमारी से जुड़े हैं । उन्होंने कहा कि भारत में लिवर से जुड़ी बीमारी में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो खराब खान.पान के सेवन के कारण होती है, लिवर रोगों एवं उनके लक्षणों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरीके के सेमिनार बहुत ही उपयोगी है। कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर सरफराज अहमद ने बताया कि सेमिनार में मुख्य वक्ता युनानी मेडिकल कॉलेज भोपाल से आए डॉक्टर मोहम्मद आरिफ रहे, उन्होंने अपने व्याख्यान में यूनानी चिकित्सा के सिद्धांतों की चर्चा कर बताया कि लिवर को शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग मानते हुए प्राचीन यूनानी चिकित्सकों ने इसके लिए विशेष दवाओं एवं उपचार पद्धतियों का उल्लेख किया है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों एवं दवाओं से लिवर की कार्यक्षमता को सुदृढ़ किया जा सकता है, जिससे हेपेटिक बीमारियों की रोकथाम एवं इलाज दोनों संभव हैं। उन्होंने हेपेटाइटिस बी और लीवर से जुड़ी दूसरी बीमारियों से संबंधित शोध पत्र भी प्रस्तुत किया तथा बताएं कि किस तरह यूनानी उपचार से हेपेटाइटिस बी और लीवर की दूसरी गंभीर बीमारियां भी ठीक हो गई।

सेमिनार में अन्य वक्ताओं में डॉक्टर अमजद सैफी, डॉक्टर जावेद आलम, डॉक्टर दानिश ने भी लिवर रोगों पर अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। सेमिनार में चिकित्सालय अधीक्षक एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर फिरोज खान, उप-प्राचार्य डॉक्टर नाजिया शमशाद, एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर मोहम्मद अकमल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर सरफराज अहमद ने भी सेमिनार में अपने विचार व्यक्त किये। सेमिनार का संचालन डॉक्टर सैयद अब्दुल मुजीब द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मोहम्मद इरशाद खान डॉक्टर नाजीया शमशाद ने सेमीनार में अपस्थित होने के लिए सभी अतिथि, शिक्षकों एवं विद्यार्थीयों का आभार व्यक्त किया। सेमिनार में डॉ. संजय गंजू, डॉक्टर हिना जफर, डॉक्टर खतीब अहमद, डॉक्टर आसिफ अली खान, डॉक्टर अनिसुर रहमान, डॉक्टर शादमा इशरत, डॉक्टर मरगूब अहमद, डॉक्टर मुश्ताक, डॉक्टर अमजद सैफी, डॉक्टर सएमा, डॉक्टर जीशान अली, डॉक्टर अब्दुल मन्नान, डॉक्टर अब्दुल रब, डॉ. जावेद आलम, डॉ. इमरान खान, डॉ. मो. शादाब, डॉ. ज़ोहरा जबीन, डॉ. कमर-उल-इस्लाम उस्मानी, डॉ. दानिश, डॉ. एस. वली मोअज़्ज़म, डॉ. मंजर अली, डॉ. मो. अलीम, डॉ. आयशा परवेज, डॉ. युसरा कुरैशी, डॉ. सदफ अम्बरीन, डॉ. मो. मुनाजिर इतयादि सभी छात्र एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## प्रमोद शंकर शर्मा उपाध्यक्ष और अनुपम गौतम बने सयुंक्त मंत्री



**सवाईमाधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला गौतम आश्रम में आज एक इतिहास दर्ज हुआ ज़ब उपाध्यक्ष पद के नाम का ऐलान निर्विरोध हुआ। 31 अगस्त को हुए चुनाव में जीते हुए सदस्यों ने एक स्वर में प्रमोद शंकर शर्मा एडवोकेट के नाम पर उपाध्यक्ष पद के लिए सहमति बनाई। मंगलवार को हुए चुनाव में सिर्फ सयुंक्त मंत्री के पद पर मतदान हुआ। जिसमे 31 अगस्त को हुए चुनाव में जीते हुए सदस्यों ने मतदान किया। सयुंक्त मंत्री पद पर अनुपम गौतम को 15 मत, अंजनि कुमार को 11 मत और जुगल किशोर को 1 मत मिले, सबसे अधिक अनुपम गौतम को 15 मत मिलने पर सयुंक्त मंत्री दर्जा मिला अनुपम को मिला। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इन नामो की अधिकारिक घोषणा की। इस मौके पर प्रमोद शंकर शर्मा और अनुपम गौतम को माला साफा पहनाकर समाज के लोगो ने बधाई एवं शुभकामनायें दी

## महागणपति पूजा महोत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु

**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के वार्ड एक में गोपीनाथ मंदिर के पीछे आयोजित महागणपति पूजा महोत्सव में सुबह श्रद्धालु उमड़ रहे है।ज्योतिषाचार्य पंडित योगेश सुरोलिया एवं पंडित नितेश शर्मा के आचार्यत्व मे पूजा अर्चना व सुबह शाम आरती की जा रही है। इस मौके पर सीताराम सोनी, रक्षपाल हलवाई, विजय हलवाई,विष्णु सोनी,ओमप्रकाश शर्मा,जयप्रकाश शर्मा,सुनील शर्मा, मुकेश चेजारा, सुरेश शर्मा, अजय शर्मा,जनार्दन सुरोलिया,अनुराग तंवर,कुलदीप शर्मा,सजन शर्मा,आशीष कुमार,कृष्णकांत शर्मा दिवाकर शर्मा,भूपेश शर्मा,यशपाल शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद है।

## सिट्रॉएन इंडिया ने व्यापक खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ की साझेदारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** वाहन स्वामित्व को सरल बनाने और ग्राहकों और डीलरों दोनों के लिए वित्तीय पहुँच बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण के साथ सिट्रॉएन इंडिया ने सर्वश्रेष्ठ खुदरा और डीलर वित्त समाधान प्रदान करने के लिए भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक के साथ साझेदारी की है। यह रणनीतिक कदम स्टेलंटिस-एचडीएफसी गठबंधन को और मजबूत करता है, जिससे एचडीएफसी बैंक भारत में जीप, मासेराती और अब सिट्रॉएन सहित सभी स्टेलंटिस ब्रांडों के लिए एकमात्र पसंदीदा वित्तपोषक बन गया है। इस समझौता ज्ञापन पर स्टेलंटिस इंडिया के बिजनेस हेड और डायरेक्टर - स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप्स × इंस्टीटूशनल बिज़नेस, श्री शिशिर मिश्रा और एचडीएफसी बैंक के बिजनेस हेड - ऑटो लोन, इन्वेंट्री फाइनेंस और टू-व्हीलर लोन, श्री अखिलेश कुमार रॉय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर स्टेलंटिस इंडिया और एचडीएफसी बैंक के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस महत्वपूर्ण घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, स्टेलेंटिस इंडिया के बिज़नेस हेड और डायरेक्टर - स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप्स एंड इंस्टीट्यूशनल बिज़नेस, शिशिर मिश्रा ने कहा, कार खरीदने के सफ़र में फ़ाइनेंसिंग एक अहम भूमिका निभाती है। नए ज़माने के ग्राहक अपनी जीवनशैली और सुविधा के अनुरूप स्मार्ट, लचीले फ़ाइनेंसिंग समाधानों की तलाश में तेज़ी से बढ़ रहे हैं। वे अपनी कार खरीदने के सफ़र में गति, पारदर्शिता और सुविधा को महत्व देते हैं, जिससे नए फ़ाइनेंस विकल्प उनके लिए एक अहम फ़ैसला लेने वाले कारक बन जाते हैं। सिट्रॉएन में हम अपने ग्राहकों और पार्टनर्स के लिए मोबिलिटी को ज़्यादा सुलभ और सहज बनाने में विश्वास करते हैं। एचडीएफसी बैंक के साथ यह साझेदारी न केवल हमारे फ़ाइनेंसिंग इकोसिस्टम को मज़बूत करती है बल्कि सभी टचपॉइंट्स पर समग्र, सुविधाजनक और विश्वसनीय अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करती है।एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड - रिटेल एसेट्स, श्री अरविंद वोहरा ने कहा, हमें सिट्रॉएन के साथ एक सरल ऑटो-फ़ाइनेंसिंग सफ़र की पेशकश करने पर खुशी है। एचडीएफसी बैंक का विशाल भौगोलिक क्षेत्र, उपभोक्ता-केंद्रित बैंकिंग उत्पाद और मज़बूत क्रेडिट इंटेलिजेंस क्षमताएँ एक तेज़ और सुविधाजनक ऑटो स्वामित्व सफ़र को संभव बनाएँगी।एचडीएफसी बैंक की व्यापक पैन -इंडिया पहुँच और दो दशकों से अधिक समय से सबसे भरोसेमंद ऑटोमोबाइल फाइनेंसरों में से एक के रूप में सिद्ध विरासत के साथ, यह गठजोड़ सिट्रॉएन ग्राहकों और डीलर भागीदारों दोनों को मजबूत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ग्राहकों के लिए यह साझेदारी प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और लचीले पुनर्भुगतान विकल्पों के साथ बढ़ी हुई है।

## बयाना स्टेशन पर सेवानिवृत्त जवान का पूर्व सैनिकों ने किया भव्य स्वागत, लगाये देशभक्ति के नारे



**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** रेलवे स्टेशन पर सेना से सकुशल सेवानिवृत्त होकर आए त्योहारी गांव के रहने वाले सूबेदार विजयराम विधूड़ी 13 वीं मैक(18 राजपूत) बटालियन का पूर्व सैनिकों ने माला साफा पहनाकर सम्मान किया। सूबेदार ने बताया कि 30 वर्ष भारतीय सेना में दुर्गम स्थानों पर बहुत ही मुश्किल हालातों में सेवाएं देने के बाद मंगलवार को से कुशल आया हूं। पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष बलराम कांवर के सानिध्य में सभी पूर्व सैनिकों ने सूबेदार का साफा माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर भारत माता की जय ! वन्दे मातरम! इंकलाब जिंदाबाद के नारों से पूरा स्टेशन परिसर गुंजायमान हो गया सूबेदार विजयराम ने बताया कि में अब सामाजिक गतिविधियों में सेवा एवं नौजवानो को सेना के लिए फ्री में ट्रैनिंग देने का कार्य करता रहूंगा। सभी सैनिक सूबेदार को सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव त्योहारी ले गए। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सिनसिनवार, कैप्टन मानसिंह कंसाना, सूबेदार राजवीर सिंह, कैप्टन भरत सिंह,सूबेदार हाकिम सिंह, हवलदार करतार सिंह कसाना, सूबेदार राधेश्याम छावड़ी,सूबेदार जगदीश सिंह, हवलदार कदम सिंह, सूबेदार दामोदर, हवलदार सूबेदार दौलत सिंह है।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह भारत का पहला इंडेक्स फंड है जो निवेशकों को अर्थव्यवस्था के सभी सेक्टर लीडर्स तक विशेष पहुँच प्रदान करेगा। यह ओपन-एंडेड स्कीम बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स को ट्रैक करेगी, जो बीएसई 500 इंडेक्स के 21 सेक्टरों में से प्रत्येक से बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष तीन कंपनियों की पहचान करता है। न्यू फंड ऑफर 3 सितंबर 2025 को खुलेगा और 17 सितंबर 2025 को बंद होगा। बंधन बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, वित्तीय सलाहकारों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या के माध्यम से किया जा सकता है।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, बंधन एएमसी के सीईओ, विशाल कपूर ने कहा भारत के पूंजी बाजार तेज़ी से बदलाव के दौर से गुज़र रहे हैं, स्थापित क्षेत्र विकसित हो रहे हैं और नए सेक्टर विकास के वाहक के रूप में उभर रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में, क्षेत्र के अग्रणी लोगों ने चक्रों के माध्यम से लचीलापन, व्यवधान का कम जोखिम और दीर्घकालिक मूल्य को बढ़ावा देने की क्षमता दिखाई है। बंधन बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड के लॉन्च के साथ, हमें भारत की पहली पेशकश पेश करते हुए गर्व हो रहा है जो निवेशकों को देश की विकास गाथा को गति देने वाले नेताओं तक सरल, व्यापक-आधारित पहुँच प्रदान करती है।बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स एक विषयगत सूचकांक है जो कुल बाजार पूंजीकरण के आधार पर बीएसई 500 इंडेक्स के प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष 3 कंपनियों को ट्रैक करता है। हालाँकि बीएसई सेक्टर लीडर्स इंडेक्स 500 शेयरों से आकर्षित होता है, यह बड़े पैमाने पर लार्ज-कैप पर केंद्रित है।

## बयाना के एचडीएफसी बैंक में गोल्ड लोन घोटाला,पुलिस ने दो आरोपीयों को किया गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी



**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना के एचडीएफसी बैंक शाखा में हुए गोल्ड लोन घोटाले मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दोनों भाई गढ़ी बाजना थाना इलाके के गांव थानाडांग निवासी सत्तो गुर्जर व लोकेश गुर्जर हैं। जिन्हें अब कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामले के अनुसंधान अधिकारी एएसआई बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि 12 लोगों ने बैंक में मिलावटी सोना गिरवी रखकर 1.22 करोड रुपए का लोन लिया था। लोन स्वीकृत होने के करीब 3 महीने बाद ऑडिट में बैंक प्रबंधन को शक हुआ। इस पर बैंक ने सोने की जांच कराई तो गिरवी रखे गए सोने में केवल 25 से 30% की ही शुद्धता पाई गई थी। यानी सोने में भारी मात्रा में मिलावट की गई थी। इसे लेकर बैंक के हैड ऑफिस विद्याधरनगर के डिप्टी मैजेजर संदीप गुप्ता ने 12 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था।अनुसंधान करते हुए मंगलवार को दो आरोपी भाइयों सत्तो गुर्जर और लोकेश गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अन्य आरोपियों रामराज, सोमोती, निरंजन सिंह, मुनीम सिंह, सतवीर, मातादीन, रमेश चंद, रामकुमार, आराम गुर्जर की तलाश की जा रही है।

# जलझूलनी एकादशी पर्व पर डोल यात्रा निकाली जायेगी आज

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर बुधवार को जलझूलनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। बुधवार शाम को जिला मुख्यालय पर सभी 38 मन्दिरों से ठाकुर जी महाराज की डोल यात्रा बैण्डबाजों से साथ निकाली जायेगी, जो मुख्य बाजारों से होती हुई चतुर्भुज तालाब पर जायेगी। जिला मुख्यालय में चतुर्भुज तालाब पर आयोजित होने वाले जलझूलनी के मेले में काला बाबा का डोला आकर्र्षण का केन्द्र रहेगा, जो सबसे आखिरी में रवाना होकर जलविहार के लिए सबसे पहले पहुंचेगा। काला बाबा जो सभी डोले में कोतवाल के नाम से जाना जाता हैं, अपने करतब दिखाते हुए सभी के आकर्र्षण का केन्द्र होता हैं, जहां ठाकुर को स्नान करने के बाद



सांय आरती उतारी जायेगी। इस मेले में सभी समाजों के देवविमान सज-धज कर जुलूस के रूप में शाम को रवाना होगें, जो जलविहार के बाद वापिस मन्दिरों में पहुंचेंगे।

इस अवसर पर पचंकुईया क्षेत्र में विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले की तैयारियों संबंधी जायजा लेने मंगलवार को वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी, पुरानी टोंक पुलिस थानाधिकारी नेमीचंद, हिंदू मेला एवं उत्सव समिति के पंडित पवन सागर, नगर परिषद की जेईएन चम्पा, एईएन फतेह सिंह, एक्सईएन दीपक आनन्द, एसआई सुनील मीणा एवं शकील खान आदि चतुर्भुज तालाब पहुंचे, जिन्होंने संबंधित विभाग को तालाब में पानी अधिक होने के कारण तालाब की पेडीयों के समीप ही बैरिकेट्स लगाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मेला समिति के पंडित पवन सागर ने सभी मंदिर संचालकों से आग्रह किया है कि वह डोलो को पानी के अंदर तालाब में नहीं ले जाएं। वृत्ताधिकारी राजेश विद्यार्थी ने मेला स्थल की सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के नगर परिषद टोंक को निर्देश दिए हैं, साथ ही सभी से अपील की है कि चतुर्भुज तालाब में पानी की अधिकता को देखते हुए कोई भी तालाब में नहीं जाएं। उन्होंने मेला स्थल पर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से पुरानी टोंक के थानाधिकारी नेमीचंद को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### बस्सी और टोडा में तेजाजी के मेला भरा, पीड़ा का निवारण कराया



**टोडारायसिंह (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को तेजा दशमी का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कस्बे में पुराने बस स्टैंड के पास स्थित तेजाजी महाराज के मेला भरा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। इसी प्रकार ग्राम बस्सी व कंवरावास में भी तेजाजी महाराज का विशाल मेला भरा। जहां हजारों लोगों ने दर्शन लाभ लेकर मन्नतें मांगी। इस दौरान अलगोजे व ढोलक बजाकर तेजाजी महाराज के भजन गाए गए। तेजाजी के गोड़ले से लोगों ने अपनी पीड़ा का निवारण करवाया। ग्राम भांसू में ग्रामीणों ने तेजाजी महाराज की बिंदौरी निकाली। जोकि पूरे गांव में भ्रमण कर तेजाजी महाराज के स्थान पर पहुंची। इसी प्रकार बस्सी, गोलेहडा, रामपुरा, बोटूंदा, हमीरपुर, लांबाकला, बावडी, गणेती, गणेता, भासू, थडोली, सांडला, बासेडा, गोपालपुरा, माधोगंज, मोरभाटियान, खरेड़ा सहित सभी गांवों में तेजा दशमी श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।

### लाल लाल कुआं गणेश पूजा महोत्सव में झांकियों ने मन मोहा



**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के वार्ड 12 में नगरपालिका के पास स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के तत्वावधान में चल रहे लाल कुआं गणेश पूजा महोत्सव में सोमवार को सायं कालीन आरती में भगवान शिव,मां पार्वती, भगवान गणेश एवं भगवान कार्तिकेय की सजीव झांकियां सजाई गई। आरती के बाद तलवारों पे सर वार दिए, अंगारों में जिस्म जलाया है..., देश रंगीला, जहां पांव में पायल सहित देशभक्ति गीतों पर हंसा, लवी,तनु कुमावत,इशिका, दिव्यांशी, सुदीक्षा, गुनगुन, याचिका, मोनिका, रजनी,किरण, पायल सहित बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई।कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के नाटक का मंचन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।इस दौरान पूजा पंडाल भारत माता के जयघोष से गूंजता रहा।मंच संचालन परमेश्वर लाल चेजारा द्वारा किया जा रहा है। सेवा संघ के अमित कुमावत व एडवोकेट भवानी शंकर सैन ने बताया कि नौ दिवसीय गणपति महोत्सव में पंडित मनोज सुरोलिया के आचार्यत्व दैनिक पूजा, प्रातः व रात्रि में संगीतमय आरती हुई । इस अवसर पर कार्यकर्ता व भक्तजन मौजूद रहें। बुधवार सायं कालीन में महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

### बयाना में ट्रैफिक पुलिस सख्त, हेलमेट और सीट बेल्ट के नियम तोड़ने वालों पर कटेंगे ताबड़तोड़ चालान



**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने सघन अभियान छेड़ दिया है। अभियान के दौरान नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभियान प्रभारी ट्रैफिक हेडकांस्टेबल केवार सिंह ने बताया कि बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों को मौके पर समझाइश भी दी जा रही है और चालान भी काटा जा रहा है। चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता याद दिलाई जा रही है।उन्होंने कहा कि रोजाना हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यदि लोग नियमों का पालन करें तो इन हादसों में काफी कमी लाई जा सकती है।अभियान के दौरान कई युवक बिना ड्राइविंग लाइसेंस दुपहिया वाहन चलाते पाए गए। वहीं, तीन सवारी बैठाकर नियम तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई हुई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

### किराना एवं परचून संघ की नई कार्यकारिणी गठित, नरेश महामंत्री व सूर्यकांत कोषाध्यक्ष बने

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** किराना एवं परचून संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ गर्ग ने संगठन के विस्तार व मजबूती को ध्यान में रखते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में नरेश गोयल और सुभाष गोयल को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं संदेश सिंघल और तारा मदनपुर को उपाध्यक्ष बनाया गया। नरेश सिकंदरा को महामंत्री, सूर्यकांत सिंघल को कोषाध्यक्ष और राजीव गर्ग को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। इसके अलावा सुभाष सिंघल, विवेक रुदावल, पप्पू सैनी और लोकेश गर्ग मंत्री बनाए गए। मीडिया प्रमुख का दायित्व नवीन बंसल को मिला। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजय जुनेजा, अर्जुन शर्मा, राजू सेन, दीपक मित्तल और बृजेश सिंघल को शामिल किया गया। नई कार्यकारिणी से संघ के कामकाज में और अधिक सक्रियता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## गीत व नृत्य की प्रस्तुति से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

# तेजा मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की शिरकत

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** ब्यावर नगर परिषद ओर से सुभाष उद्यान स्थित राठी पवेलियन पर ब्यावर के ऐतिहासिक वीर तेजा मेले के तहत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ मौजूद रही। इस मौके पर विधायक शंकर सिंह रावत, कलेक्टर कमल राम मीना, एसपी रतन सिंह राठौड़ सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के सुप्रसिद्ध गायक खेता खान के साथ आये कलाकारों ने गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। इस दौरान खेता खान ने से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। देर रात तक चली सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने जमकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से मंचासीन अतिथियों का साफा पहनाकर वीर तेजाजी महाराज का दुपटट तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। विधायक शंकर सिंह रावत व पूर्व सभापति नरेश कनोजिया के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने 121 किलो फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दोरान पूरा मच वीर तेजाजी महाराज के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वीर तेजा जी का ऐतिहासिक मेला दशको से ब्यावर की पहचान है। उन्होंन ने कहा कि वीर तेजा जी महाराज सरीखे राजस्थान में अनेक महापुरूष हुए जिन्होने इस भारत की सांस्कृति को बचाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दियां। उन्होंन कहा कि तेजा जी अपने वचन के पक्के थे उन्होने गौ रक्षा के लिए हसंते हंसते अपने वचन वचन को निभाते हुए अपने प्राण न्यौछवर कर दिया। उन्होंने कहा की तेजाजी महाराज ने अपना पूरा जीवन लोगो की सेवा लगा दिया। शेखावत ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनो यदि किसी विषय पर दे रहे है तो वह केवल स्वदेशी का मंत्र है। उन्होंने कहा कि इन मेलो मे माध्यम से लोक फोर वोकल जो कल्पना है जो छोटी छोटी चीजें जो घरेलू उत्पाद के रूप में बनाई गई उनसे खरीद कर उनके बारे में बात करें ताकि उनको अधिकाधिक अर्थव्यवस्था का विकेंद्रीकरण हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने उपस्थित सभी दर्शकों वीर तेजा मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब यहा त्याग के देवता वीर तेजाजी महाराज की जयंती मना रहे है। उन्होंने कहा कि तेजी महाराज का जो सबको साथ लेकर चलने वाले संस्कार है वह हमें याद रखना चाहिए नहीं तो लोग आज के समय में अपनी जड़ों और पूर्वजों तक को भूल जाते हे। कार्यक्रम को विधायक रावत ने भी संबोधित किया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक शंकरसिंह रावत, जिला कलेक्टर कमलराम मीना, एसपी रतन सिंह, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया, मेला अधिकारी मनोज शर्मा, जयकिशन बल्दुआ सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजंर

### अभय पारीक को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी शिवबाड़ी मण्डल अध्यक्ष अभय पारीक के आकस्मिक निधन पर शिवबाड़ी मण्डल द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, शिव मंदिर सत्संग भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे मण्डल के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपने नेता के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा शहर जिला महामंत्री श्याम हडला, राजेन्द्र पंवार, कौशल शर्मा ने अभय पारीक के संगठन के प्रति दिए गए योगदान का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व महामंत्री अनिल शुक्ला ने उनके सदभावी व्यवहार, पर्यावरण के प्रति योगदान, सांस्कृतिक उत्सवों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका को स्मरण किया। पूर्व पार्षद संजय गुप्ता ने बूथ समितियों से लेकर मण्डल समितियों को सशक्त बनाने में उनके अभूतपूर्व योगदान का स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंद भार्गव ने भजनों की प्रस्तुति की। पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा सामूहिक गीता का पाठ किया गया। मण्डल के सुनील बरसा, दिनेश मोदी, नरेंद्र सिंह राठौड़, राजेन्द्र भाटी, दिनेश महिर्षि , सुनीता गुजर, सुधीर केवलिया, सुरेश भसीन, डॉ सिद्धार्थ असवाल, अनिरुद्ध चौधरी समेत अनेकों कार्यकर्ताओ ने भाव पूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दो मिनिट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सभा मे सुरुचि पारीक, मंजूषा भास्कर, शिखा विजय, अतुल पारीक, उमा मदान, अंजू चौहान, विजय लक्ष्मी, तमन्ना पारीक समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

### खीर चुरमा का लगाया भोग, भक्तो ने धुमधाम से चढाया नेजा तेजा मेले छाई रौनक, पुलिस प्रशासन रहा चाक चौबन्द

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** वीर तेजाजी महाराज के मेले के दौरान जन-जन में उत्साह, उमंग व आस्था का अनूठा समागम देखने को मिल रहा है। मेले के दूसरे दिन मेलार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं, लोकनृत्य एवं मेलास्थल पर झूलों का आनन्द लेने के साथ ही स्टॉलों पर खरीदारी भी की। इसके अलावा तेजा चौक पर झण्डे वालों की नारियल की रस्म भी विधिपूर्वक निभायी गई। इस प्रकार मेले में लोगों ने परिवार सहित पहुंच कर भरपूर मनोरंजन किया, साथ ही वीर तेजाजी महाराज का आशीर्वाद भी लिया। तेजाजी महाराज के मेले के दूसरे दिन सुभाष उद्यान में कबड्डी एवं वॉलीबाल खेलकूद प्रतियोागिताओं के फाईनल मुकाबले हुए। मेला में आये खेलप्रेमी लोगों ने इन प्रतियोगिताओं का रोचकता के साथ आनन्द उठाया। बीती रात हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारम्परिक ड्रेस में कलाकारों ने राजस्थानी गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओ को मन्त्र मुग्ध कर दिया। सुबह से ही वीर तेजा मेला में विभिन्न स्थानों से लोगों ने अपने लोकदेवता तेजाजी महाराज के मंदिर पर आस्था के प्रतीक झण्डे चढाएं तथा पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी। मेला अधिकारी मनोज चौहान ने बताया कि तेजादशमी को तेजा चौक स्थित थान पर झण्डे चढाए गए, झण्डे चढाने वालों को प्रति झण्डा 151 रूपये एवं नारियल की रस्म अदा कर सम्मानित किया गया। तेजाजी के थान पर श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते, ढोल-ढमाके से तेजाजी महाराज के जयकारों के बीच आस्था के प्रतीक झंडे चढ़ाए। मेले मे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी रतनसिंह, सिटी थाना प्रभारी विजयसिंह, सदर थाना प्रभारी सहित अन्य थानो के प्रभारी व पुलिस के जवानो के साथ चाक चौबन्द दिखाई दिए। मेले मे किसी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए गुप्त सीसीटीवी केमरो की नजर व सादी वर्दी मे तैनात जवान मेले मे अलर्ट दिखाई दिए।

### लोक देवता बाबा रामदेव की दसवीं पर उपनगर सुजानदेसर में भरा मेला भक्तों की लगी लंबी कतारे

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** लोकदेवता बाबा रामदेवजी की दशमी पर उप नगर सुजानदेसर के मंदिर में मंगलवार की सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी जो रात तक जारी थी। वहीं बीकानेर के अनेक मंदिरों में बाबा रामदेवजी का विशेष पूजन किया गया। बड़ा बाजार, सदर थाने के सामने, एमएम स्कूल के पास नत्थाणी सराय, वाल्मीकि बस्ती, रामदेव पार्क के पास, एमडी व्यास कॉलोनी, विश्वकर्मा गेट के सामने, चूनगरान मोहल्ले, जस्सोलाई रोड, गौतम चौक गंगाशहर, गोगागेट, रानीबाजार आदि विभिन्न मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर बाबा को धोक लगाई। नोटों की माला से तो कहीं बाबा के दरबार को रंगबिरंगी फरियां, गुलाब-गेंदा आदि फूलों और रोशनी से सजाया। अलसुबह मंदिरों में पुजारी द्वारा पूजा-आरती से आरंभ हुआ दर्शन, अनुष्ठानों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

### भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव कि खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ व महिला मोर्चा के निर्देशानुसार भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश कँवर सथाना के नेतृत्व में कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माता के प्रति अभद्र, आपत्तिजनक शब्द बोलने वाले कुंठित मानसिकता के लोगों के साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का पुतला जलाया और माँ का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान नारे लगा कर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर ऐसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन गोयर, पूर्व मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह रावत,मंडल अध्यक्ष संतोष रावत, जिला मंत्री संगीता रावत मंडल अध्यक्ष तारा सोनी, मंडल अध्यक्ष लीला रावत, मंडल अध्यक्ष पुष्पा आसवानी, आईटी प्रभारी शिखा गुप्ता, मंडल महामंत्री कंचन रावत, सुमन कंवरजी शेरगढ़, ललिता जालान, मीनू शर्मा, कांता ग्वाला, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

### शहर में बरसात का दौर जारी निचले कई इलाकों में भरा बरसाती पानी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में बरसात को दौर निरन्तर जारी है। दो दिन पहले हुई तूफानी बारिश के बाद मंगलवार को फिर तेज बरसात ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। बरसात के चलते गली मोहल्लों व सड़कों पर पानी जमा हो गया। जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ी। सुबह से ही काले बादल छाएं हुए थे। जो दोपहर करीब एक बजे जमकर बरसने शुरू हुए। आधे घंटे चली बारिश के कारण नालियां उफान पर आ गई और गंदला पानी पसर गया। वहीं नीचले इलाकों में भी बरसात का पानी जमा हो गया। मौसम विभाग ने इस सप्ताह बरसात की संभावना जताई है।

### ब्यावर यूथ सर्राफा संघ का अध्यक्ष बनें अरविंद सर्राफ यूथ सर्राफा संघ ब्यावर का कार्यकारीणी गठित

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** यूथ सर्राफा संघ ब्यावर के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में सर्वसम्मति से ब्यावर यूथ सर्राफा संघ का अध्यक्ष अरविंद सर्राफ को चुना गया। साथ ही कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। जिसमें मंत्री पद पर अरुण सर्राफ, उपाध्यक्ष विष्णु सोलीवाल, कोषाध्यक्ष विजय सर्राफ, सह मंत्री जिनेन्द्र कांकरिया, प्रचार मंत्री मनीष शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर संघ के संरक्षक अनिल सर्राफ, मुकेश कांकरिया, पूर्व अध्यक्ष मनीष सर्राफ, केशव सर्राफ, सिद्धार्थ माल, हरीश सर्राफ, धीरज सर्राफ, राकेश कांकाणी, सौरभ खींचा, अंकुर सर्राफ, शिवम सर्राफ, रिषभ चोपड़ा, सुमित सर्राफा, नवनीत सर्राफ, विजय सर्राफ सहित अन्य मौजूद रहे।

### पांचवें दिन से लेकर अनंत चतुर्दशी गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के साथ विसर्जन



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है। सनातन धर्म में इस पर्व का बेहद खास महत्व है। गणेश चतुर्थी के दिन भक्त अपने घरों और पंडालों में भगवान गणेश को विराजमान कर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं, जिसके बाद अनंत चतुर्दशी तक अलग-अलग दिन शुभ मूहर्त में गणेश विसर्जन करते हैं। नन्ही बालिका हनुश्री गुप्ता लगातार पिछले तीन वर्ष से गणेश प्रतिमा की स्थापना बड़े ही है उत्साह और उमंग के साथ करती है। समय-समय पर पूजा अर्चना प्रसाद का भोग लगाना उसका नित्य कर्म बन जाता है गण जी से विशेष से लगाओ होने के कारण इको फ्रेंडली शुद्ध मिट्टी से बने गणेश जी ही स्थापित किए जाते हैं और उन्हें शुभ मुहूर्त देखकर घर में ही विसर्जन कर दिया जाता है। गणेश जी सदैव घर में विराजमान रहे इसी मनोकामना से मिट्टी घर में लगे पौधों की गमले में मिला दिया जाता है। आज बाबा रामदेव जी की जयंती के उपलक्ष में गणेश विसर्जन पूजा अर्चना कर किया गया।

# पुष्करणा समाज के छात्र छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग की मिलेगी सुविधा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर पुष्करणा समाज कल्याण ट्रस्ट की मीटिंग हरोलाई मंदिर के पास स्थित ट्रस्ट के नवनिर्मित कन्या छात्रावास परिसर में ट्रस्ट के अध्यक्ष जगत नारायण कल्ला की अध्यक्षता में रखी गई। ट्रस्ट के सचिव रामकिसन आचार्य एवं छात्रावास भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष मोटूलाल हर्ष ने छात्रावास निर्माण पूरा होने के बारे में जानकारी दी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष राजेश चुरा ने ट्रस्ट के वित्तीय आकडे प्रस्तुत किये। वरिष्ठ ट्रस्टी जुगल किशोर ओझा ने ट्रस्ट द्वारा दी जा रही छात्रवृति एवं अन्य जनहित कार्यों से विप्र सर्व समाज के अधिकतम लाभार्थियों तक पहुंचाने का सुझाव दिया। ट्रस्टी सुशील आचार्य ने ट्रस्ट द्वारा गत वर्ष में वितरित की गई छात्रवृ?ति एवं अन्य संचालित गतिविधिय के बारे में जानकारी दी। मीटिंग में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भवर पुरोहित, केशव पुरोहित, सुभाष आचार्य, दुर्गाशंकर आचार्य, महेन्द्र चूरा एवं पूनम जोशी उपस्थित रहे। छत्रावास संचालन के लिये भंवर पुरोहित की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान भंवर पुरोहित ने बताया कि पुष्करणा समाज के छात्र छात्रों के लिए यहां पर करियर काउंसलिंग की व्यवस्था होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की समाज की बालिकों के लिए यहां आवास की सुविधा भी रहेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस कन्या छात्रावास का उद्घाटन करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आमंत्रित किया जाएगा। उनसे समय लिया जा रहा है।



### गौतम लॉ चैम्बर के अधिवक्ता विनायक चितलांगी को 2025 ग्लोबल लॉ एक्सपर्ट्स हैंडबुक में स्थान नोखा बार के अधिवक्ताओं के साथ ही समिट संयोजकों ने जताई खुशी

**नोखा (हुक्मनामा समाचार)।** गौतम लॉ चैम्बर के अधिवक्ता विनायक चितलांगी को भारत में रियल एस्टेट विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु 2025 ग्लोबल लॉ एक्सपर्ट्स (जी एल ई) मैनेजमेंट हैंडबुक में शामिल किया गया है। ग्लोबल लॉ एक्सपर्ट्स हैंडबुक अब अपने 13वें वार्षिक संस्करण में प्रकाशित हो रहा है। यह एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रकाशन है, जिसमें 100 से अधिक देशों और 50+ विधिक क्षेत्रों के शीर्ष अधिवक्ताओं को शामिल किया जाता है। यह हैंडबुक प्रिंट और डिजिटल दोनों स्वरूपों में उपलब्ध होगी और इसे दुनिया भर के कंपनी निदेशकों, बहुराष्ट्रीय व्यवसायों, इन-हाउस काउंसिल, अधिवक्ताओं, लेखाकारों और वित्तीय सलाहकारों तक पहुँचाया जाएगा। इस उपलब्धि पर एडवोकेट विनायक चितलंगी ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि गौतम लॉ चैम्बर की उस दृष्टि का परिणाम है जिसमें राजस्थान और भारत को कानूनी रूप से संरचित निवेश, रियल एस्टेट विकास और वित्तीय पुनर्गठन का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा है। हमारा लक्ष्य ग्राहकों को कानूनी रूप से लागू होने वाले, पारदर्शी और सतत समाधान उपलब्ध कराना है। यह सम्मान मिलने पर अधिवक्ता रवैल भारतीय बीकानेर, सुशील सैनी, आशाराम सियोल, अनिल सोनी आदि ने खुशी जताई।

# स्टोन फैक्ट्री में 40 दिन में 6 बार चोरी, नामजद होने के बावजूद पुलिस ने नहीं पकड़े आरोपी

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** रीको एरिया में स्थित एफएस स्टोन कटिंग फैक्ट्री में पिछले 40 दिनों में 6 बार चोरी हुई है। फैक्ट्री मालिक रामनिवास फौजी ने खुद जांच कर चोरों का पता लगाया। सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक नाबालिग पकड़ा गया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि लाल दरवाजा के अन्नी जाटव और खूंटा जाटव उसे 100 रुपए देकर चोरी करवाते थे। चोरी का माल सब्जी मंडी के पीछे छिपाया जाता था। इसे कबाड़ी चरन सिंह और ज्ञानी खरीद लेते थे। चोरों ने फैक्ट्री से करीब 5 लाख रुपए का सामान चुराया। इसमें स्टोन कटिंग बिट, सेगमेंट, 25 गिरारी, पीतल का बुरादा, 10 मोटरें, गैस सिलेंडर और 10 टन लोहे का कबाड़ शामिल था। पहली चोरी 22 जुलाई को हुई। फिर 27 जुलाई, 2 अगस्त और 6 अगस्त को चोरी हुई। मालिक ने 8 अगस्त को नाबालिग और कबाड़ी ज्ञानी को पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने दोनों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। अगले दिन 9 अगस्त को फिर चोरी हुई। एएसपी के आदेश पर 18 अगस्त को एफआईआर दर्ज की गई। इसमें अन्नी जाटव, खूंटा जाटव और दोनों कबाड़ियों के नाम दर्ज किए गए। पुलिस की निष्क्रियता का नतीजा यह हुआ कि 30 अगस्त को एक बार फिर फैक्ट्री में चोरी हुई। आज तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। हैड कांस्टेबल हंसराज नोनिया ने बताया कि एफआईआर में नामजद दोनों मुख्य आरोपी अन्नी और खूंटा की लोकेशन ट्रेस किया जा रहा है। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



### 85 लाख की अवैध शराब पकड़ी एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला पुलिस की स्पेशल टीम व बीकानेर जिले के नापासर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 85 लाख की अवैध शराब पकड़ी है। एसपी कावेन्द्र सागर के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में पंजाब निर्मित शराब की 92 पेटियां जब्त की गई। बताया जा रहा है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ट्रक का पीछा करके नाकाबंदी करते हुए आरोपी बाड़मेर निवासी मनोहर सिंह को पकड़ा। कार्रवाई करने वाली टीम में नापासर थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार,डीएसटी के एएसआई दीपक यादव,एएसआई जगदीश कुमार व कास्टेबल रामकुमार भादू शामिल रहे।

# परिवर्तनी एकादशी परआज निकलेगा ठाकुर का डोला, विदेशी भक्त करेंगे संकीर्तन

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** परिवर्तनी जलझूलनी एकादशी पर बुधवार को कस्बे के बिहारीजी मंदिर से बैंडबाजों के साथ ठाकुरजी का डोला निकाला जाएगा। ठाकुरजी को डोले में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। मंदिर महंत सतीश तिवारी ने बताया कि डोला यात्रा में वृन्दावन व जयपुर के कृष्ण बलराम संकीर्तन ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें विदेशी महिला पुरूष भक्त भी शामिल होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रंखला में मंगलवार शाम श्रद्धालुओं की ओर से मंदिर परिसर में दीपदान किया गया। 1100 दीपकों से राधा लिखा गया और सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया। बुधवार को सुबह ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक व एकादशी भोग सेवा, इत्र सेवा, फूल बंगला श्रृंगार होगा। इस दौरान भक्तमण्डल के शैलेंद्र भावरा, दिनेश शर्मा, बृजेश तिवारी, लोकेश शर्मा, देवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



# मुक्ताप्रसाद नगर थाना इलाके में सोमवार की देर रात दो पूर्व पार्षदों के बीच आपसी विवाद के बाद हुई पत्थर बाजी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के मुक्ताप्रसाद नगर थाना इलाके में दो पूर्व पार्षदों के बीच आपसी विवाद सामने आया है। जिसके चलते दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के घर पर पत्थरबाजी की गई है। वहीं फिल्मी स्टाइल में कैम्पर गाड़ी ने जीप को जबरदस्त टक्कर भी मारी है। बताया जा रहा है कि रामपुरा बस्ती में पिछली सोमवार की देर रात को दो पक्षों में विवाद हो गया। एक-दूसरे के घरों में पत्थर फेंके। घटना का पता चलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। सीओ सिटी श्रवणदास संत ने बताया कि रामपुरा बस्ती में एक नंबर गली में दीपक अरोड़ा का मकान है।उससे कुछ दूरी पर अब्दुल वाहिदं उर्फ बबलू गैरसरिया के साले का मकान है। सोमवार शाम को दीपक अरोड़ा और अब्दुल वाहिद के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। तू-तु, मैं-मैं. से शुरू हुआ विवाद झगड़े में तब्दल हो गया। अब्दुल वाहिद के साथी उसके साले फिरोज के घर पर एकत्रित हो गए वहीं दूसरी ओर दीपक के साथी उसके साथ थे। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने. एक-दूसरे पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। सीओ संत ने बताया कि अब्दुल वाहिद व अन्य ने दीपक अरोड़ा की जीप को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। विवाद का पता चलने पर मुक्तप्रसाद थानाधिकारी विजेन्द्र सीला मय जाब्ते मौके पर पहुंच गए। इस संबंध में देररात तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया है। दोनों में आपसी राजनीतिक रंजिश, मोहल्ले में दहशत सीओ सिटी संत ने बताया कि दीपक व अब्दुल वाहिद में राजनीतिक वर्चस्व को लेकर रंजिश चल रही है। बीच किसी बात को लेकर बहस हुई।

सोमवार शाम को फिर दोनों आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों में विवाद होने पर देखते ही देखते एक-दूसरे पर पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिससे मोहल्ले में दहशत का माहौल हो गया। लोगों ने खुद को घरों में बंद कर लिया। तीन शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार सीओ सिटी संत ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था को संभाला। पुलिस के सामने ही बार-बार झगड़ा करने पर उतारू होने पर दीपक अरोड़ा, उसके साथीक निर्मल देवड़ा और दूसरे पक्ष के फिरोज को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।